# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, 18 जून 2025 बुधवार • वर्ष : 09 • अंक : 32 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1576 :** महाराणा प्रताप और मुगल साम्राज्य का शासक अकबर के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।

**1812 :** अमेरिका और ब्रिटेन के बीच युद्ध शुरू हुआ।

**1887 :** भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, वकील, राजनीतिज्ञ तथा आधुनिक बिहार के निर्माता अनुग्रह नारायण सिन्हा का जन्म हुआ।

**1946 :** डॉ राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।

**1956 :** हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को पारित हुआ।

# झारखंड में जमीन सर्वे के लिए नई तकनीक का होगा इस्तेमाल

## हाईकोर्ट में सरकार ने दी जानकारी | तीन टीमें सीख रहीं बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की तकनीक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में राज्य में जमीन सर्वे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जमीन सर्वे की तकनीक बिहार सहित तीन राज्यों से आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया तेज करने कहा है। अदालत ने कहा कि नई तकनीक के जरिए जमीन सर्वे के काम में तेजी लाने का निर्देश देते हुए अद्यतन जानकारी मांगी है। मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। सुनवाई दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि जमीन सर्वे के लिए तीन टीम बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की तकनीक सीख रही है। पिछले दिनों एक टीम आंध्र प्रदेश में हुए कांफ्रेंस में शामिल होकर तकनीक को अपडेट किए जाने की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, दो अन्य टीम बिहार एवं कर्नाटक से जमीन सर्वे की नई तकनीक सीखेगी, जिससे जमीन सर्वे के तकनीक को झारखंड में भी अपग्रेड कर काम में तेजी लाई जाएगी। पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में जमीन सर्वे की तकनीक काफी पुरानी है, इसलिए सर्वे करने में परेशानी आ रही है। इस पर कोर्ट ने भूमि राजस्व सुधार विभाग के प्रधान सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि जमीन सर्वे पूरा करने के लिए अमीन सहित अन्य कर्मियों की कब तक नियुक्ति कर ली जाएगी। अदालत ने पूछा था कि सर्वे के लिए पुराने तकनीक को कब तक एडवांस किया जाएगा और जमीन सर्वे कब तक पूरा होगा? कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी की थी कि सर्वे समय से पूरा होने से आम लोगों की जमीन सहित सरकार के जमीन की सुरक्षा संभव हो पाएगी। तब सरकार की ओर से बताया गया था कि झारखंड में जमीन सर्वे का काम चल रहा है। कुछ जिलों में सर्वे का काम पूरा हो गया है। अमीन के कई पद रिक्त हैं। सर्वे के लिए तकनीकी कर्मचारियों की कमी के कारण सर्वे कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। इस संबंध में प्रार्थी गोकुल चंद की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 1932 में भूमि का सर्वे हुआ था। झारखंड में 1975 से भूमि सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हुआ था, जो अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। सर्वे नहीं होने की वजह से सरकारी और वन भूमि को बेचा जा रहा है।




# राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेलवे बोर्ड ने 25 कर्मियों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ कोलकाता।** रेल भवन में रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 155वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सदस्य (परिचालन व व्यावसायिक विकास) हितेंद्र मल्होत्रा ने की। उन्होंने बैठक में राजभाषा पत्रिका 'रेल राजभाषा' के 141 वें अंक का विमोचन किया। साथ ही 'रेलबानी' (भारतीय रेल- क्षेत्रीय भाषाओं का मेल) पुस्तिका का भी विमोचन किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने रेलवे बोर्ड के राजभाषा निदेशालय द्वारा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यक्रमों के प्रति संतुष्टि व्यक्त की और यह सुझाव दिया कि बैठक में हिंदी साहित्यकारों की कृतियों एवं हिंदी साहित्य में उनके योगदान संबंधी प्रस्तुतीकरण भी दिखाया जाए, जिससे सदस्यों को हिंदी साहित्य की जानकारी प्राप्त हो। इस अवसर पर सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल ने समिति के सदस्यों को राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कार्य करने का सुझाव दिया। सदस्य (कर्षण व चल स्टॉक) बी एम अग्रवाल ने कहा कि राजभाषा का प्रयोग हमारा संवैधानिक दायित्व है। अतः सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग संबंधी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनवरत प्रयास करते रहने की सलाह दी। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की अनिवार्यता का उल्लेख किया। अपर सदस्य (मानव संसाधन) वी जी भूमा ने अपने स्वागत भाषण से बैठक का शुभारंभ किया और कार्यपालक निदेशक, स्थापना (श्रम कानून) सुधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस बैठक में मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए रेलवे बोर्ड एवं अधीनस्थ उपक्रमों में राजभाषा निष्पादन की समीक्षा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी ने मचाया आतंक

**लातेहार (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में एक जंगली हाथी ने दहशत फैला दी। माल्हन पंचायत के टोला केकराही में मंगलवार रात दो बजे हाथी ने दो घरों को नुकसान पहुंचाया। हाथी ने रामकिशुन गंझू और उनके भाई रामचंद्र गंझू के घरों की बाउंड्री और दीवारें तोड़ दीं। घटना के समय दोनों परिवार घर में सो रहे थे। शोर सुनकर सभी ने पिछले दरवाजे से भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित परिवार के अनुसार यह हाथी पहले भी तीन बार उनके घरों पर हमला कर चुका है। ग्रामीणों ने स्थानीय तरीके से हाथी को जंगल की ओर भगा दिया। उनका कहना है कि गांव में अंधेरा रहने के कारण ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं। स्ट्रीट लाइट की मांग कई बार की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिजली की व्यवस्था भी ठीक नहीं है।

### इंदौर में कोरोना से दो मरीजों की मौत

**इंदौर (नबिटा ब्यूरो)।** देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नए वैरिएंट से अब तक 109 मौतें हुई हैं। केरल में सबसे ज्यादा 35 लोगों ने जान गंवाई है। महाराष्ट्र में 29 की मौत हुई है। इंदौर में सोमवार को इलाज के दौरान 2 कोविड मरीजों की मौत हो हुई। दोनों मरीज खरगोन और रतलाम जिले के थे। इंदौर में 71 एक्टिव केस हैं। बीते 24 घंटे में 2 नए मामले आए हैं। जून में अब तक 106 केस दर्ज हुए हैं। देशभर में एक्टिव केसों की संख्या घटकर 6836 पहुंच गई है। 6 दिन में एक्टिव केस 285 कम हुए हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला, जबकि 428 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1659 एक्टिव केस हैं।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पतरातू में बावनधारा खटाल के पास बोलेरो और बाइक की सीधी भिड़ंत हुई। हादसे में होंडा सीबी होर्नेट बाइक पर सवार रोहन करमाली (19) की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी आदर्श उरांव (15) को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू ले जाया गया। दोनों युवक रंका चोरधारा भदानी नगर ओपी के रहने वाले थे। वे कटिया मंडा पूजा से अपने घर लौट रहे थे। बोलेरो और बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### करंट लगने से प्रधानाध्यापक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक दुखद घटना सामने आई है। सुरसांग थाना क्षेत्र के रेंगोला गांव में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीरकेरा के 28 वर्षीय प्रधानाध्यापक गजेंद्र किसान की बिजली के करंट से मौत हो गई। घटना के समय प्रधानाध्यापक अपने घर की बिजली ठीक करने के लिए ट्रांसफॉर्मर पर चढ़े थे। मेन लाइन की मरम्मत करते समय उन्हें 11 हजार वोल्ट का करंट लग गया। वे तार से चिपक गए और उनका शरीर जलने लगा।

# बीडीओ पर एफआईआर से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ नाराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** पंचायत सेवक (सचिव) की मौत के बाद डुमरी बीडीओ समेत चार के खिलाफ प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब इस एफआईआर के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने सीधे तौर पर नाराजगी जाहिर की है। इस मुद्दे को लेकर संघ की महत्वपूर्ण बैठक उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी की अध्यक्षता में हुई। डुमरी प्रखंड में हुई बैठक में पंचायत सेवक की आत्महत्या प्रकरण के संबंध में बिंदुवार चर्चा की गई। इस बैठक में डुमरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मामले में नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किये जाने पर रोष एवं क्षोभ प्रदर्शित किया गया। जिसमें कहा गया है कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश के बावजूद भी बिना प्रशासी विभाग की अनुमति के प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऐसे में थाना प्रभारी के विरुद्ध उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन देकर कारवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से निर्गत निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, जिला इकाई के स्तर से केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजने का भी निर्णय लिया गया है। इस बैठक में ये निर्णय हुआ है कि केंद्रीय समिति से अनुरोध किया जाएगा कि सभी प्रशासी विभाग, विशेषकर पुलिस संस्थानों से उक्त पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए। आवेदन की प्रति मुख्यमंत्री के साथ साथ इसकी प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्त और उपायुक्त को भेजी जाएगी। इस बैठक में कहा गया कि नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा पर्यवेक्षण या अनुश्रवण के क्रम में कही गई बातों को प्रताड़ना माना जाएगा तो जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा कि जाने वाली समीक्षा बैठक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# अहमदाबाद विमान हादसे की साइट से मिला 800 ग्राम सोना

**अहमदाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जाने वाली फ्लाइट जहां क्रैश हुआ था, वहां से 80 तोला (800 ग्राम) गोल्ड, 80 हजार क्रैश, एक मोबाइल फोन, भगवद गीता की कॉपी, 9 पासपोर्ट्स और दूसरा सामान बरामद हुआ। घटना के दौरान मौके पहुंचे शख्स राजेश पटेल के मुताबिक- जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां अंधेरा था। मलबे में एक मोबाइल मिला, एक लैपटॉप भी है। इसके अलावा जेवर, नकदी, पासपोर्ट्स मिले हैं। इन सबको सरकारी अधिकारियों के पास जमा कराया गया है। 4-5 बैग भी सौंपे हैं। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने 15 जून को कहा था कि घटनास्थल से जो सामान रिकवर किया गया है उसका डॉक्यूमेंटेशन किया जा रहा है। इसके बाद मृतकों से जुड़ा सामान उनके परिजनों को लौटाया जाएगा। 12 जून की दोपहर प्लेन क्रैश हुआ था।

# शहीद जवान सुनील धान के आश्रितों को 2.66 करोड़ की मिली वित्तीय मदद

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिजनों को दी सांत्वना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद जवान सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 1 करोड़ 20 लाख रुपए का चेक वित्तीय सहायता के रूप में सौंपा। गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए उनके बैंक अकाउंट में क्रेडिट किए गए। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को वे नमन करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन, 29 वर्षीया पत्नी गंदरी धान एवं दो पुत्र प्रियांश धान (5 वर्ष) तथा अनिकेत धान (3 वर्ष) सहित अन्य परिजनों ने संवाद कर पारिवारिक स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी। मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीया माता फगनी उरांइन ने कहा कि खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड की कांटी पोहरा टोली में उनका पुश्तैनी घर है, जहां आय के लिए खेतीबाड़ी का साधन उपलब्ध है। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार का लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किए जाए। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि पेंशन राशि दिए जाने से संबंधित प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगले महीने से संबंधित परिजनों को पेंशन राशि मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

# तीन जुलाई को होगा रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के नवनिर्मित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन आगामी 3 जुलाई 2025 को होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इसका उद्घाटन किया जायेगा। इससे पूर्व 19 जून को उद्घाटन की तिथि तय की गयी थी, लेकिन मंत्री नितिन गडकरी के व्यस्त कार्यक्रम के कारण तिथि आगे बढ़ायी गयी है। 19 जून को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ था। बताया जा रहा है कि 19 जून को मंत्री किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में उद्घाटन समारोह के लिए उनका रांची आना संभव नहीं है। इसी कारण उद्घाटन की तिथि आगे बढ़ायी गयी है। अब 3 जुलाई को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन होगा। 3.57 किमी लंबा रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर 400 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ है। कभी रातू रोड में नागाबाबा खटाल से पिस्का मोड़ तक करीब 2.5 किमी का सफर पूरा करने में आधा से 1 घंटा का समय लगता था। लेकिन एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिये अब यह सफर महज 7 मिनट में पूरा हो पायेगा। एलिवेटेड कॉरिडोर को बनाने में कुल 26 महीनों का समय लगा है। कॉरिडोर का रैंप 600 मीटर लंबा है। इसका निर्माण कार्य नवंबर 2022 में शुरू हुआ था। उस वक्त जनवरी 2025 यानी करीब 22 महीने में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन, जमीन अधिग्रहण और कुछ अन्य तकनीकी कारणों से एलिवेटेड कॉरिडोर को पूरा होने में निर्धारित समय से लगभग 4 माह का ज्यादा समय लगा।



# वज्रपात से मां-बेटी सहित तीन की मौत

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नबिटा ब्यूरो।** पलामू जिले में वज्रपात से मां-बेटी समेत 3 लोगों की मौत हो गयी। एक साथ 3 मौत से कोहराम मच गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के चांदो गांव में हुई। भुईयां राजा टोला के गुदन सिंह की 60 वर्षीया पत्नी सरस्वती देवी और 25 वर्षीय पुत्री रूपा देवी की मंगलवार को वज्रपात से मौत हो गयी। घटना मंगलवार को दोपहर करीब 12:15 बजे की है। इस संबंध में गुदन सिंह ने बताया कि बारिश हो रही थी। दोनों मां-बेटी कच्चे घर के दरवाजे पर बैठी थी। वह उनके साथ ही दरवाजे के अंदर बैठा था तभी अचानक घर के सामने लगभग 10 मीटर की दूरी पर बहुत तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ। इससे मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ प्रदान करने को लेकर डीसी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी देय लाभ सुविधा प्रदान करने को लेकर उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। इसमें सर्वप्रथम डीसी ने सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की जानकारी ली, बताया गया कि कुल 8 आत्मसमर्पित नक्सलियों को आत्मसमर्पण के बाद शेष देय राशि नियमानुसार दी जानी है। उन्होंने बताया कि 3 आत्मसमर्पित नक्सली को आवास हेतु जमीन भी उपलब्ध करवा दिया गया है। इस पर डीसी ने शेष पांच नक्सलियों को भी गृह निर्माण हेतु 4 डिसमिल जमीन देने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए उन्हें आवास उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सामान्य शाखा प्रभारी को अपर समाहर्ता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने बकाया राशि के संबंध में जानकारी ली, बताया गया कि पुनर्वास पैकेज व गृह निर्माण के बकाया राशि को लेकर सरकार से पत्राचार किया गया है। उपायुक्त ने सामान्य शाखा प्रभारी को आत्मसमर्पित नक्सलियों का बीमा कराने, उनके बच्चे के शिक्षा में सहयोग करने, कानूनी लड़ाई में सहायता प्रदान करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीसी ने डीडीसी को आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना से भी जोड़ने को लेकर निर्देशित किया। डीसी ने कहा कि अगली बैठक से पूर्व सभी को बीमा से लाभान्वित करने की बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने जेनेरल सेक्शन से जारी होने वाले चरित्र प्रमाण पत्रों की जानकारी लेते हुए सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों को ससमय निर्गत करने की बात कही। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रोबेशनर आईएएस, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, विशेष शाखा के डीएसपी, लोक अभियोजक समेत अन्य उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### युवक को पीठ में लगी गोली पेट से होकर निकली

#### बांका में अपराधियों ने बाजार से दवा खरीदकर लौटने के दौरान किया हमला

**बांका, एजेंसी।** बांका में युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। घटना धोरैया थाना क्षेत्र के धोरैया-पंजवारा स्टेट हाईवे पर हुई। घायल की पहचान बेलडीहा गांव निवासी मोहित मिश्रा( 25 ) के रूप में हुई है। वो धोरैया बाजार से दवा खरीदकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पुलिया के पास पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उस पर हमला कर दिया। गोली मोहित की पीठ में लगी और पेट से होकर बाहर निकल गई। अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल मोहित को गश्त कर रही डायल 112 की टीम ने देखा। पुलिस तुरंत उन्हें धोरैया अस्पताल ले गई। डॉक्टर मेनका ने मोहित की गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना का कारण पुरानी रंजिश होने की आशंका है। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

### पाटलिपुत्र-गोरखपुर के बीच 20 जून से चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

#### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे



**पटना, एजेंसी।** पाटलिपुत्र-गोरखपुर वाया बेतिया वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पाटलिपुत्र जंक्शन से चलेगी। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी। शनिवार को यह ट्रेन बंद रहेगी। 20 जून को इस ट्रेन का उद्घाटन पाटलिपुत्र जंक्शन से किया जाएगा। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। यह ट्रेन आठ कोच की होगी। इसमें दो प्रकार के कोच होते हैं। एग्जीक्यूटिव चेयर कार और एसी चेयर कार है। गोरखपुर वाया बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर होते हुए पटना के लिए भी वंदे भारत चलेगी। इसका उद्घाटन पीएम मोदी द्वारा किए जाने की संभावना है। हालांकि, रेलवे प्रबंधन ने वंदे भारत के परिचालन को लेकर समय-सारणी तय होने की पुष्टि नहीं की है। बताया जाता है कि वंदे भारत एक्सप्रेस का गोरखपुर से पटना के बीच आठ स्टेशनों पर ठहराव की संभावना है। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने कहा कि वंदे भारत परिचालन को लेकर अधिसूचना जारी की गई है। टाइम टेबल अभी जारी नहीं किया गया है।

### श्रावणी मेला के दौरान संरचना निर्माण पर रहेगी रोक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिला प्रशासन ने श्रावणी मेले के दौरान शहर के कांवरिया पथ में किसी भी निर्माण गतिविधि पर रोक लगा दी है। कांवरियों की सुविधा के लिए निर्माण गतिविधि से पहले एसडीओ की अनुमति अनिवार्य होगी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने श्रावणी मेले को लेकर विभिन्न पक्षों के साथ आयोजित बैठक में यह आदेश दिया है। बैठक में डीएम सुब्रत कुमार सेन व एसएसपी सुशील कुमार ने सभी पक्षों की बातें सुनी और जरूरी निर्देश दिये। डीएम ने मेले की तैयारी के लिए कार्य योजना बनाने और उसके लिए जरूरी कमेटियों के गठन का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को मेले के आयोजन से संबंधित उत्तरदायित्व देने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि श्रावणी मेले के दौरान कई जगहों पर अनधिकृत रूप से झूले, मौत का कुआं एवं कई अन्य मनोरंजक गतिविधि के लिए अवैध संरचना का निर्माण होता है जो गैर कानूनी है। इसके लिए सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। बिना अनुमति संरचना निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी के बगल में बैनर-पोस्टर किसी भी स्थिति में नहीं लगे, इसका ध्यान रखा जाए। डाक बम को चिह्नित करने का विशेष निर्देश बैठक में डीएम ने कहा कि डाक बम को चिह्नित करने के लिए रिस्ट बैंड दिए जाते हैं, लेकिन कई लोग डाक बम नहीं होते फिर भी रिस्ट बैंड ले लेते हैं। यह व्यवस्था सुनिश्चित करना होगा। मेले के दौरान डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। बैठक में नगर आयुक्त विक्रम विरकर, अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा, एसडीओ पश्चिम श्रेयाश्री एसडीओ पूर्वी अमित कुमार, उदय शंकर सिंह, शिक्षक गोपाल फलक, मंदिर के प्रधान पुजारी विनय पाठक, समाजसेवी केपी पप्पू सहित कई अधिकारी और समाजसेवी थे।

# समस्तीपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में सीट अवेलेबल नहीं: छुट्टी में बाहर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ी



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर रूट पर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं है। जिससे गर्मी की छुट्टी में बाहर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। 100 वेटिंग के बाद नो रूम शो कर रहा है। पहले टिकट काउंटर से वेटिंग टिकट लेकर यात्री स्लीपर क्लास में यात्रा कर सकते थे, लेकिन नए नियम के तहत अब वह यात्रा नहीं कर पाएंगे। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया, पहले ट्रेनों में 400 तक वेटिंग टिकट काटा जाता था। नए नियम के तहत अब कुल सीट का 25प्रतिशत ही वेटिंग टिकट काटा जाएगा। ताकि अधिकतर लोगों का टिकट कंफर्म हो सके। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आपका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक होना चाहिए। 15 जुलाई से बुकिंग के समय ओटीपी वेरिफिकेशन भी अनिवार्य होगा।

### 1 जुलाई से आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से लिंक होना जरूरी

इन नियमों का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और रेलवे में यात्रा को अधिक व्यवस्थित बनाना है।

### नियम में बदलाव से बढ़ी परेशानी

वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों को अब आरक्षित कोचों( स्लीपर और एसी ) में यात्रा करने की अनुमति नहीं है। यदि उनका टिकट चार्ट बनने के बाद भी कंफर्म नहीं होता है। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे जुर्माना भरना होगा। एसी कोच के लिए जुर्माना 440 रुपए और स्लीपर कोच के लिए 250 रुपए है। इसके साथ ही आपको अगले स्टेशन तक का किराया भी देना होगा।

### चार्ट बनने के समय में भी बदलाव

रेलवे ने चार्ट बनने का समय भी बदल दिया है। अब चार्ट ट्रेन रवाना होने से 24 घंटे पहले बनाया जाएगा। जिससे यात्रियों को अपनी टिकट की स्थिति के बारे में पहले से जानकारी मिल सके। पहले चार घंटा पहले चार्ट तैयार किया जाता था। टिकट कंफर्म नहीं होने पर रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। रेलवे पूरा पैसा वापस करेगी।

# मोतिहारी में पति-पत्नी विवाद में पुलिस पर हमला

### महिला थाना में काउंसलिंग के दौरान लड़की पक्ष ने किया हंगामा

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में पति-पत्नी विवाद को समझाने के दौरान महिला थाने में हिंसक झड़प हो गई। लड़की पक्ष ने पहले लड़के पक्ष पर और फिर पुलिस पर हमला कर दिया। इस घटना में महिला थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। लड़की पक्ष लखौरा थाना क्षेत्र का और लड़का पक्ष बरगिनिया का रहने वाला है। दोनों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए महिला थाने में काउंसलिंग की जा रही थी।

### काउंसलिंग के दौरान भड़का लड़की पक्ष

काउंसलिंग के दौरान कहासुनी बढ़ गई। लड़की पक्ष के लोग पहले लड़के पक्ष से भिड़ गए। पुलिस ने जब बीच-बचाव की कोशिश की तो उन पर भी हमला कर दिया।



सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस और सदर एएसपी शिवम धाकड़ मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया। हंगामा करने वाले पांच लोगों को हिरासत में लेकर नगर थाना ले जाया गया।

### 5 लोगों से पूछताछ जारी

सदर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाने के उद्देश्य से काउंसलिंग चल रही थी। इस दौरान लड़की पक्ष के लोगों ने न सिर्फ लड़का पक्ष पर हमला किया, बल्कि पुलिसकर्मियों के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की। फिलहाल पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 10 शहरों में खोले जाएंगे बिहार फाउंडेशन के चैप्टर



**पटना, एजेंसी।** बेंगलुरु, पुणे समेत देश के 10 बड़े शहरों में बिहार फाउंडेशन के चैप्टर स्थापित किए जाएंगे। इसका मकसद हमारी सांस्कृतिक पहचान को ब्रांड बिहार के रूप में स्थापित करना है। राज्य के उपमुख्यमंत्री और बिहार फाउंडेशन के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बताया कि सूरत, बेंगलुरु, पुणे, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, चंडीगढ़, लुधियाना, कोयंबटूर एवं गुवाहाटी जैसे देश के 10 बड़े शहरों में बिहार फाउंडेशन का एकीकृत केंद्र खोलने की योजना है।

इनकी स्थापना तथा संचालन पर सरकार दो साल में 29.87 करोड़ रुपए खर्च करेगी। ओमान में भी बिहार फाउंडेशन का नया चैप्टर खोला जा रहा है। यह चैप्टर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने के साथ-साथ राज्य के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास में भूमिका निभाएगा। बिहार फाउंडेशन के अबतक 30 चैप्टर्स हैं। इनमें से देश में 14 चैप्टर हैं तथा 16 चैप्टर विदेशों में हैं।

### बिहार फाउंडेशनके चैप्टर क्या हैं

बिहार फाउंडेशन के चैप्टर के माध्यम से इन्फॉर्मेशन सेंटर्स स्थापित किए जाते हैं। ये केंद्र बिहार की कला, संस्कृति, शिल्प, वस्त्र, पर्यटन और औद्योगिक योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेश स्थल के रूप में प्रचारित करते हैं। ये केंद्र अंतरराष्ट्रीय और भारतीय व्यापार संगठनों से समन्वय स्थापित कर भी काम करते हैं।

## जिलाधिकारी ने गुलाब देकर किया स्वागत

# गयाजी में हज यात्रियों की वापसी: 2 दिन में 272 हाजी स्वदेश लौटे

**गया, एजेंसी।** बिहार में हज यात्रियों की वापसी शुरू हो गई है। गयाजी एयरपोर्ट पर पिछले 2 दिनों में 272 हज यात्री लौटे हैं। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने गुलाब का फूल देकर सभी का स्वागत किया। शनिवार रात 10: 30 बजे 147 और रविवार रात 8: 30 बजे की फ्लाइट से 138 हज यात्री लौटे हैं। हाजियों की वापसी के दौरान बड़ी संख्या में परिजन एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस वजह से ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। पार्किंग स्थल पर भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था थी। एयरपोर्ट पर महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

नगर परिषद बोधगया को एयरपोर्ट परिसर की सफाई के लिए अतिरिक्त मजदूर लगाने को कहा गया था। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर, पैरा मेडिकल टीम एंबुलेंस के साथ तैनात रही। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर हज कमेटी, नगर परिषद और एयरपोर्ट प्रबंधन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। एयरपोर्ट निदेशक, सीआईएसएफ डिप्टी कमांडेंट, बिहार हज कमेटी के सीईओ और अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान हाजियों की सकुशल वापसी पर परिजनों में खुशी का माहौल दिखा।



### जिलाधिकारी ने दिए थे निर्देश

इससे पहले शनिवार को जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट पर तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। अधिकारियों को सभी हाजियों को बेहतर सुविधा देने को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि एयरपोर्ट पर शुद्ध पेयजल, साफ-सुथरे शौचालय, स्नानागार, कूलर, रौशनी, वजूखाना और नमाजगाह की समुचित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संख्या मजदूरों को काम पर लगाने के लिए कहा था।

# सीबीएसई स्कूलों में 21 को योग दिवस मनेगा, डिबेट व क्विज के इवेंट होंगे




**पटना, एजेंसी।** सीबीएसई से एफिलिएटेड स्कूलों में 21 जून को इंटरनेशनल योग दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर बोर्ड की बेवसाइट पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सीबीएसई के एकेडमिक डायरेक्टर की ओर से जारी लेटर में कहा गया है कि यूनाइडेट नेशन ने 21 जून को इंटरनेशनल योग डे के रूप में घोषित किया है। साल 2015 से यह दिन दुनिया भर में मनाया जाता है। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एसी झा ने बताया कि योग पुराने विषयों में से एक है जो भारत द्वारा दुनिया को दिया गया है। इसलिए सीबीएसई के सभी स्कूलों में इसे मनाने को लेकर दिशा-निर्देश बोर्ड की ओर से जारी किए गए हैं। इसके लिए सीबीएसई ने लिंक भी जारी किया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन मिनिस्ट्री ऑफ आयुष ऑन माई गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। इसके जरिए योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। सीबीएसई की तरफ से स्कूलों को कहा गया है कि वे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के बाद उसकी रिपोर्ट भी बोर्ड को सौंपे। सीबीएसई ने स्कूलों को रिपोर्ट के साथ योग दिवस कार्यक्रम की फोटो भी अपलोड करने को कहा है। इसके अलावा स्कूलों को अपनी वेबसाइट पर भी योग दिवस के कार्यक्रम की जानकारी अपलोड करना होगा।

### ये कार्यक्रम होंगे

सीबीएसई के अनुसार सभी स्कूलों में डिबेट, निबंध, क्विज, स्लोगन लेखन या योग पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता, संगीत या कोई अन्य आर्ट इंटीग्रेटेड इवेंट या फेस्ट कराना होगा। इसके अलावे बच्चों में योग के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए कोई भी गतिविधि आयोजित करानी होगी। वहीं कार्यक्रम में पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। सुबह सात से आठ बजे से एक साथ योग प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम के बाद सीबीएसई की तरफ से दिए गए लिंक पर फोटोग्राफ अपलोड करनी होगी।

# रेल के बाद अब पटना में दौड़ेगी वॉटर मेट्रो मोदी सरकार के मंत्री का बड़ा ऐलान

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने पटना को जलमार्ग क्षेत्र के हब के रूप में विकसित करने और यहां गंगा नदी में वाटर मेट्रो शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बिहार में जलमार्ग को विकसित करने की संभावना तलाशने को एक माह के भीतर टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। उधर, जल मार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, वाटर मेट्रो के लिए फिजिबिलिटि रिपोर्ट तैयार की जा रही है। डेढ़-दो सालों में यह सेवा शुरू होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने सोमवार को यहां ज्ञान भवन में जल मार्ग मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यशाला में ये घोषणाएं कीं।

सोनोवाल ने कहा कि गंगा, सोन, गंडक और कोसी नदी में जलमार्ग की संभावनाओं का पता लगाने को गठित किये जाने वाले टास्क फोर्स में जलमार्ग मंत्रालय, अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ ही बिहार सरकार के अधिकारी भी होंगे। उसकी रिपोर्ट पर केंद्र सरकार अमल करेगी। उन्होने कहा कि पटना में अवस्थित एनआईएनआई कार्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तौर पर विकसित किया जाएगा। 16 और जेटी बनेंगे। बिहार में जलमार्ग की असीम संभावनाएं हैं। अभी राज्य में 479 करोड़ की योजनाओं पर काम हुआ है। अब पटना में 50 करोड़ की लागत से शिप रिपेयर केंद्र खोला जाएगा। अरबन वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट पर काम करने का प्रस्ताव है। छह करोड़ की लागत से आरओ-पैक्स टर्मिनल विकसित होगा। गंडक और कोसी नदी में जलमार्ग विकसित होगा।



इसके लिए डीपीआर बनाई जाएगी। त्रिवेणी घाट पर चार करोड़ की लागत से दो जेटी बनाया जाएगा। आपको बता दें वाटर मेट्रो एक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली है जो इलेक्ट्रिक बोट्स का उपयोग करके पानी के ऊपर चलती है। देश में पहली वाटर मेट्रो केरल के कोच्चि में शुरू किया गया है। 25 अप्रैल, 2023 को इसकी शुरुआत की गई थी। इसमें 78 इलेक्ट्रिक बोट्स का बेड़ा है और यह दस द्वीपों को जोड़ती है।

# तीन बार तलाक कह देने से तलाक नहीं हो सकता: हाई कोर्ट




### पटना हाई कोर्ट ने खारिज की शम्स तरबेज की याचिका

**पटना, एजेंसी।** पटना हाई कोर्ट ने एक अहम फैसला में कहा कि तीन बार तलाक-तलाक कह देने से तलाक नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम कानून के तहत तीन बार तलाक कहने में पहले, दूसरे और तीसरे तलाक के बीच कुछ मध्यवर्ती अवधि निर्धारित है। जिसका पालन नहीं किया गया।साथ ही निकाह के दौरान तय दैन मेहर की राशि का पूर्ण भुगतान नहीं हुआ। तय राशि से कम रुपये जमा किए गए। कोर्ट ने माना कि पूरी कहानी काल्पनिक और मनगढ़त प्रतीत होती हैं। न्यायमूर्ति पीबी बजन्थरी और न्यायमूर्ति शशिभूषण प्रसाद सिंह की खंडपीठ ने शम्स तबरेज की अर्जी पर सुनवाई के बाद तीन बार तलाक कहने को नामंजूर करते हुए अर्जी खारिज कर दी। गौरतलब है कि शम्स तबरेज ने मुस्लिम कानून की धारा 308 और पारिवारिक न्यायालय कानून की धारा 7( 1 )( ए ) के तहत पत्नी इसरत जहां के खिलाफ 29 अक्टूबर, 2007 को अर्जी दायर की थी।

अर्जी में कहा गया कि दोनों का निकाह 12 जनवरी 2000 को हुआ था। दो बेटे अब्दुल्ला और वलीउल्लाह का जन्म हुआ। कुछ समय बाद पत्नी झगड़ालू महिला के रूप में सामने आई और हमेशा अपने पैतृक घर पर रहने लगी। वह एक गरीब व्यक्ति है, जो जूते की दुकान पर सेल्समैन है, जबकि पत्नी के माता-पिता आर्थिक रूप से संपन्न हैं। अर्जी में यह भी कहा गया कि शम्स मामले को शांत करने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसके सभी प्रयास बेकार गए। अंततः उसने बेतिया के दारुल कजा में मामला दायर किया। दारुल कजा ने पत्नी को उसके ससुराल में रहने का आदेश दिया, लेकिन 15 दिन बाद अपने भाइयों के पास पैतृक घर चली गई। तब से वह अपने पैतृक घर में रह रही है। आवेदक ने मुस्लिम कानून की धारा 281 के तहत वैवाहिक मामला संख्या 03/2007 भी दायर किया, लेकिन सिविल कोर्ट के आदेश के बावजूद पत्नी अपने भाइयों के साथ अपने माता-पिता के घर चली गई और अदालत के आदेश की अवहेलना की। पत्नी के भाइयों के हस्तक्षेप के कारण, स्थिति इतनी तनावपूर्ण और कटु हो गई कि आवेदक ने पत्नी को तीन बार 'तलाक' कहने का फैसला किया। थक हार कर उसने पत्नी से तलाक लेने का फैसला किया और कुछ गवाहों की उपस्थिति में 8 अक्टूबर 2007 को तीन बार 'तलाक' कह वैवाहिक संबंध विच्छेद कर लिया। आवेदक ने पत्नी को 'दिन मेहर' की पूरी राशि और 'इद्दत' का खर्च चुका दिया। वहीं पत्नी का कहना था कि वह अब भी कानूनी रूप से विवाहित है और उसका कभी तलाक नहीं हुआ। वह आवेदक के साथ शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन जीने के लिए तैयार है, लेकिन वह पत्नी के साथ वैवाहिक संबंध जारी नहीं रखना चाहता है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कहा कि मुस्लिम कानून के तहत तीन बार तलाक कह देने से तलाक नहीं हो सकता।

# 'सजग' संगोष्ठी में बाल सुरक्षा पर गंभीर मंथन








**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बाल संरक्षण एवं शोषण-रोधी चेतना को लेकर इनफ्लक्स संस्था द्वारा 'पावर बाय योषा' पहल के अंतर्गत एक दिवसीय 'सजग' संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, न्यायपालिका के प्रतिनिधि, बाल अधिकार विशेषज्ञ, शिक्षाविद् व पत्रकार एक मंच पर एकत्र हुए। उद्देश्य था–बच्चों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और सहयोगी माहौल के निर्माण हेतु सामूहिक रणनीति पर चर्चा।

कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों व समाज के सभी वर्गों को बाल सुरक्षा, शोषण की रोकथाम, कानूनी संरक्षण व डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने चिंताजनक आंकड़ों के साथ-साथ संरचनात्मक बदलाव और समुदाय आधारित हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित किया।

**करुणा और चेतना की आवाजें**

कार्यक्रम का संचालन निकेश लाल व प्राची नारायण ने किया। उद्घाटन वक्तव्य में युवा सामाजिक कार्यकर्ता यशस्विनी सहाय ने कहा बचपन की मासूमियत कोमल होती है–आसानी से आहत हो जाती है और अक्सर उसे चुप करा दिया जाता है। शोषण केवल शरीर पर नहीं, आत्मा पर भी आघात करता है। रोकथाम कोई मुहिम नहीं, एक सतत जागरूकता है। घर हो या स्कूल, हर स्थान बच्चों के लिए सुरक्षित बनना चाहिए।

**प्रमुख वक्ताओं के विचार**

भारतीय पुलिस सेवा महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने कहा कि बाल तस्करी से निपटने के लिए बाल-अनुकूल प्रक्रिया अपनाना जरूरी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का हवाला देते हुए कहा बच्चों की गवाही बिना मानसिक आघात के दर्ज की जा सके, इसके लिए विशेष बाल न्यायालयों की स्थापना अनिवार्य है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (2021) के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भारत में हर दिन आठ बच्चे तस्करी के शिकार होते हैं और हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता होता है।

झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सदस्य सचिव रंजना अस्थाना ने न्यायिक प्रणाली को पीड़ितों की आशा बताते हुए कहा विशेष बाल संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत शीघ्र सुनवाई व प्रशिक्षित न्यायाधीशों की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए। न्याय में देरी, बचपन के साथ अन्याय है।

झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता ऋतु कुमार ने'त्वचा से त्वचा' संपर्क पर आधारित विवादित निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न की परिभाषा केवल शारीरिक संपर्क से नहीं, बल्कि इरादे से तय होनी चाहिए।

उन्होंने अटॉर्नी जनरल बनाम सतीश मामले को बाल संरक्षण कानून की सही व्याख्या का उदाहरण बताया।

यूनिसेफ बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रीति श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने जमीनी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी, गवाह सुरक्षा की कमजोर व्यवस्था, मुआवजा प्रक्रिया में देरी, जनजागरूकता का अभाव

उनके सुझावों में प्रमुख रूप से शामिल थे–

14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को बाल श्रम कानून के दायरे में लाना

पीड़ितों के लिए सहायता तंत्र को सशक्त करना।

स्कूली शिक्षा की सहज उपलब्धता

परिवारों के लिए आर्थिक सहायता और वयस्कों के लिए रोज़गार के अवसर।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल प्रतीकात्मक नहीं, व्यावहारिक होनी चाहिए। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संपादक व मुख्य संवाददाता नमिता तिवारी ने डिजिटल शोषण और साइबर अपराधों पर बात करते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया एक सार्वजनिक रणभूमि बन चुका है।

अभिभावकों को चाहिए कि जैसे वे शारीरिक सीमाएं सिखाते हैं, वैसे ही डिजिटल सीमाओं की शिक्षा भी दें।

उन्होंने दीपावली के दौरान हुई एक ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग घटना का हवाला देकर डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता बताई।

जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह धारणा ग़लत है कि शोषण स्कूलों में सबसे अधिक होता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश यौन शोषण की घटनाएं घर की चाहरदीवारी के भीतर होती हैं।

अब समय है कि हम 'गुड टच-बैड टच' जैसे पुराने फ्रेम से आगे बढ़ें और उम्रानुकूल 'सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श' की स्पष्ट शिक्षा दें।

**एक साझा संकल्प**

कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि–बच्चों की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मौन न रहें, आवाज उठाएं, हस्तक्षेप करें और सहयोग करें।

गलत को देखकर चुप न रहें–बोलें, साथ दें, सजग बनें।

**उपस्थित प्रमुख अतिथिः**

सदस्य सचिव, झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अस्थाना; महानिरीक्षक, विशेष कार्य बल अनुप बिरथरे; वरिष्ठ अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय ऋतु कुमार; संपादक एवं मुख्य संवाददाता, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया नमिता तिवारी; बाल संरक्षण विशेषज्ञ, यूनिसेफ प्रीति श्रीवास्तव; प्राचार्य, जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल सुनील कुमार; सदस्य, बाल कल्याण समिति तनुश्री सरकार कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

## उपायुक्त रामनिवास यादव ने लगाया जनता दरबार, सुनीं आमजनों की समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। जिला उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों फरियादियों की व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सुनीं। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों की गहनता से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में स्थल पर ही समस्याओं का समाधान कर फरियादियों को राहत दी गई, जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभागों को हस्तांतरित कर समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, राजस्व, पेंशन, स्वास्थ्य, राशन, पेयजल, छात्रवृत्ति और शिक्षा से संबंधित अनेक आवेदन प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर आवेदकों को लाभान्वित किया जाए, और कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट कार्यालय को सौंपी जाए।

उपायुक्त ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आमजन और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है, जिससे आम लोगों की समस्याओं का समाधान निश्चित समयावधि में सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान कई विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे और प्राप्त निर्देशों के आलोक में आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

## डुमरी बीडीओ को नामजद बनाए जाने पर झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने जताया विरोध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** परिसदन भवन में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झएएसए), जिला इकाई गिरिडीह की एक महत्वपूर्ण बैठक उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डुमरी प्रखंड के पंचायत सचिव की आत्महत्या से जुड़े प्रकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ ने इस मामले में डुमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया। सदस्यों ने कहा कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद प्रशासी विभाग की अनुमति के बिना बीडीओ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जाना प्रशासनिक प्रक्रिया का उल्लंघन है। बैठक में निर्णय लिया गया कि थाना प्रभारी के इस कृत्य के खिलाफ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा और उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। साथ ही, विभागीय निर्देशों के अनुपालन को लेकर जिला इकाई द्वारा केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजा जाएगा। संघ ने यह भी कहा कि केंद्रीय समिति मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करेगी, जिसकी प्रतिलिपि सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी जाएगी। बैठक में यह आशंका भी जताई गई कि यदि किसी पदाधिकारी के पर्यवेक्षण या अनुश्रवण के दौरान दिए गए निर्देश को प्रताड़ना की संज्ञा दी जाएगी, तो यह जिला स्तर पर की जाने वाली समीक्षा बैठकों और विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर डालेगा। ऐसी स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इससे कार्य निष्पादन की प्रक्रिया बाधित होगी।

बैठक के दौरान पंचायत सचिव की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना भी प्रकट की गई। साथ ही संघ की ओर से यह जानकारी दी गई कि मृतक पंचायत सचिव पूर्व में बगोदर प्रखंड में पदाधिकारी के निर्देशों की अवहेलना के आरोप में निलंबित रह चुके थे और पीरटांड़ प्रखंड में भी आत्महत्या या आत्मदाह की धमकी दे चुके थे। संघ ने कहा कि इन सभी घटनाओं की सूचना डुमरी के बीडीओ द्वारा समय रहते उपायुक्त को दी गई थी। मृतक की मानसिक स्थिति पूर्व से ही अस्थिर थी और वह मनोवैज्ञानिक दबाव में थे। ऐसे में उनके कथनों के आधार पर बीडीओ को दोषी ठहराना अनुचित और निराधार है।

## बड़कागांव पुलिस ने निकाली प्रभातफेरी, नशा के खिलाफ दिया जागरूकता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** नशा के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बड़कागांव थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को एक प्रभावी प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन परिसर से आरंभ हुई और मुख्य चौक, दैनिक बाजार, बसरिया टोला, अंबेडकर मोहल्ला, पंडित मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला होते हुए थाना रोड तक निकाली गई। इस अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने किया। प्रभात फ़ेरी में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे मार्ग में नारे लगाते हुए लोगों को नशा छोड़ो, जीवन संवारो का संदेश दिया। लाउडस्पीकर के माध्यम से पुलिस द्वारा बताया गया कि नशे की लत से व्यक्ति का घर-परिवार तबाह हो सकता है। युवाओं को ब्राउन शुगर, गांजा, शराब आदि से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की सतर्क निगरानी लगातार जारी है। प्रभात फ़ेरी के दौरान मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने माइक संचालन किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया मो. तकरीमुल्लाह, पंसस उर्मिला कुमारी, उपमुखिया सत्यदेव कुमार, मनोज गुप्ता, रोजगार सेवक दीपक कुमार, वार्ड सदस्य, जल सहिया, आशा कार्यकर्ता और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे खुद भी नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इससे मुक्त करने में योगदान देंगे।

## पूजा कुमारी की संदिग्ध मौत पर विधायक ने जताया शोक, कहा–दोषियों को किसी सूरत में नहीं बख्शा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमुआ विधानसभा क्षेत्र के कारोडीह पंचायत अंतर्गत धरचांची गांव निवासी हाको यादव की पुत्री पूजा कुमारी की असमय एवं संदिग्ध परिस्थिति में हुई दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक मंजू देवी पीड़ित परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

विधायक ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और संवेदनशील मामला है, जिसकी गहन जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कानून अपना कार्य करेगा और जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और न्याय की हरसंभव कोशिश की जाएगी। अंत में उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। स्थानीय प्रशासन ने भी मामले की जांच तेज़ कर दी है और जल्द ही घटना के सभी पहलुओं का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

## गिरिडीह जिले में बीएलओ व सुपरवाइजर को मिला निर्वाचन प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार गिरिडीह जिले के विभिन्न प्रखंडों–गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय, डुमरी, जमुआ, बगोदर, देवरी, तिसरी और गांवा–में एकदिवसीय निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और बीएलओ सुपरवाइजरों को मतदाता सूची अद्यतन और मतदान केंद्रों की भौगोलिक पहचान को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। गिरिडीह प्रखंड सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण में सदर अनुमंडल पदाधिकारी और उप निर्वाचन पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मतदान केंद्रों के नक्शे, जियो फेंसिंग, गूगल अर्थ व्यू और की-मैप के उपयोग की विधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जियो फेंसिंग की मदद से मतदाताओं के घरों तक बीएलओ की पहुंच सुगम होगी। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता न केवल अपने मतदान केंद्र की जानकारी, बल्कि अपने क्षेत्र के बीएलओ की पहचान भी आसानी से कर सकेंगे। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची में त्रुटि रहित और पारदर्शी अद्यतन सुनिश्चित करेगी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन कर समयबद्ध कार्य निष्पादन पर भी ज़ोर दिया।

प्रशिक्षण में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी प्रखंडों में प्रशिक्षण का आयोजन एकसाथ संपन्न हुआ।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह इकाई का चुनाव संपन्न, राहुल बर्मन पुनः बने अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरिडीह इकाई का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस चुनाव में राहुल कुमार बर्मन ने अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करते हुए 17 मत प्राप्त किए। उन्होंने विकास गुप्ता को 4 मतों के अंतर से पराजित किया। महासचिव पद के लिए हुए मुकाबले में गोपाल दास भदानी ने 16 मत हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. सुमन कुमार को 13 मत मिले। चुनाव प्रक्रिया में अरविंद कुमार ने चुनाव पदाधिकारी की भूमिका निभाई, वहीं डॉ. ज्ञान प्रकाश और अशोक कुमार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव संपन्न होने के बाद जिला कार्यकारिणी सदस्य सुजीत कपिसवे ने दोनों विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर विजयी घोषित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए इस बार कोई भी नामांकन नहीं किया गया, जिसके चलते अब अध्यक्ष और महासचिव के स्तर से कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया जाएगा। चुनाव में कुल 30 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्य सुजीत कपिसवे, राहुल कुमार, संजय होंडा, उदय भदानी, धर्म प्रकाश, मसरूल सिद्दीकी, राजेश गुप्ता, मनीष बरनवाल और मुकेश आनंद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने उम्मीद जताई कि नव-निर्वाचित टीम नवीन ऊर्जा और दृष्टिकोण के साथ व्यापारिक हितों के संरक्षण और प्रगति की दिशा में सार्थक पहल करेगी।

## जेएलकेएम ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ निकाला मशाल जुलूस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) द्वारा सोमवार की शाम पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस की अगुवाई संगठन के केंद्रीय महामंत्री एवं पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल के समर्थन में की गई, जिन्हें हाल ही में एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जुलूस सातमाइल चौक से शुरू होकर हॉस्पिटल चौक तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन हाय-हाय, सरयू पटेल को रिहा करो, भ्रष्टाचार मुर्दाबाद, जनप्रतिनिधियों का अपमान नहीं सहेंगे, जैसे नारे गूंजते रहे। जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल ने कहा विष्णुगढ़ आंदोलन की धरती रही है। जब-जब भ्रष्टाचार ने सिर उठाया है, जनता ने आवाज बुलंद कर व्यवस्था को जवाब दिया है। अब फिर उसी इतिहास को दोहराने का वक्त आ गया है। उपप्रमुख सह जेएलकेएम जिलाध्यक्ष सरयू साव ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, पूर्वी जिप सदस्य सरयू पटेल को षड्यंत्र के तहत झूठे आरोप में फंसाकर जेल भेजा गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि उनकी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी थी और किसी प्रकार का आवागमन बाधित नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ सरेआम दुर्व्यवहार और मारपीट लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

## किसान जनता पार्टी ने तख्ती बैनर के साथ शहर में किया प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सरकार द्वारा विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनानेवाली रसोइया, सहिया, जल सहिया एवं किसान मित्र को मनरेगा मजदूर से भी कम मजदूरी मानदेय के रूप में देने से आक्रोशित किसान जनता पार्टी रसोइया सहयोगी मंच, सहिया सहयोगी मंच, जल सहिया सहयोगी मंच और किसान मित्र सहयोगी मंच ने मंगलवार को झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया और तख्ती बैनर के साथ शहर में प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए रसोईया सहयोगी मंच की अध्यक्षा खुशबू देवी ने कहा कि सरकारी कर्मियों को सरकार एक दिन का जितना वेतन देती है उतना वेतन रसोइया, सहिया, जल सहिया और किसान मित्र को एक महीना में भी नहीं मिलता है इसलिए सरकार द्वारा किए जा रहे इस शोषण के खिलाफ अब शोषित वर्गों को एकजुट होकर बगावत करना बहुत जरूरी है। सहिया सहगोगी मंच की अध्यक्षा एलीजाबेद मुर्मू ने कहा कि अब किसानों ने रसोइया, सहिया, जल सहिया और किसान मित्र को न्याय दिलाने के लिए कदम आगे बढ़ा दिया है। अब झारखंड सरकार को भी उसी तरह झुकना पड़ेगा जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार झुका था और तीन काला कृषि कानून वापस लिया था। जल सहिया सहयोगी मंच की अध्यक्षा सुमनी सोरेन ने कहा कि शोषित पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए किसान जनता पार्टी के नेता पुलिस का लाठी भी खाए हैं और अपना खून भी बहाए हैं आगे भी पुलिस का लाठी खाएंगे और अपना खून बहाएंगे पर रसोइया, सहिया, जल सहिया और किसान मित्र को सम्मानजनक मानदेय दिलाकर ही दम लेंगे। झंडा मैदान में धरना के बाद सभी धरनार्थी किसान मित्र सहयोगी मंच के अध्यक्ष मुंसी मुर्मू के नेतृत्व मे प्रदर्शन करते हुए गिरिडीह वकालतखाना पहुंचे और विगत 4 जून से आंदोलन पर डटे किसान जनता पार्टी के केन्द्रीय कमिटी अध्यक्ष सह अधिवक्ता अवधेश कुमार सिंह को माला पहनाकर एवं 'अवधेश तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं' 'अवधेश नहीं यह आंधी है, गरीब गुरबों का गांधी है' जैसे नारा लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही पुलिस अफसरों का दलाली करने के लिए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के खिलाफ नारा लगाए। वृहद आंदोलन का रणनीति बनाने को लेकर आगामी 24 जून को झंडा मैदान गिरिडीह में बैठक का तिथि का घोषणा कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम मे विजय कुमार, दासो मुर्मू, भगीरथ राय, नीलम कुमारी, मालती देवी संतोष बासके, छत्रधारी सिंह, धनेश्वर मारंडी, घनश्याम पंडित, तालो हेमब्रम, जहाँगीर अंसारी, टीपन ठाकुर धनेश्वर महतो, बट्टू मरांडी, बैजू मुर्मू, मानवल हसदा, सुमन टूड्डू, रबीना टूड्डू, सरिता मरांडी, सबीना हेमब्रेम, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ईएलआईएन/टीआरएस/एएमसी/डीजीए/001-25,दिनांक 16.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/टीआरएस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर, झारखण्ड-827010, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएलआईएन-टीआरएस-एएमसी-डीजीए-25-28-01। कार्य का नामः** डिजॉल्व गैस एनालाजयर (डीजीए मशीन मॉडल सं. जीसी 2010, क्रम सं. 06072006) का एएमसी। **मात्राः** निविदा दस्तावेज की अनुसूची के अनुसार। **शेड का नाम/स्थानः** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा मूल्यः** रु. 2,99,562; **बयाना राशिः** रु. 6,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत**ः शून्य। **समापन अवधिः** 03 (तीन) वर्ष। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 08.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज का विवरण ई-निविदा पोर्टल एवं आईआरईपीएस वेबसाइट के यूआरएल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-286)**

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं. 76_2025-26-जोन, दिनांक 16.06.2025, कार्य का विवरणः** जोन सं. 30 - सम्पूर्ण हावड़ा मंडल में एसएसई/बीआर/एचडब्ल्यूएच द्वारा रखरखाव किए जाने वाले पुलों के लिए पुलों के सुपर स्ट्रक्चर के रखरखाव के साथ आनुषंगिक कार्यों के लिए जोनल कार्य, समापन अवधि 30.06.2026; **अनुमानित लागतः** रु. 1,00,00,000; **बयाना राशिः** रु. 2,00,000। **समापन अवधिः** दिनांक 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.07.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी :** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-146/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा 5 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत ऑटोमेटेड टेलर मशीनों (एटीएम) की स्थापना एवं संचालन की संविदा सुपुर्द करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक विवरण तथा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया ई-नीलामी पट्टा प्रारूप के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **नीलामी सूचीपत्र सं.: एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जून-5; लॉट सं./श्रेणी, स्टेशन का नाम** निम्नलिखित हैं : **(1)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जेआईटी-जन-102-24-1 (एटीएम-जनरल), जीराट रेलवे स्टेशन। **(2)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-जन-73-25-2 (एटीएम-जनरल), हावड़ा डीआरएम कार्यालय, कंट्रोल कार्यालय के निकट। **(3)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-जन-97-24-1 (एटीएम-जनरल), आरामबाग रेलवे स्टेशन। **(4)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-जन-99-24-1 (एटीएम-जनरल), पाण्डुया रेलवे स्टेशन में एटीएम-II। **(5)** एटीएम-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-जन-109-25-1 (एटीएम-जनरल), पाकुड़ रेलवे स्टेशन। **नीलामी आरम्भ होने की तारीख/समयः** दिनांक 30.06.2025 को 14.00 बजे। (HWH-145/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सनकी युवक ने पत्नी सहित चार को चाकू से गोदा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** सफियासराय थाना क्षेत्र के हलिमपुर गांव में घरेलू विवाद में एक सनकी युवक ने नशे की हालत में पत्नी व भाभी को चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। विवाद देख बीच-बचाव करने गए पड़ोस के दो भाइयों पर भी हमला कर दिया।

सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। परिवार वालों ने बताया कि रूपेश कुमार गांव में कहीं से शराब पीकर घर पहुंचा और अपने भाई आईटीबीपी के जवान अशोक कुमार से उलझ गया।

रूपेश उसकी पत्नी किरण देवी और भाभी सोनी देवी घर पर थीं। रूपेश के पिता बटेश्वर प्रसाद भी घर पर थे। इस दौरान रूपेश ने कमरे में सोई भाभी पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। इसके बाद रूपेश ने पत्नी किरण देवी पर वार कर दिया।

शोर-शराबा सुनकर पड़ोस के प्रकाश मंडल और उसका भाई पहुंचा। दोनों ने चाकू छीनने की कोशिश तो चाकू दोनों को लग गया। घायल भाभी सोनी देवी ने बताया कि रूपेश और उसकी पत्नी उसके पति को फंसा कर नौकरी छुड़वाना चाहती है।

पिता बटेश्वर प्रसाद ने बताया कि वह और उनका बड़ा बेटा घर के पास ही नया मकान बनवा रहे थे। पुराने घर पर रूपेश उसकी पत्नी किरण देवी व बड़ी बहू सोनी देवी थी। रूपेश ने क्यों चाकू मारा इस बारे में पता नहीं है।

पिता बटेश्वर प्रसाद ने बताया कि वह और उनका बड़ा बेटा घर के पास ही नया मकान बनवा रहे थे। पुराने घर पर रूपेश उसकी पत्नी किरण देवी व बड़ी बहू सोनी देवी थी। रूपेश ने क्यों चाकू मारा इस बारे में पता नहीं है।

सफियासराय थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और रूपेश कुमार को हिरासत में ले लिया है। आवेदन मिलने के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच चल रही है।

## शादी के बाद पत्नी की हत्या

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा ज़िले में शादी के महज एक महीने बाद एक 20 वर्षीय महिला ने अपने पति को जहर देकर मार डाला। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह सनसनीखेज मामला रंका थाना क्षेत्र के बहोकुदर गांव का है, जहां रविवार की शाम को घटना घटी। मृतक की पहचान बुधनाथ सिंह के रूप में हुई है, जिसकी शादी 11 मई को सुनीता सिंह से हुई थी। रंका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रोहित रंजन सिंह ने बताया कि ₹आरोप है कि सुनीता ने रविवार की रात खाने में जहर मिलाकर अपने पति को दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।₹ उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर से जहर के नमूने को संरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है ताकि जहर की प्रकृति का पता चल सके। एसडीपीओ के अनुसार, सुनीता और उसके पति के बीच वैवाहिक संबंधों में शुरूआत से ही तनाव था। पुलिस के अनुसार, पहले सुनीता ने अपने ससुराल वालों पर जहर देने का आरोप लगाया था।

# विश्वस्तरीय बनेगा बापूधाम रेलवे स्टेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बापूधाम रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए चल रहे कार्यों की राह में भूमि अधिग्रहण की रुकावट अब जल्द दूर हो जाएगी। सरकारी स्तर पर हर प्रकार की प्रक्रिया को पूरी करने के बाद अधिसूचना जारी करने की तैयारी की जा रही है। रेलवे स्टेशन के विकास के लिए करीब सात एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।

लंबे समय के बाद भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया एक बार फिर तेज हुई है। अधिग्रहण की जाने वाली भूमि के खेसरा पंजी का सत्यापन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। सिक्स मैन कमेटी की जांच भी पूरी कर ली गई है। अब हर प्रकार की तैयारी के बाद एक सप्ताह के अंदर अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण की आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भू-अर्जन पदाधिकारी ने कहा कि दो से तीन महीने में रैयतों को भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। दो सौ से अधिक आवासीय घर होने से हो रही परेशानी रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों के लिए होने वाले भूमि के अधिग्रहण में चार मौजा बेलबनवा, तड़कुलवा, गोपालपुर व बलुआ में भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। बताया गया कि भूमि के साथ इस क्षेत्र में करीब दो सौ से भी अधिक घर पड़ रहे हैं। इस कारण भी अधिग्रहण को लेकर परेशानी उत्पन्न हो रही है। हालांकि, विभागीय स्तर पर भूमि व भवन का मूल्यांकन कराने की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया कि भू-स्वामियों को उचित मुआवजा का भुगतान कराया जाएगा।विश्वस्तरीय बनाने के लिए रेलवे अपनी भूमि पर निर्माण कार्य करा रही है, लेकिन अधिग्रहण नहीं होने के कारण रेलवे का निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि, भूमि अधिग्रहण को लेकर की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही भूमि का अधिग्रहण कार्य पूरा हो जाएगा और इस भूमि पर भी रेलवे द्वारा प्रस्तावित कार्य को प्रारंभ कराया जाएगा।

रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने के लिए रेलवे अपनी भूमि पर निर्माण कार्य करा रही है, लेकिन अधिग्रहण नहीं होने के कारण रेलवे का निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि, भूमि अधिग्रहण को लेकर की जा रही प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही भूमि का अधिग्रहण कार्य पूरा हो जाएगा और इस भूमि पर भी रेलवे द्वारा प्रस्तावित कार्य को प्रारंभ कराया जाएगा। चांदमारी रेलवे गुमटी पर बन रहे आरओबी के लिए भी भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। इसके लिए दो मौजा बेलबनवा व बलुआ टाल में करीब 13 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए अधियाचना की गई थी।

इसमें करीब छह एकड़ भूमि सरकारी

# संदिग्ध परिस्थिति में शिक्षिका की लाश बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी नगर में 40 वर्षीय शिक्षक अजय कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। देर शाम सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अंदर से बंद कमरे का दरवाजा खोलकर शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि अजय कुमार सिंह अपने कमरे में अकेले रहते थे।

मिली जानकारी के अनुसार नावानगर प्रखंड के खरगपुरा प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक अजय कुमार सिंह का महात्मा गांधी नगर में अपना मकान है, जहां वे काफी दिनों से अकेले ही रहते थे। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी भी शिक्षक हैं, जिनसे विवाद के बाद कुछ समय पहले दोनों के बीच तलाक हो गया था।

तलाक के बाद से ही अजय कुमार लगातार तनाव में रहते थे और इस समस्या का इलाज भी करा रहे थे। स्कूल से लौटने के बाद प्रायः खुद को कमरे में बंद रखते थे। अजय के भाई अभय कुमार का मकान भी उसी मोहल्ले में अलग है।

रविवार की शाम अजय से मिलने उनके भाई पहुंचे, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद देखकर आवाज लगाई। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद देख खिड़की से जब झांका, तो दरवाजे की चाबी सामने टेबल पर नजर आई। किसी तरह बांस के सहारे चाबी को बाहर निकाला और दरवाजा खोलकर जब पुलिस अंदर गई तो अजय कुमार को गेट के पास ही बैठी अवस्था में मृत पाया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मृतक के शरीर पर कोई चोट अथवा जख्म का निशान नहीं पाया गया है और न कमरे के अंदर कोई सुसाइड नोट मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वैशाली से देवरिया तक दौड़ेगी ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर और छपरा के बीचोबीच के वैशाली सरैया पारू देवरिया साहेबगंज प्रखंडों की एक बड़ी आबादी का सदियों पूर्व का सपना आगामी 20 जून को पीएम नरेंद्र मोदी के सिवान से घोषणा और वैशाली स्टेशन से वैशाली से देवरिया तक नियमित रेल परिचालन को सांसद विधायक और रेलवे अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किए जाने के साथ ही साकार हो जाएगा।

नियमित रेल परिचालन के लिए रेलवे अधिकारियों का टीमें पारू देवरिया रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य को गति देने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। बताया जाता है कि सिवान से पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा रेल परिचालन का शुभारंभ करने की जैसे ही घोषणा की जाएगी वैसे ही वैशाली स्टेशन पर मौजूद सांसद विधायक और रेलवे अधिकारी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई रखवाना करेंगे।

इसके बाद नियमित और विधिवत वैशाली से देवरिया स्टेशन पैसेंजर ट्रेन का आना जाना शुरू हो जाएगी। लाखों की आबादी उस क्षण का इंतजार कर रही है, जिस दिन पीएम मोदी घोषणा करेंगे और पैसें ट्रेन छुक छुक करते वैशाली से देवरिया स्टेशन आने जाने लगेगी और पारू देवरिया के लाखों लोगों का हाजीपुर पटना आना-जाना सुगम हो जाएगा।



बताते चलें कि रेलवे अधिकारियों द्वारा बीते वर्ष पारू खास और देवरिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद ट्रायल ट्रेन चलवाया गया था। इसके बाद से दोनों स्टेशन तीन सुरक्षा कर्मियों के हवाले छोड़ दिए गए थे, जिससे गंदगी का अंबार लग गया।

जैसे ही रेल परिचालन का शुभारंभ किए जाने की तिथि 20 जून निर्धारित की गई, वैसे ही बिजली पानी भवन निर्माण समेत अन्य कार्यों के ठिकेदार अपने अपने मजदूर और कारीगरों के साथ पारू खास और देवरिया स्टेशन पहुंच साफ-सफाई से लेकर अन्य कार्य करवाए जा रहे हैं।

रेलवे यातायात निरीक्षक अभय कुमार पांडेय ने बताया कि 20 जून को सिवान से पीएम मोदी जी द्वारा रेल परिचालन की घोषणा की जाएगी और वैशाली स्टेशन पर मौजूद सांसद विधायक मंत्री के रेलवे अधिकारी हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को पारू और देवरिया स्टेशन के लिए रवाना कर दिया जाएगा।

उस दिन से रेल परिचालन देवरिया से वैशाली तक नियमित हो जाएगा। फिलहाल वैशाली स्टेशन से चलने वाली ट्रेन सुबह सरैया पारू होते हुए देवरिया स्टेशन जाएगी और शाम में वैशाली वापस लौटेगी। उन्होंने यह भी बताया कि 17 जून के देर शाम तक कार्यक्रम प्राप्त हो जाएगा, इसके बाद विशेष जानकारी दी जा सकेगी।

## आवास योजना को ले विभाग सख्त

**समस्तीपुर।** आवास योजना में लापरवाही बरतने वालों पर विभाग सख्त है। विभागीय कार्यों में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। इसको लेकर डीएम ने भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है। डीएम ने लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

निर्देश पर विभाग भी पूरी तरह से सख्ती बरतने के मूड में है। बताया गया कि उजियारपुर बीडीओ अमित कुमार से स्पष्टीकरण पूछा गया है। बताया गया कि योजना में उजियारपुर प्रखंड का प्रदर्शन सबसे निचले पायदान पर रहा। साथ ही समीक्षा बैठक में भी बीडीओ की अनुपस्थिति रही।

यही वजह है कि उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया। बताया गया कि उन सभी प्रखंडों पर विशेष रूप से निगरानी की जा रही।

# विकास लक्ष्यों को ले डीडीसी ने की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम द्वारा की गई।

बैठक में नीति आयोग एवं संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से सतत विकास के लक्ष्यों की प्रगति, चुनौतियों एवं रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को सतत विकास के 17 लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लिंग समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन से निपटना आदि प्रमुख हैं। सभी संबंधित विभागों को इन लक्ष्यों की दिशा में कार्य करने एवं आगामी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी विभागों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला योजना पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, सभी संबंधित पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने शहीद के परिजन को दी आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिजनों को कुल 2 करोड़ 66 लाख 26 हजार 972 रुपये की सहायता राशि प्रदान की। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पुलिस सैलरी पैकेज के तहत 1.20 करोड़ का चेक सौंपा गया, जबकि गृह विभाग द्वारा 1.46 करोड़ रुपये की राशि सीधे बैंक खाते में क्रेडिट की गई है।

मुख्यमंत्री ने शहीद की मां मती फगनी उराइन, पत्नी मती गंदरी धान और बच्चों से सहानुभूतिपूर्वक बातचीत की और उनके पारिवारिक हालात की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा किआरक्षी सुनील धान ने राज्य के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। राज्य सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है। उनकी शहादत को झारखंड कभी नहीं भूलेगा।

मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी का प्रस्ताव दिया। इस पर पत्नी ने कहा कि उनके बच्चे अभी छोटे हैं, इसलिए भविष्य में इस पर विचार करेंगी। मुख्यमंत्री ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी और कहा कि राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद परिवार को मिलने वाले सभी लाभ शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि पेंशन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अगले महीने से राशि मिलनी शुरू हो जाएगी। साथ ही अन्य लाभों की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

ज्ञात हो कि 12 अप्रैल 2025 को चाईबासा जिले के रातामाटी गांव में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में आरक्षी सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें रांची एयरलिफ्ट कर लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने वीरगति प्राप्त की।

## तीन साल में 16 घटनाएं

जहानाबाद। पटना गया रेलखंड पर आए दिन अवैध क्रॉसिंग के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। हाल के दिनों में कड़ौना और सेवनन में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। प्रत्येक हादसे के बाद रेलवे विभाग हरकत में आता है और अवैध क्रासिंग को बंद करने की कवायद शुरू होती है। चंद दिनों बाद पहल बंद हो जाती है।

रेलखंड पर 30 से ज्यादा अवैध फाटक हैं, जहां लगातार दुर्घटनाएं होती रही हैं। वर्ष 2023 से अब तक इस रेल खंड पर 16 छोटे बड़े हादसे हो चुके हैं।

# पुलिस के जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** भगवानपुर पुलिस लाइन में सोमवार को हुई पुलिस जवान की आत्महत्या की घटना ने पूरे कैमूर जिले को झकझोर कर रख दिया। मृतक पुलिस जवान अमलेश कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार शाम वाराणसी से पोस्टमार्टम के बाद भभुआ पुलिस लाइन लाया गया, जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर मृतक के परिजन, पुलिस अधिकारी और जवानों की मौजूदगी में माहौल बेहद गमगीन रहा।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को भगवानपुर पुलिस लाइन स्थित दंगा नियंत्रण दस्ते के जवान अमलेश कुमार (पुत्र ब्रह्मदेव यादव, निवासी भरकुहुआ गांव, बरहट थाना, जमुई) ने अपने ही बैरक में खुद को गोली मार ली थी। गोली चलने की आवाज सुनकर उसके साथी जवान राजू ने खिड़की से देखा और शोर मचाया। घायल जवान को तुरंत

## आत्महत्या के कारणों की होगी जांच

सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से बनारस रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

शाम 4 बजे जैसे ही जवान का शव भभुआ पुलिस लाइन पहुंचा, वहां शोक की लहर दौड़ गई। एसपी हरिमोहन शुक्ला, डीएसपी, भभुआ थानाध्यक्ष समेत कई पुलिस अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मृतक के पिता, बड़े भाई और चाची रो रोकर बेसुध हो गए। जवान के पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंपकर अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया।

एसपी हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि मृतक अमलेश कुमार ने 2022 में भभुआ में बतौर जवान योगदान दिया था और दंगा नियंत्रण दस्ता में तैनात था। आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

# बारात पहुंचने से पहले पुलिस ने रोकी शादी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शेखपुरा में शादी का मंडप सजा था। सारे विधि-विधान चल रहे थे। लड़की पक्ष के लोग बरात के स्वागत की तैयारी में लगे थे तथा कुछ ही देर में दरवाजे पर बारात पहुंचनी थी, मगर बरात पहुंचने के बजाय वहां पुलिस पहुंच गई।

पुलिस के साथ महिला हेल्पलाइन और वन स्टाप सेंटर के महिला पदाधिकारी भी शामिल थीं। असल में पुलिस और पदाधिकारियों की यह टीम बाल विवाह होने की सूचना पर लड़की वालों के घर पहुंची थी। मौके पर पहुंचने पर शिकायत सही साबित हुई और जिस कन्या की शादी होनी थी, उसकी आयु 18 वर्ष से कम थी।

वन स्टाप सेंटर की पदाधिकारी अमृता दयाल ने बताया कन्या पक्ष के लोगों को समझाकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। इसके बाद यही टीम वर (लड़के) के घर पर भी पहुंची तथा उन्हें भी बाल विवाह करने पर कानूनी कार्रवाई होने की जानकारी दी, जिसके बाद लड़के वाले भी इस बाल विवाह से इंकार कर दिया।

यह मामला जिला के दो थाना क्षेत्रों अरियरी के ककड़ार तथा बरबीघा के पिंजड़ी गांव का है। बाद में कन्या और वर पक्ष से लिखित शपथ लेने के बाद मामला समाप्त हो गया। बाल विवाह की सूचना जिला प्रशासन को मिली थी। दयाल ने बताया दोनों पक्षों को बाल विवाह पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई।



थी। दयाल ने बताया दोनों पक्षों को बाल विवाह पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई।

वन स्टाप सेंटर की पदाधिकारी अमृता दयाल ने बताया कन्या पक्ष के लोगों को समझाकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। इसके बाद यही टीम वर (लड़के) के घर पर भी पहुंची तथा उन्हें भी बाल विवाह करने पर कानूनी कार्रवाई होने की जानकारी दी, जिसके बाद लड़के वाले भी इस बाल विवाह से इंकार कर दिया।

यह मामला जिला के दो थाना क्षेत्रों अरियरी के ककड़ार तथा बरबीघा के पिंजड़ी गांव का है। बाद में कन्या और वर पक्ष से लिखित शपथ लेने के बाद मामला समाप्त हो गया। बाल विवाह की सूचना जिला प्रशासन को मिली थी। दयाल ने बताया दोनों पक्षों को बाल विवाह पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई।

# अमेठी हादसे में समस्तीपुर के तीन लोगों की गयी जानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर रविवार की अल सुबह हुई एक सड़क हादसे में जिले के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि, एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

मृतकों की पहचान कल्याणपुर थाना के रामभद्रपुर वार्ड दो निवासी अशोक शर्मा के पुत्र राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश और वार्ड तीन के बलराम शर्मा के पुत्र रवि शर्मा, शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के दसौत के रवि टोला के स्व. राम प्रसाद शर्मा के पुत्र फुलो शर्मा के रूप में हुई।

इसके अलावे वारिसनगर थाना क्षेत्र के पुरनाही गांव के योगेश्वर राय के पुत्र शंभू राय गंभीर रूप जख्मी बताये गये है।

बताया गया कि रामभद्रपुर गांव के अशोक शर्मा गत कुछ दिनों से एक बीमारी से ग्रस्त थे। यहां उनका इलाज सही ढंग से यहां संभव नहीं हो पा रहा था। उनके पुत्र सतीश दिल्ली में रहकर काम करते थे। उन्होंने पिता को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली बुला लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद में सतीश अपने रिश्तेदार और ठेकेदार के साथ वहां से एम्बुलेंस से शव लेकर घर को रवाना हुए।

इसी बीच अमेठी में एम्बुलेंस सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। तेज रफ्तार एम्बुलेंस एक पिकअप से जा टकराई। इसमें चालक, उपचालक समेत पांच सवार की मौत हो गई। जबकि, एक गंभीर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना मिलते ही स्वजनों के बीच कोहराम मच गया। बताया गया कि पिता अशोक के बाद में उनके पुत्र सतीश भी काल के गाल में समा गए। यह खबर मिलते ही स्वजनों की चित्कार गुंज उठी।

दूसरी तरफ घर से कुछ ही दूरी पर पट्टीदारी के ही रवि शर्मा के स्वजनों की क्रंदन शुरू हो गई। दोनों तरफ एक साथ क्रंदन की आवाज होने से मातमी सन्नाटा पसर गया। इधर, हथौड़ी के फुलो भी रिश्तेदार बताए गए।

# स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 19 जून से पटना में

## 17 जिलों के 250 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में खेल क्षेत्र को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए फर्स्ट बिहार स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और बिहार टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 19 जून से 22 जून तक पाटलिपुत्र खेल परिसर, पटना के इंडोर स्टेडियम में होगी।

इस टूनामेंट में राज्य के 17 जिलों से 250 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 11, 13, 15, 17, 19 आयु वर्ग के बॉयज व गर्ल्स सिंगल्स, तथा मेंस और वीमेंस सिंगल्स में मुकाबले होंगे।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता राज्य के टेबल टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने के लिए एक मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष में चार स्टेट रैंकिंग टूनामेंट और एक स्टेट चैम्पियनशिप आयोजित की जाएगी। इन सभी में खिलाड़ियों को अंक दिए जाएंगे, और शीर्ष पांच खिलाड़ियों का चयन बिहार टीम के लिए होगा, जो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।



इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पद्मश्री शरद कमल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिन्हें आगे चलकर विशेष प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनाया जाएगा। शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन और अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था सरकार और खेल प्राधिकरण द्वारा की गई है। जो जिले इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं, वे हैंः अररिया, सहरसा, गया, दरभंगा, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, पश्चिम चंपारण, मधुबनी, समस्तीपुर, पूर्णिया, मधेपुरा, भागलपुर, नालंदा, सुपौल, सारण, भोजपुर और पटना।

अंत में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि राज्य के खिलाड़ी हर खेल में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतें, और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजगीर से अहमदाबाद के लिए चलेगी ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अब नालंदा जिले के राजगीर से अजीमाबाद एक्सप्रेस जो अहमदाबाद तक जाती है उसका आरक्षित टिकट राजगीर, बिहारशरीफ, नालंदा आदि स्टेशनों से भी मिलेगा। रेलवे बोर्ड द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। नालंदा के कपड़ा, टाइल्स-मार्बल, हीरा एवं अन्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस बात की जानकारी देते हुए नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि नालंदा के व्यवसाइयों की मांग बहुत पहले से गुजरात के अहमदाबाद या सूरत के लिए राजगीर से डायरेक्ट ट्रेन चलाने की थी। इसके बाद सांसद नालंदा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर इस विषय से अवगत कराया।

जिस पर मंत्री ने इस पर तुरंत आदेश जारी करते हुए अजीमाबाद एक्सप्रेस को राजगीर से चलाने का आदेश दिया। सांसद ने बताया कि राजगीर नालंदा आने वाले जैन बौद्ध धर्म को मानने वाले सालाना बहुत सारे पर्यटक का आगमन होता है जिससे यहां के व्यवसाय में वृद्धि होती है और लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होते हैं।

सांसद ने बताया कि सोहसराय कपड़ा मार्केट के हजारों व्यवसाय आए दिन गुजरात के विभिन्न शहरों में जाते हैं टाइल्स मार्बल के दुकानदार की संख्या भी जिले में बढ़ी है, उनका भी कारोबार गुजरात से होता है। हीरे एवं सोने के व्यापारी भी अहमदाबाद गुजरात जाते हैं इन्हीं सब को देखते हुए यह ट्रेन बहुत उपयोगी साबित होगा।

सांसद के इस कदम के बाद सोहसराय थोक कपड़ा व्यवसाय संघ के अध्यक्ष जदयू नेता प्रदुमन कुमार की अध्यक्षता में विक्रेतओं ने संसद को अपनी ओर से आभार व्यक्त किया। सांसद को साधुवाद कहा।

CMYK

# गन्ना मूल्य का भुगतान तय समय पर करें : मंत्री

**गन्ना किसानों को शीघ्र भुगतान, सर्वेक्षण की समयबद्ध पूर्णता एवं मिलों के समन्वित विकास पर बल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने निर्देश दिया है कि गन्ना मूल्य भुगतान एवं इसका सर्वेक्षण कार्य तय समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस दिशा में लापरवाही बरती गई तो संबंधित अधिकारियों एवं मिल प्रबंधन के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसब्लिटी) के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया जाए जिससे स्थानीय विकास को प्रोत्साहन मिले।

गन्ना उद्योग विभाग की तरफ से मंगलवार को विकास भवन स्थित कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विभागीय मंत्री ने की।

बैठक में ईख मूल्य भुगतान की वर्तमान स्थिति से संबंधित कार्यों, गन्ना सर्वे की वर्तमान स्थिति, विभाग की विभिन्न संचालित योजनाओं, चीनी मिलों के विस्तार से संबंधित कार्यों, क्षेत्रीय विकास परिषद के भुगतान की स्थिति, अनुसंधान, विकास और नवाचारों की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि अब तक चीनी मिलों की तरफ से 99.80 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना, गन्ना यंत्रीकरण योजना एवं बिहार गुड़ प्रोत्साहन योजना की भी समीक्षा की गई और उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निर्देश दिए गए। विभागीय सचिव कार्तिकेय धनजी ने कहा कि चीनी मिल मालिक विभाग की टीम का मजबूत स्तंभ हैं। उन्होंने अनुसंधान एवं नवाचार को कृषि आधारित उद्योगों की रीढ़ बताते हुए टिशू कल्चर लैब की स्थापना जैसे आधुनिक उपायों पर बल देने की बात कही। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि विभाग की ओर से किसानों एवं मिलों को सहयोग देने के लिए कई प्रोत्साहन योजनाएं शीघ्र लागू की जाएंगी। बैठक में गन्ना आयुक्त अनिल कुमार झा, संयुक्त गन्ना आयुक्त जेपीएन सिंह के अलावा विभाग के अन्य वरीय अधिकारी और राज्य की सभी कार्यरत चीनी मिलों तथा उत्तर प्रदेश राज्य में गन्ना क्रय करने वाली मिलों के महाप्रबंधकों एवं कार्यालय प्रमुखों ने भाग लिया।

## वाल्मीकि नगर से पटना तक 'टिया' की शत-प्रतिशत शूटिंग बिहार में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार की नई फिल्म प्रोत्साहन नीति राज्य में हिंदी फिल्म निर्माताओं के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं साबित हो रही है। बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम के प्रयासों से अब फिल्म उद्योग का ध्यान लगातार बिहार की ओर आकर्षित हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण फिल्म 'टिया' है जिसकी सौ प्रतिशत शूटिंग बिहार में ही की जा रही है। राव देवेंद्र सिंह के निर्देशन में बन रही यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है जिसमें 'द कश्मीर फाइल्स' के अभिनेता दर्शन कुमार और 'काली काली आंखें' वेब सीरीज की अभिनेत्री आंचल सिंह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। बाल कलाकार की भूमिका ईरा सिन्हा निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग वाल्मीकिनगर से शुरू हुई और अब राजधानी पटना में चल रही है। फिल्म निर्माता सागर श्रीवास्तव ने राज्य सरकार की इस नीति की खुलकर सराहना की।

## लालू यादव ने बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों तले रख उनका अपमान किया : नित्यानंद राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने को लेकर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से पिछले दिनों लालू प्रसाद यादव ने अपने जन्मदिन के मौके पर बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों तले रखकर अपमान किया उसे देश ने देखा है और यही लालू प्रसाद यादव और उनकी पार्टी की हकीकत है और वास्तविक चेहरा भी। लेकिन बाबा साहेब अंबेडकर को अपमानित करने के बाद भी देश से लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव माफी मांगने के बजाय अहंकार का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बाबा साहेब को लेकर कांग्रेस पार्टी पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का काम किया। संसद भवन में बाबा साहेब की तस्वीर ना लगे इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा विरोध किया। उसी कांग्रेस पार्टी की गोद में लालू यादव ने बैठने का काम किया है। वह बाबा साहेब को अपमानित करने में बराबर के साझीदार हैं। नित्यानंद राय ने कहा कि राजद अंबेडकर के नाम पर राजनीति भी करती है और उनको अपमानित करने का काम भी करती है। उन्होंने कहा कि जब राजद के लोग सत्ता में रहते हैं तो बाबा साहब याद नहीं आते और जब सत्ता से बाहर होते हैं तो बाबा साहब के नाम पर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आपने बाबा साहब के सम्मान के लिए क्या किया है जब आप कांग्रेस के साथ थे और कांग्रेस के गोद में थे तो आपने बाबा साहेब के लिए क्या किया? इसका जवाब दीजिए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के लिए 4 गज जमीन तक नहीं दी, परंतु भाजपा ने उनके लिए पंच तीर्थ की स्थापना की है। तेजस्वी यादव के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि वह नई सोच के साथ नया बिहार बनाना चाहते हैं, नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी यादव मुद्दों की राजनीति नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की राजनीति करते हैं। परिवारवाद की राजनीति करते हैं और जंगल राज की राजनीति करते हैं। यही तेजस्वी यादव की पहचान है और इसी पहचान को बिहार के लोग भली-भांति जानते भी हैं और समझते भी हैं। बिहार की 13 करोड़ जनता राष्ट्रीय जनता दल के झांसे में नहीं आने वाली है। लालू परिवार की हकीकत से पूरा बिहार वाकिफ है।

## निशांत के राजनीति में आने से जदयू नेताओं को खुशी होगी : कौशलेंद्र कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर लगाए जा रहे कयासों के बीच नालंदा के जदयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा है कि अगर निशांत राजनीति में आते हैं तो इससे जदयू नेताओं को काफी खुशी होगी। उन्होंने कहा कि निशांत कुमार को इस्लामपुर से चुनाव लड़ाने की मांग उठ रही है। अगर निशांत चुनाव लड़ते हैं तो नालंदा के लोग उन्हें जरूर जिताएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी आग्रह किया कि निशांत कुमार को इस्लामपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए। कौशलेंद्र कुमार का मानना है कि अगर निशांत कुमार इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में अपना नामांकन दाखिल करते हैं तो वहां की जनता उन्हें जीत का ताज पहनाकर ही भेजेगी। कौशलेंद्र कुमार की मांग का समर्थन करते हुए जदयू विधायक विनय चौधरी ने भी मांग की है कि निशांत बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने पिता की तरह बिहार को आगे बढ़ाएं। विनय चौधरी का मानना है कि नालंदा ही नहीं, बल्कि कहीं भी निशांत चुनाव लड़ेंगे तो जनता उन्हें जीत का सर्टिफिकेट देगी। बिहार की जनता भी चाहती है कि निशांत राजनीति में आएं और राज्य की सेवा करें। बता दें कि बिहार की सियासत में पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा हो रही है। हालांकि इसको लेकर मुख्यमंत्री की तरफ से किसी तरह का कोई बयान नहीं आया है। वहीं निशांत खुद यह कह चुके हैं कि जनता मालिक है और जनता को ही इसका फैसला करना है। उधर जदयू का स्पष्ट कहना है कि निशांत जिस सीट से भी चुनाव लड़ना चाहेंगे उस सीट से वह चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

## 11,480 लाभार्थियों के बीच 300 करोड़ की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 17 जून 2025 को एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को करीब 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया। यह संवितरण लगभग 906 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित राजघाट कार्यालय से सम्पन्न हुआ जहां से केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑनलाइन माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में यह सब्सिडी स्थानांतरित की। कार्यक्रम में केवीआईसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री रूप राशि सहित वरिष्ठ अधिकारी मुंबई से




वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' का सपना साकार हो रहा है और पीएमईजीपी योजना उसका मजबूत स्तंभ बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन बन गई है जो लाखों युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रही है। गांव-गांव तक रोजगार और आत्मनिर्भरता के निर्माण में इस योजना की भूमिका निर्णायक रही है। इस व्यापक संवितरण में देश के सभी छह अंचलों की सक्रिय भागीदारी रही। केंद्रीय जोन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की कुल 2403 परियोजनाओं के लिए करीब 72 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई जिनके लिए कुल 218 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वी जोन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की 996 परियोजनाओं को करीब 22करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जबकि ऋण स्वीकृति करीब 71करोड़ रुपये रही। उत्तर भारत के राज्यों- पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्रशासित चंडीगढ़ - के अंतर्गत कुल 2713 परियोजनाओं को करीब 61करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई और इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को करीब 2 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल रहे। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 4565 परियोजनाओं को शामिल करते हुए करीब 116करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई जबकि इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण स्वीकृत किया गया। पश्चिम जोन के महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा राज्यों की कुल 722 परियोजनाओं के लिए 26करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई, जो 82करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है।

## 21-22 जून को पटना में होगा एक्यूप्रेशर वर्कशॉप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना एवं श्याम एकेडमी, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 एवं 22 जून को आईएमए हॉल पटना में एडवांस प्रैक्टिकल एक्यूप्रेशर वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा, वर्कशॉप में 12 राज्यों के एक्यूप्रेशर चिकित्सा के दो सौ छात्र भाग लेंगे। एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त एवं कॉलेज सचिव डॉ अजय प्रकाश वर्कशॉप के अंतर्गत कई असाध्य रोगों की विशेष ज्ञान देते हुए एक्यूप्रेशर चिकित्सा करने का एडवांस स्तर के प्रक्रिया की जानकारी देंगे तथा आधुनिक उपकरणों के प्रयोग का प्रदर्शन भी किया जाएगा। श्याम एकेडमी के डॉ. उधम सिंह



राणा हर्बल मेडिसिन के उपयोग पर विशेष प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में द्वितीय दिन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। लाभान्वित होने वाले छात्र अपने राज्यों में स्वस्थ राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति में अपना सहयोग करेंगे।

## बिहार में भाजपा-जेडीयू का 'जमाई राज': कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार की हालिया नियुक्तियां इस बात का संकेत हैं कि 'अंधा बांटे रेवड़ी और अपने-अपने को दे।' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुसूचित जाति आयोग, महिला आयोग और धार्मिक न्यास बोर्ड जैसे संवैधानिक और अर्ध-स्वायत्त संस्थानों में नेताओं के दामादों और अधिकारियों की पत्नियों को महत्वपूर्ण पद सौंपे हैं जिससे भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भाजपा-जेडीयू की सत्ता अब भाई-भतीजावाद की चाशनी में भी गोते लगा रही है। ये बयान बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम, विधान सभा में दल के नेता डॉ शकील अहमद खान और विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने संयुक्त रूप से जारी किया। यह स्पष्ट है कि भाजपा-जेडीयू सरकार द्वारा की जा रही इन नियुक्तियों से न केवल भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया जा रहा है, बल्कि संविधान द्वारा स्थापित संस्थाओं की स्वायत्तता और निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। अनुसूचित जाति आयोग और महिला आयोग जैसी संस्थाएं कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाई गई थीं, न कि सत्ताधारी नेताओं के पारिवारिक हित साधने के लिए जब इन पदों पर अनुभव, योग्यता और स्वतंत्र दृष्टिकोण रखने वाले लोगों के बजाय राजनीतिक रिश्तेदारों को बिठाया जाएगा तो संस्थाओं की विश्वसनीयता समाप्त हो जाएगी।

**लोकतंत्र की आत्मा पर आघात**

लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है। लोकतंत्र का मतलब है संस्थाओं की जवाबदेही, पारदर्शिता और आमजन के हित में कार्य करना जब सत्ता में बैठे लोग अपने नजदीकी लोगों को बगैर प्रक्रिया और योग्यता के नियुक्त करते हैं तो यह संविधान की आत्मा के साथ विश्वासघात है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मानेसर (हरियाणा)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर 2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। श्री वैष्णव ने कहा रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक-हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नई सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। श्री वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियां गिनायी।

पैसेंजर गाड़ियों को अपग्रेड करने के लिए अब 16 और 20 कोच की मेन लाइन ईएमयू गाड़ियां बनाई जाएंगी। अब तक 8 या 12 कोच की मेमू बनती थीं। यह परियोजना तेलंगाना के काजीपेट में शुरू हो रही एक नई फैक्ट्री में क्रियान्वित की जाएगी। इससे शॉर्ट डिस्टेंस ट्रैवल को बड़ी राहत मिलेगी।

**50 नई 'नमो भारत' एसी पैसेंजर गाड़ियां**

'नमो भारत' गाड़ियों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

## पीजी डॉक्टर्स के लिए अजीम प्रेमजी हेल्थ इक्विटी फेलोशिप की घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने पोस्ट ग्रैजुएट डॉक्टरों के लिए 'अजीम प्रेमजी हेल्थ इक्विटी फेलोशिप' की घोषणा की है। यह फेलोशिप 18 महीनों के लिए दी जाएगी जिसमें डॉक्टरों को जमीनी स्तर पर काम करते हुए सीखने के अवसर मिलेंगे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रहे देश के 11 महत्वपूर्ण संस्थान मिलकर इस फेलोशिप की शुरुआत कर रहे हैं। ये संस्थान देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद हैं। इस फेलोशिप के दौरान डॉक्टरों को जमीनी स्तर पर काम करने के अनुभवों के जरिए सीखने को मिलेगा। यह युवा सहभागियों के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले कमजोर और जरूरतमंद समुदायों के लिए कम संसाधनों में काम करते हुए मेडिसिन प्रैक्टिसेस से जुड़ी तमाम पेचीदगियों को स्वास्थ्य क्षेत्र के महारथियों से सीखने का अवसर है। इस फेलोशिप के तहत सहभागी फील्ड पर फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मी के रूप में काम करने का बेशकीमती तजुर्बा हासिल कर पाएंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराने व लोगों तक पहुंचाने के रास्ते में आने वाली चुनौतियों को समझ पाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में आने वाली कई तरह की चुनौतियों सुलझाना सीखते हुए इस क्षेत्र के अनुभवी लोगों और समुदाय के साथ मिलकर काम करना सीख पाएंगे।

## बाढ़ अब आपदा नहीं, विकास का साधन : मंत्री जीवेश कुमार

**जल प्रबंधन में तकनीकी नवाचार की आवश्यकता : प्रो. शरद कुमार यादव**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में 'रिवर फ्लडिंग-वार्निंग एंड डिसेमिनेशन' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री जीबेश कुमार ने कहा कि बिहार की भौगोलिक स्थिति विशेष है जहां एक ओर बाढ़ तो दूसरी ओर सूखे की समस्या रहती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जल प्रबंधन के क्षेत्र में उठाए गए ठोस कदमों के कारण अब बाढ़ सिर्फ आपदा नहीं रही, बल्कि जल संपदा बनकर राज्य के विकास में सहायक बन रही है। सेमिनार का आयोजन आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज और डी एच आई डेनमार्क के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने जल प्रबंधन में तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया और विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अनुसंधानात्मक प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज, एकेयू जलविज्ञान, नदी पारिस्थितिकी और बाढ़ प्रबंधन के क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण और अनुसंधान के लिए समर्पित संस्था है। डीएचआई इंडिया, जल संसाधन और पर्यावरण परामर्श के क्षेत्र में विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान कर रही है। इस अवसर पर एकेयू और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी के बीच ज्ञान साझा करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए। सेमिनार के दौरान विशिष्ट अतिथि बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. कामेश्वर झा ने कहा कि बिहार की प्राकृतिक चुनौतीपूर्ण स्थिति को शोध के जरिए अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने नदी की सिल्ट की समस्या, पूर्व चेतावनी प्रणाली और नीतिगत सुधारों के लिए शोधार्थियों से ठोस पहल करने का आह्वान किया। सेमिनार के संयोजक डॉ. शाद असगर मोइनी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 77 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें 23 शोधार्थी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि आइआइटी पटना के ओम प्रकाश, एनआइटी पटना के डॉ. रामाकर झा, मौसम सेवा केंद्र के डॉ. प्रभु सी.एन. और इंजीनियर रवि प्रकाश सहित कई विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए।

## आम आदमी पार्टी बिहार की सियासत में एंट्री को तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आम आदमी पार्टी (आप) भी अब बिहार की सियासत में एंट्री को लेकर बेताब दिख रही है। इसी कड़ी में आप ने मंगलवार को पटना के गर्दनीबाग में धरना- प्रदर्शन किया। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मौके पर कहा कि यह धरना-प्रदर्शन दिल्ली में रह रहे बिहारियों के साथ अत्याचार और राज्य में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ है। संजय सिंह ने बाद में प्रेस वार्ता में कहा कि उनकी पार्टी इस बार बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि दूसरे दलों के साथ गठबंधन और सीटों के बंटवारे तथा अन्य रणनीतिक पहलुओं को लेकर निर्णय पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और राज्य के नेता मिलकर लेंगे। संजय सिंह ने भाजपा और जदयू के गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सुशासन के दावों की पोल हर दिन खुल रही है। दिल्ली में भाजपा के लोग बिहारियों को निशाना बनाते हैं, अपमानित करते हैं जबकि बिहार आकर उन्हें अपनापन दिखाते हैं। उन्होंने दिल्ली में बिहारियों पर हो रहे कथित अत्याचारों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा वालों ने दिल्ली में बिहार, यूपी और पूर्वांचल के लोगों को बांग्लादेशी तक कह दिया था। अब उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है जिनमें वे दशकों से रह रहे थे। यह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## महाबोधि महाविहार बचाओ संघर्ष मोर्चा का विशाल धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गर्दनीबाग थाना के समीप विशाल धरना का आयोजन किया गया। धरना का मुख्य कारण बोधगया स्थित महान सम्राट अशोक द्वारा 2300 वर्ष पूर्व निर्मित महाबोधि महाविहार का प्रबंधन असम्बैधानिक बी.टी. एक्ट 1949 से संचालित करने के विरोध स्वरूप है। विश्व के हर धर्म सम्प्रदाय के पवित्र स्थल उनके अनुयायियों द्वारा प्रबंधित किये जाते हैं। किन्तु बोधगया महाविहार के प्रबंधन में बौद्ध एवं हिन्दु दोनों को समान भागीदारी दी गई है जो विवाद का मुख्य कारण है। तथागत बुद्ध की ज्ञान स्थली की व्यवस्था में गैर बौद्ध को सम्मिलित किये जाने से जब-



तब बुद्ध की विचार धारा, मान्यता एवं सिद्धांत के विरूद्ध हिन्दु कार्मकाण्ड, पूजा-अर्चना आदि सम्पन्न कराने की घटना प्रकाश में आते रहती है। विगत 12 मई बैसाख पूर्णिमा के दिन चुपके-चुपके गर्भ गृह में बिहार सरकार के हाथों प्रबंधन कमिटी द्वारा शिवलिंग की पूजा कराई गई जिससे विश्व भर के बौद्धों में काफी आक्रोश है। इतनी बड़ी गलती करने वाले प्रबंधन कर्मियों को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है जिससे वह अनुमान लगाया जा सकता है कि प्रबंधन कमिटी के इस कृत को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। धरना के माध्यम से हम सभी सरकार से मांग करते हैं कि बी.टी. एक्ट 1949 को तत्काल रद्द किया जाए। महाबोधि महाविहार का प्रबंधन व्यवस्था पूर्णतः बौद्धों के हाथ सौंपा जाय।

## अगले माह बनेगी बिहार को बाल श्रम मुक्त राज्य बनाने की रणनीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य बाल श्रम आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कुमार ने आगामी जुलाई के प्रथम सप्ताह में एक कार्य योजनात्मक बैठक आयोजित करने की घोषणा की। इसमें बाल श्रम उन्मूलन को लेकर ठोस रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार को बाल श्रम मुक्त बनाना एक बड़ी चुनौती है। परंतु यह तभी संभव है जब सरकार, समाज, परिवार एवं प्रशासनिक तंत्र मिलकर समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने विशेष रूप से परिवार की भूमिका और जन-जागरूकता अभियान के महत्त्व पर बल दिया। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पुनर्गठन के उपरांत मंगलवार को राजधानी के नियोजन भवन में नवनियुक्त अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, सचिव-सह-श्रमायुक्त राजेश भारती सहित कई जनप्रतिनिधि एवं आयोग के सदस्यगण मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा सदस्य श्रेयसी सिंह, विधान परिषद सदस्य रामविलास कामत, अनिल कुमार एवं रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोग के उद्देश्यों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

## मानसून में बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 15 अक्टूबर तक सभी घाटों पर बालू खनन पूरी तरह से बंद रहेगा। पर्यावरण संरक्षण और प्रभावी खनन प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए खान एवं भूतत्व विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। 15 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक की अवधि में बालू की बिक्री केवल सेकेंड्री लोडिंग प्वाइंट्स और लाइसेंसधारक से होगी ताकि आम जनता और कार्य विभागों को बालू की आपूर्ति में किसी तरह की कमी न हो। विभाग ने सभी संचालित और असंचालित घाटों तथा सेकेंड्री लोडिंग पॉइंट्स की ड्रोन वीडियोग्राफी कराने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। यह कदम नदियों में बालू के पुनर्भरण का सटीक आकलन करने में सहायक होगा जिससे आगामी वर्षों में घाटों की नीलामी और बंदोबस्ती को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभाग ने भारत सरकार की एजेंसी सीएमपीडीआई से बालू पुनर्भरण अध्ययन कराने के लिए मंत्रिपरिषद से प्रस्ताव स्वीकृत कराया है। यह अध्ययन वैज्ञानिक और निष्पक्ष तरीके से बालू के पुनर्भरण का आकलन करेगा जिससे खनन प्रक्रिया को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। मानसून के दौरान बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खान एवं भूतत्व विभाग ने व्यापक उपाय किए हैं। अगर किसी आम नागरिक को बालू की कमी का सामना करना पड़ेगा तो वे अपने जिले के जिला खनन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिला खनन पदाधिकारियों के नंबर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। साथ ही कार्य विभागों को बालू की कमी से बचाने के लिए खनन विभाग कार्य विभागों को भी घाटों का बंदोबस्त करने को तत्पर है। इस संबंध में सभी कार्य विभागों को पत्र के माध्यम से भी सूचित किया जा चुका है। अवैध खनन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए विभाग ने छापेमारी में जब्त बालू को उचित सरकारी दर पर कार्य विभागों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिया है।

CMYK

## संपादकीय

# बड़े सुधार की जरूरत

अहमदाबाद में हुए भीषण एयर इंडिया विमान हादसे ने आम देशवासियों की संवेदनाओं को तो झकझोरा ही है, देश में एविएशन सेफ्टी से जुड़ी पूरी व्यवस्था को ढंग से खंगालने और उसकी खामियों को दूर करने की जरूरत भी रेखांकित कर दी है। इस जरूरत को महसूस करते हुए ही सरकार ने हादसे के दो दिन बाद केंद्रीय गृह सचिव की अगुआई में एक कमिटी बनाई है, जो सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की बारीकी से पड़ताल करेगी। ध्यान रहे, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो पहले ही इस हादसे की जांच शुरू कर चुका है। अमेरिकी नैशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड भी इस जांच में हिस्सेदारी कर रहा है क्योंकि दुर्घटनाग्रस्ट विमान अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बनाया था। ब्रिटिश एएआईबी टीम भी इस जांच में सहयोग कर रही है। इस सबके बावजूद, इनसे अलग केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में यह विशेष जांच टीम गठित की गई है। जांच टीम में सिविल एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए और सिक्यॉरिटी रेगुलेटर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्यॉरिटी (बीसीएएस) के प्रमुखों के साथ ही केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त सचिव स्तरीय अफसरों का शामिल होना बताता है कि सरकार इस समिति से गंभीर और बड़े बदलावों वाली सिफारिशों की अपेक्षा करती है। समिति के लिए डेडलाइन भी तीन महीने का ही तय किया गया है, जो इस मामले की अर्जेंसी बताता है। दो बड़ी वजहें हैं जो सरकार के इस रुख को आवश्यक बनाती हैं। पहली बात तो यह कि देश का एविएशन मार्केट यात्रियों की संख्या के लिहाज से दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा मार्केट बन चुका है। एयर कार्गो के लिहाज से यह छठा सबसे बड़ा मार्केट है। यही नहीं, हाल के वर्षों में हुए इन्फ्रा ग्रोथ और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयासों को ध्यान में रखें तो इस क्षेत्र का आने वाले वर्षों में और तेजी से विस्तार होना तय लगता है। दूसरी बात यह है कि अहमदाबाद हादसे को छोड़ दें तो बीच-बीच में छोटी-मोटी घटनाएं होती रही हैं, जिनसे सुरक्षा संबंधी चूकों और लापरवाहियों का पता चलता है। मिसाल के तौर पर, पिछले साल ही बीसीएएस ने इंडिगो को एविएशन सिक्यॉरिटी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन का दोषी पाकर उस पर जुर्माना लगाया था। एयर इंडिया भी कई लंबी दूरी के रूटों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के मामले में दंडित हुई थी।

**संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य औचित्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, और विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में 51 देशों द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य था कि भावी युद्धों को रोका वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। आज 193 देश इसके सदस्य हैं। इतने बड़े संगठन का लगता है कि आज कोई देश कहना मानने को तैयार नहीं। सबकी अपनी ढपली अपना राग है। संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बन कर रह गया है। लगभग एक साल आठ माह से इजरायल?हमास युद्ध चल रहा है। अब इजरायल से ईरान पर हमलाकर दिया है। इजरायल?ईरान युद्ध में बैलिस्टिक मिजाइल प्रयोग हो रही हैं। सवा दो साल से रूस?यूक्रेन युद्ध चल रहा है।**

# उद्देश्य से भटके संयुक्त राष्ट्र संघ को भंग क्यों नही करते?

(अशोक मधुप)

एक साल आठ माह से से हमास-इजरायल युद्ध चल रहा है। लगभग डेढ़ साल पूर्व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास हुए। कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर वीटो पावर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नहीं हो सका।

संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य औचित्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानव अधिकारों की रक्षा करना, और विभिन्न राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना है। इसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में 51 देशों द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य था कि भावी युद्धों को रोका वैश्विक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। आज 193 देश इसके सदस्य हैं। इतने बड़े संगठन का लगता है कि आज कोई देश कहना मानने को तैयार नहीं। सबकी अपनी ढपली अपना राग है। संयुक्त राष्ट्र संघ तमाशबीन बन कर रह गया है। लगभग एक साल आठ माह से इजरायल?हमास युद्ध चल रहा है। अब इजरायल से ईरान पर हमलाकर दिया है। इजरायल?ईरान युद्ध में बैलिस्टिक मिजाइल प्रयोग हो रही हैं। सवा दो साल से रूस?यूक्रेन युद्ध चल रहा है। तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में की गई बरबादी पूरी दुनिया ने देखी। संयुक्त राष्ट्र संघ मानव जीवन की बरबादी देख रहा है। यह असहाय बना बैठा है। मानव जीवन का विनाश रोकने के लिए वह कुछ नहीं कर पा रहा। उसकी भूमिका शून्य होकर रह गई है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ नहीं कर सकता। को देश उसकी मानने को तैयार नही।युद्ध रोकने की उसकी शक्ति नहीं तो उसका औचित्य क्या है? दुनिया के देश क्यों इस सफैद हाथी को पाले हैं। क्यों इसका खर्च वहन कर रह हैं।इस भंग क्यों नही कर दिया जाता।

एक साल आठ माह से से हमास-इजरायल युद्ध चल रहा है। लगभग डेढ़ साल पूर्व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास हुए। कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर वीटो पावर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नहीं हो सका। बाद में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस युद्ध को रोकने के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किया, किंतु इजरायल ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया। होना यह चाहिए था कि प्रस्ताव होता कि हमास ने इस्राइल पर हमला किया है, वह इजरायल के नुकसान की भारपाई करे। इजरायल के बंदी रिहा करे। ये भी व्यवस्था होती कि भविष्य में हमास ऐसा दुस्साहस न कर सके। सब चाहते हैं कि इस्राइल युद्ध रोके। कोई ये पहल नही कर रहा कि पहले हमास इजरायल के बंदी रिहा करे। इजरायल के हमलों में बच्चों और महिलाओं के मरने की बात हो रही है। मुख्य मामला पीछे चला गया। अब ये सब बात बंद हो गई। साफ हो गया कि इजरायल मानने वाला नही है। हमास के हमले में इजरायल में बच्चों-महिलाओं का जिस तरह कत्ल किया गया, उनकी गर्दन काटी गई। उसका कहीं जिक्र नहीं हो रहा। इस तरह का दोहरा आचरण दुनिया का विखंडित ही करेगा, रोकेगा नही। पिछले तीन साल चार माह से रूस-यूक्रेन युद्ध जारी है। इस युद्ध में मरने और घायल होने वाले दोनों देशों के सैनिकों की संख्या पांच लाख के आसपास है। अपने सैनिकों की मौत के बारे में न रूस कुछ बता रहा है, न ही यूक्रेन।

रूस-यूक्रेन युद्ध में सीएसआईएस के जून 2025 के अनुमान के अनुसार रूस के लगभग 250,000 सैनिकों की मौत हुई। साढ़े सात लाख गंभीर रूप से घायल हैं। यूक्रेन की और से 21 मई 2025 तक 70,935 यूक्रेनी सैनिक मारे जा चुके हैं। सीएसआईएस का जून 2025 अनुमान- कुल 400,000 हताहत (इसमें 60 हजार से एक लाख मारे और 300-340 हजार घायल हुए)। यूक्रेनी ऑफिशियल आंकड़े के अनुसार 43,000 मारे और 370,000 घायल हुए। यूएनएचसीआर के अनुसार, लगभग 10.6 मिलियन यूक्रेनियन विस्थापित हुए हैं। 3.7 मिलियन देश के अंदर, 6.9 मिलियन विदेश में विस्थापित हुए। यूएन के अनुसार यूक्रेन में लगभग 13,134 नागरिकों की मौत हुई है (2025 तक सत्यापित); 2022-2024 में मान्यता प्राप्त कुल नागरिक मृत्यु 50,000 तक हो सकती है। उधर इज़राइल-हमास संघर्ष में इजरायल के 831 सैनिक मरे, 5,617 घायल हुए। 924 नागरिक मरे, 14,000 से ज्यादा घायल हुए। हमास/गाज़ा के 20,000 से ज्यादा मिलिटेंट मरे। (सटीक घायलों का डेटा नहीं) 55,000 से ज्यादा गाज़ाई महिला-बच्चे मरे।

इतना सब होने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध को नहीं रोक पाया। न रोक पा रहा है। इस युद्ध से दोनों देशों के विकास तो रुका ही। मानव कल्याण के लिए भवन, पुल, स्कूल और उद्योग खंडहर बन गए। इनके युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों को होने वाली अनाज की आपूर्ति रुकी है। इससे पूरी दुनिया में मंहगाई बढ़ रही है। हाल ही में यूक्रेन ने रूस पर बड़ा हमला किया। इससे रूस को भारी क्षति हुई। कई आधुनिक लड़ाकू विमान तबाह हुए। उसका जबाव रूस ने भी दिया। जिस तरह से रूस लड रहा है। मित्र देश यूक्रेन को पीदे से मदद कर रहे है, उससे लगता है कि गुस्साकर कभी भी रूस परमाणु हमला कर सकता है। किंतु इसकी किसी को चिंता नहीं। हमास-इजरायल युद्ध के बीच हुती विद्रोहियों ने इजरायल पर मिसाइल से हमले किए। इजरायल समर्थक देशों के मालवाहक जहाजों पर मिसाइल दागीं। इस सब के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ की नींद नही खुली।



आज संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ देश के हाथों की कठपुतली बन गया है। अन्य देश न अपनी ताकत का प्रयोग कर सकता है ना अपनी क्षमता का। संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज के हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में वह सक्षम नहीं है। पांच वीटो पावर देश उसे अपनी मर्जी से नचा रहे हैं। उनके एकजुट हुए बिना संयुक्त राष्ट्र महासभा कुछ नहीं कर सकता। ये पांचों विटो पावर देश खुद खेमों में बंटे है। ऐसे में सर्व सम्मत प्रस्ताव पास होना एक प्रकार से नामुमकिन हो गया है। म्यांमार में पिछले दिनों सेना का जुल्म देखने को मिला। चीन में उइगर मुसलमानों पर जुल्म जग जाहिर हैं। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पुलबामा कांड के बाद भारत ने पाकिस्तान में आंतकी ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए। पाकिस्तान के जवाब में चार दिन युद्ध चल कर रूका। संयुक्त राष्ट्र संघ इसे रोकने के लिए भी कुछ नहीं कर सका। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की बरबादी दुनिया ने देखी। पूरा विश्व सब देखता रहा। कोई कुछ नहीं कर सका। आज आतंकवाद पूरे विश्व की बड़ी समस्या है। सब जानते हैं कि कौन देश इसे पाल पोस रहे हैं। इस आंतकवाद के खात्मे के लिए कोई संयुक्त प्रयास नही हो रहे। कभी इस बारे में प्रस्ताव आता है तो पांच विटो पावर दादाओं में से कोई न कोई उस प्रस्ताव को विटो कर देता है।

जिस तरह से इजरायल हमास और ईराक में संघर्ष चल रहा है। अमेरिका इजरायल के पीछे खड़ा है। यूक्रेन के पीछे मित्र राष्ट्र हैं। ऐसे में कभी भी दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध का सामना करना पड सकता है।

आज जरूरत आ गई है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की उपयोगिता पर विचार किया जाए। इसे उपयोगी बनाने पर कार्य किया जाए। ऐसा ढांचा खड़ा किया जाए कि एक देश दूसरे देश का मददगार बने। मुसीबत में उसके साथ खड़े हो, उसकी रक्षा कर सकें। ऐसा नहीं आपदा के समय सिर्फ तमाशा देखें। सब दुनिया के सभी देश बराबर हैं तो पूरी दुनिया के पांच देशों को ही वीटो पावर का अधिकार क्यों? उनकी ही पूरी दुनिया पर दादागिरी क्यों? इस पर विचार किए जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में डिक्टेटरशिप लागू नहीं है जो किसी विशेष का निर्णय फाइनल होगा। किसी निर्णय को रोक सकेगा। आज के हालात में सामूहिकता बढ़ाने, सामूहिक निर्णय पर चलने, सामूहिक विकास का सोचने की सबसे बडी जरूरत है। और एक ऐसे संगठन की दुनिया को जरूरत है जो निष्पक्ष और तटस्थ होकर पूरी दुनिया में शांति स्थापना के लिए काम कर सके। ऐसे संगठन की जरूरत नहीं है जिसमें चार या पांच दादाओं का ही निर्णय चले। पूरी दुनिया निरीह बनी लूटी?पिटी मौन खड़ी रहे।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एक दूसरे के खून के प्यासे हो रहे ईरान और इजराइल कभी गहरे दोस्त भी थे

(नीरज कुमार दुबे)

ईरान ने इज़राइल को उसकी स्थापना के बाद सार्वजनिक रूप से तत्काल मान्यता नहीं दी थी, लेकिन 1950 में इज़राइल को 'डि-फैक्टो' मान्यता दे दी गई थी। इसका मतलब था कि दोनों देशों ने औपचारिक रूप से दूतावास नहीं खोले, लेकिन व्यावसायिक और कूटनीतिक संबंध धीरे-धीरे स्थापित होते रहे।

ईरान और इजराइल एक दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। दोनों के बीच इस समय जो वार-पलटवार चल रहा है उसको देखते हुए ऐसा लगता है कि दुनिया में एक-दूसरे के यही सबसे बड़े दुश्मन देश हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दशकों से एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए ईरान और इजराइल कभी गहरे मित्र भी थे? वैसे ईरान और इजराइल की मित्रता की बात भले कोरी कल्पना लगे लेकिन इतिहास इस दोस्ती का गवाह है। हम आपको बता दें कि 1948 में जब इज़राइल की स्थापना हुई थी तब बहुत से मुस्लिम बहुल देशों ने उसे मान्यता देने से इंकार कर दिया था। लेकिन उस दौर में ईरान एक अपवाद था। यह बात आज के ईरान-इज़राइल संबंधों को देखते हुए चौंकाने वाली लग सकती है, लेकिन 1948 से 1970 के बीच ईरान और इज़राइल के बीच गहरे परन्तु छुपे हुए मैत्री संबंध थे, जो कूटनीति, सैन्य सहयोग और व्यापार पर आधारित थे।

वैसे ईरान ने इज़राइल को उसकी स्थापना के बाद सार्वजनिक रूप से तत्काल मान्यता नहीं दी थी, लेकिन 1950 में इज़राइल को 'डि-फैक्टो' मान्यता दे दी गई थी। इसका मतलब था कि दोनों देशों ने औपचारिक रूप से दूतावास नहीं खोले, लेकिन व्यावसायिक और कूटनीतिक संबंध धीरे-धीरे स्थापित होते रहे। इस मैत्री के पीछे कारण था साम्य हित। दरअसल दोनों की स्थिति उस समय अरब राष्ट्रों से घिरे हुए देशों की थी। यह दोनों अरब देशों के दुश्मन थे इसीलिए इनके बीच एक रणनीतिक साझेदारी की जरूरत महसूस हुई। हम आपको यह भी बता दें कि इज़राइल और उस समय के ईरान के शाह (मोहम्मद रज़ा पहलवी), दोनों ही अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों के करीबी माने जाते थे। यह एक और कारण था जो दोनों देशों को एक-दूसरे के करीब लाया। इसके अलावा, इज़राइल को तेल की ज़रूरत थी, जोकि ईरान के पास भरपूर मात्रा में था। इस साझेदारी के ज़रिए इज़राइल को गुप्त रूप से तेल की आपूर्ति होती रही। इसके बदले में इज़राइल ने ईरान को कृषि, जल प्रबंधन और तकनीकी मदद दी। 1950-70 के दशक में ईरान में शाह मोहम्मद रजा पहलवी की सरकार के दौरान इजराइल ने तेल के बदले ईरान को हथियार भी दिए थे। इसके अलावा, इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और ईरान की सवाक के बीच भी घनिष्ठ सहयोग था। मोसाद ने सवाक को खुफिया ट्रेनिंग दी और तकनीकी उपकरण भी उपलब्ध कराए। यह सहयोग विशेष रूप से 1960 के दशक में मजबूत हुआ। साथ ही (ट्रेरीडेंट) परियोजना एक गुप्त योजना थी जिसमें इज़राइल और ईरान ने मिलकर मिसाइल टेक्नोलॉजी और सैन्य शोध पर काम किया। साथ ही इज़राइली विशेषज्ञों ने ईरान में कृषि सुधार, सिंचाई प्रणाली और जल प्रबंधन से जुड़ी परियोजनाओं में भी अहम भूमिका निभाई।

हम आपको बता दें कि 1970 के दशक में यह संबंध अपने चरम पर था, लेकिन ईरान में इस्लामी आंदोलन के जोर पकड़ने के साथ इसमें दरार आने लगी। शाह के शासन के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा था और 1979 की इस्लामी क्रांति इस मैत्री का अंत लेकर आई। शाह मोहम्मद रजा पहलवी को सत्ता से हटाकर आयतुल्ला खामेनेई के नेतृत्व में ईरान में एक धार्मिक सरकार बनते ही इजराइल को दुश्मन घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही इजराइल के दूतावास को बंद करके उसे फिलिस्तीनी संगठन को दे दिया गया। इजराइल को इस्लाम का भी दुश्मन घोषित करने के बाद ईरान ने हिजबुल्ला और हमास को मदद देनी शुरू की जोकि आज तक जारी है।

वैसे इस तरह की भी रिपोर्टें समय-समय पर आती रहीं कि ईरान और इजराइल के बीच दुश्मनी के दौर में भी गुप्त रूप से कारोबार चलता रहा। बताया जाता है कि 1980 में जब ईरान और इराक के बीच जंग हुई, तो इजराइल को महसूस हुआ कि इराक ज्यादा खतरनाक है। इसलिए अमेरिका और इजराइल ने गुपचुप तरीके से ईरान को लड़ने के लिए हथियार भेजे थे। लेकिन जब 1990 के दशक में ईरान ने अपना परमाणु कार्यक्रम शुरू किया तो इजराइल ने उसे सबक सिखाने की ठान ली और अब जब तेहरान परमाणु बमों के निर्माण से चंद कदम ही दूर रह गया था तो इजराइल ने बड़ा हमला करते हुए आयतुल्ला खामेनेई के सपनों को तोड़ डाला। इजराइल ने सीधा हमला करने से पहले ईरान के हमास और हिज्बुल्ला जैसे सहयोगियों की कमर तोड़ी और पिछले कुछ महीनों में कई अभियानों के माध्यम से अपनी मारक क्षमता को भी परखा, उसके बाद यह बड़ी कार्रवाई की गयी। बहरहाल, देखा जाये तो 1948 से 1970 तक का ईरान-इज़राइल संबंध एक ऐसा अध्याय है जो आज के उथल-पुथल भरे पश्चिम एशिया की राजनीति में लगभग भुला दिया गया है। इस काल में दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक और आर्थिक संबंध थे, जो आज की स्थिति को देखते हुए विरोधाभासी प्रतीत होते हैं। वैसे ईरान और इज़राइल का वह गुप्त मैत्री संबंध इस बात का प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी दोस्त और दुश्मन नहीं होते, केवल हित और परिस्थितियाँ ही दोस्त या दुश्मन बनाती हैं।

# ट्रंप के अमेरिका में फैलता असंतोष

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक विकास के लिहाज से एक निर्णायक क्षण के रूप में उभर रहा है। दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए एक नजीर रहा अमेरिका आज सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अव्यवस्थाओं से भरा हुआ है, जो हमें विकासशील दुनिया के अनेक देशों की याद दिलाता है। वाशिंगटन के राजनीतिक पंडित इन देशों को शासन करने के तरीके की नसीहतें देते रहते हैं।**

(हर्ष वी पंत)

ईरान-इजरायल के बीच भड़कते युद्ध के बीच बहुत से देशों को उम्मीद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संघर्ष विराम की पहल करेंगे। क्या यह उम्मीद पूरी होगी, यह कहना मुश्किल है, क्योंकि आजकल अमेरिका खुद अपनी समस्याओं में उलझा हुआ है। वहां बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन देखे जा रहे हैं। आज यह देखना जरूरी है कि अमेरिका कैसे हालात से गुजर रहा है।

विरोध को दबाने की कोशिश के तहत ही ट्रंप को शनिवार को राजधानी वाशिंगटन डीसी में सैन्य परेड करानी पड़ी। हजारों सैनिकों ने टैंकों, हेलीकॉप्टरों व विमानों के साथ अमेरिकी सेना के 250वें स्थापना दिवस के जश्न में नेशनल मॉल से मार्च किया, जबकि पूरे देश में लाखों लोगों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। गौर करने की बात है, साल 1991 के बाद से अमेरिका की राजधानी में यह पहली सैन्य परेड थी और यह उस दिन हुई, जब ट्रंप 79 वर्ष के हुए।

प्रदर्शनकारियों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के बीच लगातार झड़पें; शहर-दर-शहर कर्फ्यू; एक के बाद दूसरे विश्वविद्यालय को दी जा रही चुनौती; कैद किए जा रहे छात्र और सरकार के विभिन्न अंगों द्वारा एक-दूसरे से असहमतियों का खुला इजहार, राजनीतिक हत्याएं, यह तस्वीर तीसरी दुनिया के किसी तानाशाही वाले देश की नहीं, आज के अमेरिका की है। लॉस एंजिल्स की सड़कों ने पिछले कुछ दिनों में जो भयंकर आग देखी, इसकी लपटें अमेरिका के कई प्रमुख शहरों तक फैल गई है, मगर व्हाइट हाउस की नीतिगत पहल पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक विकास के लिहाज से एक निर्णायक क्षण के रूप में उभर रहा है। दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए एक नजीर रहा अमेरिका आज सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अव्यवस्थाओं से भरा हुआ है, जो हमें विकासशील दुनिया के अनेक देशों की याद दिलाता है। वाशिंगटन के राजनीतिक पंडित इन देशों को शासन करने के तरीके की नसीहतें देते रहते हैं। लॉस एंजिल्स में पिछले हफ्ते से ही



विरोध-प्रदर्शन जारी हैं। मुख्यतः आप्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग द्वारा अप्रवासियों को निशाना बनाकर छापे मारे जा रहे हैं, जिसके जवाब में पूरे शहर में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। बढ़ती अशांति को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजिल्स में 2,000 नेशनल गार्ड और 700 मैरीन सैनिकों की तैनाती कर दी है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास सहित अनेक स्थानीय अधिकारियों ने इस कदम की आलोचना की है, हालांकि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के इस कदम का समर्थन किया है।

अमेरिका की घरेलू राजनीति में आप्रवासन एक बड़ा विभाजनकारी मुद्दा बन गया है। ट्रंप प्रशासन ने इसे लेकर कई आक्रामक नीतियां लागू की हैं, जिनसे इस मसले पर राष्ट्रीय बहस तेज हो गई है और बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। अनुमान है, ट्रंप के कार्यकाल में लाखों अवैध अप्रवासियों को अमेरिका से निकाला जाएगा। इन कदमों के समर्थन के लिए उन्होंने 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' भी पेश किया है। यह एक व्यापक विधायी प्रस्ताव है, जो इन कदमों के लिए अरबों डॉलर आवंटित करता है। इनमें सालाना दस लाख लोगों को अमेरिका से बाहर निकालने और सीमाओं पर दीवार खड़ी करने के लिए धन मुहैया कराना शामिल है।

जाहिर है, राजनीतिक विभाजन साफ-साफ दिखाई पड़ रहा। रिपब्लिकन जहां बड़े पैमाने पर ट्रंप प्रशासन के नजरिये का समर्थन कर रहे हैं, तो वहीं डेमोक्रेट नागरिक आजादी, मानवाधिकारों और इतने बड़े पैमाने पर निष्कासन के आर्थिक प्रभाव को लेकर अपनी चिंताएं जता रहे हैं। गवर्नर गैविन न्यूसम ने, जो डेमोक्रेट नेता और राष्ट्रपति के प्रमुख आलोचक हैं, लॉस एंजिल्स में सैन्य तैनाती को एक 'तानाशाह राष्ट्रपति की विक्षिप्त कल्पना' बताया है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर लगातार दोहरा रहे हैं कि व्हाइट हाउस को आशा है कि आव्रजन व सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग एक दिन में 3,000 तक गिरफ्तारियां कर सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की गिरफ्तारियों के मुकाबले यह कई गुणा अधिक है। ट्रंप ने कहा था कि वह अमेरिकी सड़कों पर वामपंथी अराजकता को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और इससे मुक्ति पाने के लिए बतौर राष्ट्रपति अपनी शक्तियों का पूरा प्रयोग करेंगे।

मगर इस सबसे अमेरिका में राजनीतिक ध्रुवीकरण गहराता जा रहा है। देश की दो प्रमुख सियासी पार्टियों, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट के बीच की वैचारिक खाई और चौड़ी हो गई है। दोनों ही पार्टियां बीच की स्थिति से दूर होती जा रही हैं। यह बदलाव कांग्रेस में स्पष्ट रूप से दिखता है, जहां पिछले पांच दशकों में सदस्यों की विचारधाराएं अधिक चरम पर पहुंच गई हैं और इसके परिणामस्वरूप उनमें आपसी सहयोग कम हो गया है।

ध्रुवीकरण शैक्षिक तौर भी साफ-साफ दिख रहा है। डेमोक्रेट्स उच्च शिक्षित व्यक्तियों के साथ अधिक जुड़े हुए हैं, जबकि रिपब्लिकन उन मतदाताओं का अधिक प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनके पास कॉलेज की डिग्री नहीं है। इस विभाजन ने बिल्कुल विपरीत विचारों को जन्म दिया है। डेमोक्रेट जहां प्रामाणिक विशेषज्ञों का पक्ष लेते हैं, तो वहीं रिपब्लिकन विश्वविद्यालयों और मीडिया संस्थाओं के प्रति संदेह जताते हैं। बढ़ते ध्रुवीकरण के कारण विधायी गतिरोध पैदा हो रहा है। कई महत्वपूर्ण नीतिगत पहल को कांग्रेस से पारित होने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, आप्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे इस गतिरोध के शिकार बन गए हैं। जाहिर है, ऐसे गतिरोध लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के विश्वास को कम करते हैं और दबाव वाले मुद्दों से निपटने में सरकार की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

अमेरिका एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है और कई लोगों का तर्क है कि एक राष्ट्र के तौर पर इसे ऐसे नुकसान होने जा रहे हैं, जिनकी भरपायी न हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडीओ ने किया पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंगरा पंचायत के बंगरा गांव में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का मंगलवार को बीडीओ पंकज कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान जेई पुरुषोत्तम कुमार भी उपस्थित रहे। बीडीओ ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन पूर्ण होने के बाद पंचायतवासियों को जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र जैसे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा, सभी सुविधाएं यहीं मिलेंगी।

### किसानों को दी गई उन्नत धान खेती की जानकारी



**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा गांव में आयोजित कृषि चौपाल में किसानों को उन्नत धान की खेती के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि समन्वयक राम कुमार सिंह और मुकेश ओझा ने मृदा परीक्षण, बीज चयन, जैविक खाद, कीट नियंत्रण, फसल चक्र जैसे विषयों पर जानकारी दी। चौपाल में कृषि सलाहकार अनिल ठाकुर, विनय कुमार समेत कई ग्रामीण किसान मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने किसानों से वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने की अपील की।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच-227ए राम जानकी पथ पर बसोही टर्निंग के पास मंगलवार को एक ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान पानापुर के बिजौली निवासी शत्रुघ्न राय के पुत्र राहुल कुमार (26) और विक्रमा राय के पुत्र संजीत कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों को सीएचसी मशरक में प्राथमिक इलाज के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मांझी थानाध्यक्ष को दी गई विदाई, भावुक हुए लोग



**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना परिसर में मंगलवार को निलंबित थानाध्यक्ष अमित कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। उन्होंने अपने संबोधन में माँझीवासियों के स्नेह के लिए आभार जताया और एसएसपी डॉ. कुमार आशीष के निर्णय को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया। विदाई समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता ई. सौरभ सन्नी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। मौके पर एसआई नसीम अहमद, सुखदेव यादव, हेमंत सिंह, चंदन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### नीम हकीम की लापरवाही से महिला की मौत



**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर बाजार स्थित मथुरा मुनि हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गई, जिससे आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। मृतका की पहचान पिंकी देवी (पिता निसोध मांझी, ग्राम पिपरहियां) के रूप में हुई है, जिनकी शादी एक साल पहले सिल्हौरी गांव निवासी विजय मांझी से हुई थी। लेबर पेन शुरू होने पर परिजनों ने पहले सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से नाजुक हालत में छपरा रेफर किया गया, लेकिन स्थानीय आशा कार्यकर्ता रेखा कुमारी ने उसे निजी क्लिनिक लाने की सलाह दी। इसके बाद मथुरा मुनि हॉस्पिटल में डॉक्टर नागेंद्र कुमार राय ने ऑपरेशन कर बच्चे को निकाला, पर सर्जरी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई। शव लेकर परिजन वापस अस्पताल पहुंचे, तब तक डॉक्टर क्लिनिक में ताला लगाकर फरार हो चुके थे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने एक लाख रुपये नकद लिया था। समाचार लिखे जाने तक परिजन शव के साथ अस्पताल के गेट पर डटे थे और प्रशासनिक पहरा लगाया गया था।

### जाति प्रमाण पत्र की मांग को लेकर दिल्ली पहुंची कोरी बचाओ यात्रा



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जाति प्रमाण पत्र की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश के हापुड़ से निकली कोरी बचाओ पदयात्रा मंगलवार को दिल्ली पहुंची, लेकिन जंतर-मंतर पर धरना देने से पहले ही दिल्ली पुलिस ने दिलशाद गार्डन के पास यात्रा में शामिल पान समाज के लोगों को हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई को लेकर समाज के लोगों में आक्रोश देखा गया। धरना प्रदर्शन को लेकर कोरी समाज का नेतृत्व पान समाज और अखिल भारतीय पान महासंघ के तत्वावधान में हो रहा था। समाज के लोगों की मांग थी कि उत्तर प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में कोरी समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है, जिससे छात्रों और अन्य जरूरतमंदों को शैक्षणिक व सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हमारी मांग पूरी तरह से जायज है। सरकार को चाहिए कि वह कोरी समाज के लोगों की समस्या को गंभीरता से सुने और जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से धरना देने की अनुमति दे। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात रखने का हक है। इस अवसर पर इंडियन इंकलाब पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह दिल्ली प्रदेश प्रभारी राज कुमार दास, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संजीत कुमार दास सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि कोरी समाज के जातिगत अधिकार व सम्मान की रक्षा के लिए यह आंदोलन जारी रहेगा।

### पत्नी की शिकायत पर शराबी पति गिरफ्तार

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पूर्ण शराबबंदी नीति का असर अब महिलाओं के सशक्त कदमों में साफ नजर आने लगा है. पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र से ऐसी ही एक मिसाल सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने शराबी पति के खिलाफ थाना पहुंचकर कार्रवाई की मांग की और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार, गौरीचक थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी इंदु देवी ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि उसका पति निहाल केवट, पिता धुरी केवट, रोज शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है. महिला ने बताया कि वह लंबे समय से शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना झेल रही है. शराब के नशे में उसका पति न सिर्फ उसे गंदी-भद्दी गालियां देता है, बल्कि बीच-बचाव करने आने वाले ग्रामीणों से भी मारपीट करने पर उतारू हो जाता है.

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पटना दौरा

## किसानों की तरक्की ही मेरा संकल्प है, क्योंकि मैं खुद भी एक किसान हूँ: शिवराज सिंह चौहान




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना का दौरा किया और पूर्वी भारत में उन्नत कृषि हेतु किए जा रहे अनुसंधान कार्यों और संस्थान की प्रगति की समीक्षा की । उनके साथ बिहार सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा जी, तथा भारत एवं बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। यह दौरा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ आरंभ हुआ, जिसमें माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री सिन्हा जी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। माननीय मंत्री ने अपन संबोधन में संस्थान के अनुसंधान पोर्टफोलियो एवं आधारभूत संरचना के विकास की समीक्षा की और लघु एवं सीमांत किसानों के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे संस्थान द्वारा वैज्ञानिक प्रयासों की सराहना भी की और वैज्ञानिक समुदाय से 'विकसित भारत @2047' की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप अपने अनुसंधान निष्कर्षों को समाहित करने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने प्रौद्योगिकियों की प्रभावी खेत स्तर पर अंगीकरण सुनिश्चित करने हेतु ट्रांसलेशनल रिसर्च की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने आईसीएआर और इसकी कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की हाल ही में संपन्न 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के सफल कार्यान्वयन हेतु भी सराहना की। मंत्री महोदय ने इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया, जिसमें पहली बार केंद्र एवं राज्य के कृषि विभागों ने मिलकर वैज्ञानिक समाधान सीधे किसानों तक पहुँचाने के लिए नजदीकी समन्वय स्थापित किया। इससे पूर्व, डॉ. अशुतोष उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों एवं प्रगतिशील अनुसंधान कार्यों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कहा, हमारा संस्थान जल उत्पादकता को बढ़ाने, जलवायु सहिष्णु कृषि को बढ़ावा देने, किसान-उन्मुख तकनीकी हस्तक्षेपों को बढ़ाने तथा लघु एवं सीमांत किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप समेकित भूमि एवं जल प्रबंधन पद्धतियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान, संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ एक वैज्ञानिक-संवाद बैठक आयोजित की गई, जिसमें अटारी, पटना के वैज्ञानिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान प्राकृतिक खेती, संरक्षण कृषि, कृषि मौसम परामर्श, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, भविष्य की खेती की रणनीतियाँ तथा क्षेत्र विशेष की कृषि तकनीकों जैसे विभिन्न पहलुओं पर प्रमुख चचाएं हुईं। मंत्री महोदय ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए वैज्ञानिकों से अपने शोध कों किसानों के खेतों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रमुख, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार प्रभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### महादलित महिला की मौत पर सांतवना देने पहुंचे पूर्व विधायक अरुण मांझी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी विधान सभा क्षेत्र के पलंगा गंजपर स्थित महादलित टोला की रहने वाली बचनी देवी की एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी वे किसी जरूरी कार्य से ई-रिक्शा से जा रही थीं, तभी बेऊर-बघरा रोड पर नदियावां के पास अचानक टोटो से गिर गईं। उसी समय तेज रफ्तार से गुजर रहे एक हाईवा ट्रक ने उन्हें कुचल दिया था.घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक अरुण मांझी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे. उन्होंने मृतका के पति करीमन मांझी, सास सुगवा देवी सहित परिजनों से मिलकर सांत्वना दी. पूर्व विधायक अरुण मांझी ने कहा कि मिशन नौनिहाल सम्मान" के संस्थापक-संरक्षक सुखदेव सिंह ने बचनी देवी के बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी उठाने की घोषणा की है.

### विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, पुलिस ने जब्त की 24 बोतलें

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के गोपालपुर थाना की पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम भेलवाड़ा निवासी शंकर कुमार को गिरफ्तार किया है. शंकर कुमार, जो रविंद्र साव का पुत्र है, को 375 एमएल की 24 विदेशी शराब की बोतलों के साथ पकड़ा गया है. यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया. जब्त शराब में ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग और ऑफिसर्स चॉइस ब्रांड की कई बोतलें शामिल हैं. गिरफ्तार आरोपी को स्थानीय थाना लाया गया है, जहां उससे पूछताछ जारी है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई गई थी और इसका वितरण कहां किया जाना था. थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# चलो जसौली: एनडीए की शक्ति प्रदर्शन की तैयारी जोरों पर

## सीवान के परी वाटिका में हुई एनडीए की अहम बैठक, केंद्रीय मंत्रियों और शीर्ष नेताओं ने भरा जोश





**नव विहार टाइम्स ब्यूरो।**

**सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीवान दौरे को लेकर एनडीए ने मंगलवार को परी वाटिका में रणनीतिक बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने की और संचालन जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने किया। बैठक में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हम और अन्य घटक दलों के शीर्ष नेताओं ने भाग लिया।

**हर गांव में गूंज रहा है-चलो जसौली**

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडे ने कहा ह्वहमारा हर कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर मोदी जी के कार्यक्रम का न्योता दे रहा है। जसौली चलो—यह अब सिवान की जनभावना बन गई है।ह्व उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के अब तक के सभी कार्यक्रमों को पीछे छोड़ने वाला यह आयोजन होगा, और सारण की जनता ऑपरेशन सिंदूर के लिए धन्यवाद देने उमड़ेगी।

**जसौली में टूटेगा अब तक का हर रिकॉर्ड : दिलीप जायसवाल**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा- पिछली बार जब पीएम मिथिला आए थे, पुलवामा हुआ था। और फिर 22 मिनट में 9 आतंकी अड्डे नष्ट कर दिए गए। पाकिस्तान में 96 जनाजे उठे। अब जसौली में वैसी ही ऐतिहासिक भीड़ उमड़ेगी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने अपनी ताकत का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया।

**जंगल राज से स्वर्ण युग की ओर- संजय झा का हमला**

जदयू नेता बोलेः अब बिहार बदल गया है, दुनिया देखेगी सिवान का जलवा जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा- जंगलराज में लोग दिन में घर से निकलने से डरते थे, आज सुशासन का माहौल है। सिवान का कार्यक्रम मिथिला की भीड़ को भी पछाड़ेगा।

**गरीबी से ताकत की ओर- ललन सिंह का दावा**

**80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, आत्मनिर्भर भारत की मिसाल**

केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा- 2014 में भारत दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था था, अब चौथे नंबर पर है। 2027 तक तीसरे स्थान पर आने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में देश निर्मित मिसाइलों का उपयोग हुआ, जो आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम लोग जब समता पार्टी के जमाने में सिवान आए थे, टेंट देना लोग अपनी जान के डर से मना कर देते थे। आज वह दौर बीत गया है। उन्होंने कहा कि अब न कानून का डर है, न लोगों को अपराधियों से डर है।

**राजनीतिक मेंढकों से सावधान रहें**

एनडीए नेताओं ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि- गर्मी बीत रही है, बरसात में राजनीतिक मेंढक बाहर निकलेंगे—ध्यान मत दीजिए। अर्जुन की तरह 24 सीटों पर ध्यान रखिए। पांच दल, पांच पांडव और कौरव सेना की हार निश्चित है। बैठक में भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक विजय लक्ष्मी कुशवाहा, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव, पूर्व विधायक विक्रम कुमार, लोजपा जिला अध्यक्ष महादेव पासवान, हम पार्टी अध्यक्ष अभय सिंह, सहित रमेश कुशवाहा, अजय सिंह, हेम नारायण शाह, अनुराधा गुप्ता, आभा देवी, सुशीला देवी, आदित्य कुमार पाठक जैसे तमाम प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छतरपुर के लठेया पिकेट पुलिस ने 35 पेटी अवैध बीयर के साथ युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया पिकेट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक उजले रंग के स्कॉर्पियो से पुलिस ने 35 पेटी अवैध बियर के साथ एक युवक साकेत कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पलामू जिले के हैदर नगर थाना स्थित पथरिया गांव के दिलीप कुमार सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्री करीब 10 बजे वरीय पदाधिकारी से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो वाहन संख्या खल03ळ6904 में शराब भरकर छतरपुर होते हुए हुसैनाबाद की तरफ जा रही है। सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई को लेकर छत्तरपुर थाना अंतर्गत लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव व सअनि राजेश मांडी को वाहन चेकिंग लगाने हेतु निर्देशित किया गया। राजेश मांडी ने लठेया पिकेट के पास ही सशस्त्र बल के साथ चेकिंग कर ही रहे थे कि एक सफेद रंग का स्कॉर्पियो पुलिस को देखकर पीछे घुमाकर सुशीगंज की ओर भागने लगा। चेकिंग कर रहे राजेश ने वाहन का पीछा किया। वाहन में सवार दो व्यक्ति गाड़ी को बीच में खड़ा कर भागने लगे। भाग रहे दो में से एक व्यक्ति को सशस्त्र बल ने दौड़ाकर पकड़ लिया। वाहन जांच करने पर उसमें लदा 35 पेटी बैड मंकी बियर को बरामद किया गया। कांड में अन्य लोगों का सत्यापन कर अग्रेतर कारवाई की गई।

# डीईओ सह उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को 'कैंप-टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस' का जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति और विधिक मानकों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को ईवीएम की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप और अन्य तकनीकी सुविधाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान की।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के तहत प्रत्येक माह ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य है, और मशीनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उपकरणों की क्रियाशीलता संबंधी प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को नियमित रूप से भेजा जाना आवश्यक है।

# एक महिला का 108 एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरवाअड्डा जयनगर निवासी एक महिला का 108 एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, जिन्हें धनबाद के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रसूता दुलाली देवी ने बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन ढाई केजी है। बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर इतना वजन अच्छा माना जाता है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों ही सुरक्षित हैं और अगले 48 घंटे उन्हें मेडिकल केयर में ही रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस में अस्पताल लाते वक्त रास्ते में ही प्रसव हो जाने के ऐसे मामले पहले भी आते रहे हैं। परिजनों से अपील है कि चिकित्स्कों द्वारा जब प्रसव की तिथि दी जाती है तो उसे गंभीरता से लें। प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल अस्पताल पहुँचाना चाहिए। इधर 108 एम्बुलेंस के चालक संजीव कुमार ने बताया कि मरीज को बरवाअड्डा जयनगर से लेकर आ रहे थे। एम्बुलेंस को ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा था। एम्बुलेंस जाम में करीब पांच मिनट फंसा भी रहा। एम्बुलेंस में ले जाते समय, रास्ते में ही दुलाली देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। एम्बुलेंस में सहिया भी साथ में थी। प्रसव हो जाने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

# बोकारो में 108 एंबुलेंस सेवा ठप, चालक हड़ताल पर





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। राज्य सरकार द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा यहां पूरी तरह से ठप हो गई है। वेतन नहीं मिलने से नाराज एंबुलेंस चालकों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। चालकों का आरोप है कि फरवरी महीने में जब नई कंपनी को सेवा सौंपी गई, तब से लेकर इस माह तक उन्हें केवल 14,000 रुपए का ही भुगतान किया गया है। जबकि तीन महीने का वेतन अभी भी बकाया है। एंबुलेंस चालक ने बताया कि सरकार ने वादा किया था न्यूनतम मजदूरी देने का, लेकिन वो भी सिर्फ कागजों पर रह गया। जब तक पूरा वेतन नहीं मिलता, हम कोई गाड़ी नहीं चलाएंगे। चालकों का कहना है कि अब वे किसी भी कीमत पर काम शुरू नहीं करेंगे, भले ही इसके लिए उन्हें किसी भी हद तक क्यों न जाना पड़े। इस हड़ताल का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। आकस्मिक स्थिति में एंबुलेंस सेवा ठप रहने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# 29 को गांधी मैदान में 'वक्फ बचाओ, संविधान बचाओ' कॉन्फ्रेंस की तैयारियाँ अंतिम चरण में

## वक्फ संशोधन बिल के विरोध में 29 जून को गांधी मैदान में इमारत ए शरिया का बड़ा सम्मेलन, देशभर के मुस्लिम धर्मगुरु होंगे शामिल



**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अब मुस्लिम संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है. इसी कड़ी में 29 जून को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें इमारत ए शरिया की अगुवाई में बिहार सहित झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरु व स्कॉलर शामिल होंगे.केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 29 जून को गांधी मैदान पटना में होने वाली ह्ववक्फ बचाओ, संविधान बचाओह्व कॉन्फ्रेंस की तैयारियाँ जोरों पर हैं. इमारत ए शरीया बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न उप-समितियाँ बनाई गई हैं. इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार से वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग की जाएगी. सम्मेलन में देश के अन्य हिस्सों से भी मुस्लिम प्रतिनिधि और वक्फ से जुड़े संगठनों के लोग शामिल होकर इस बिल का पुरजोर विरोध दर्ज कराएंगे. इस संबंध में आज इमारत ए शरिया, फुलवारी शरीफ के प्रधान कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई. इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इमारत ए शरिया के अमीर हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समुदाय की धार्मिक व सामाजिक व्यवस्था पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता. उन्होंने कहा कि यह बिल वक्फ संपत्तियों की स्वायत्तता और धार्मिक स्वतंत्रता को समाप्त कर देने वाला है. देशभर के मुस्लिम संगठनों के बीच इस बिल को लेकर भारी असंतोष है. गांधी मैदान का यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण विरोध का प्रतीक होगा.इमारत शरीया ने इस कानून के विरोध में पहले ही 3 करोड़ 65 लाख से अधिक सुझाव जेपीसी को भेजे थे.देशभर में जनजागरूकता अभियान, जिला स्तर पर ज्ञापन, कार्यशालाएँ और सभाएँ आयोजित की गईं. प्रेस वार्ता में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों की रक्षा के लिए यह लड़ाई जरूरी है. इमारत ए शरिया ने सभी मुस्लिम नागरिकों, संगठनों और धर्मगुरुओं से अपील की है कि वे 29 जून को गांधी मैदान पहुंचकर इस विरोध सम्मेलन को सफल बनाएं. कार्यक्रम को ऐतिहासिक और विशाल बनाने की तैयारियाँ तेजी से चल रही हैं. इमारत ए शरिया की ओर से सोशल मीडिया, मस्जिदों और मदरसों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की जा रही है.अब गांधी मैदान में लाखों लोगों की भागीदारी के साथ शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया जाएगा.प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में लोगों से अपील की गई कि 29 जून को गांधी मैदान पहुँचकर इस ऐतिहासिक सम्मेलन को सफल बनाएं.

# फुलवारीशरीफ में बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन, विकास को बताया प्राथमिकता

## उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारीशरीफ प्रखंड कार्यालय में बीस सूत्री कार्यालय के नये कक्ष का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व केंद्रीय राज्य रामकृपाल यादव और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने संयुक्त रूप से किया.उद्घाटन के दौरान फूल-माला और अंगवस्त्र देकर अतिथियों का स्वागत 20 सूत्री अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह के द्वारा किया गया. मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जल्द ही प्रखंड कार्यालय में जीविका कर्मियों के द्वारा कैंटीन चलाया जाएगा इससे यहां आने जाने वाले लोगों एवं कर्मियों को बाहर से खाने पीने की सामग्री नहीं मंगवानी पड़ेगी सब कुछ जीविका के द्वारा यही उपलब्ध हो जाएगा. पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र के विकास और जनकल्याण को गति देगा. दूर-दराज से आए लोगों को यहां विकास योजनाओं की जानकारी मिलेगी और उनका लाभ उठाने में यहां के लोग मदद करेंगे. पूर्व मंत्री श्याम रजक कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय थाना आम जनता के गली गांव जवार शहर नगर टोला में विकास और बुनियादी सुविधाओं को सफलतापूर्वक उपलब्ध कराया जा रहा है. बिहार के विकास के लिए यहां बीस सूत्री कार्यक्रम के द्वारा गांव-गांव में लोगों को सरकार के योजनाओं को पहुंचाया जा रहा.इस कड़ी में 20 सूत्री के नए कार्यालय से लोगों की और उम्मीद को बढ़ावा मिलेगा लोगों को काफी फायदा होगा.नेताओं नेउद्घाटन के बाद बीस सूत्री समिति के 15 सदस्यों से मुलाकात कर शुभकामनाएँ दी. बाद में जदयू प्रखंड कार्यालय में बैठक कर क्षेत्रीय समस्याएँ सुनी गई. कार्यक्रम में जदयू व एनडीए से जुड़े कई नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए.

## मोबाइल के कारोबार में उतरेगा अमेरिकी राष्ट्रपति का परिवार

- **ट्रंप ब्रांड को भुनाने की एक और कोशिश**

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का परिवार अब मोबाइल फोन निर्माण के नए कारोबार में उतरेगा। इसका नाम ट्रंप मोबाइल होगा। यह कदम तब उठाया गया है जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च सांविधानिक पद पर हैं। उनकी इस बात को लेकर आलोचना हो रही है कि वे अपनी निजी व्यावसायिक हितों के लिए सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। इसे ट्रंप ब्रांड की लोकप्रियता को भुनाने की एक और कोशिश करार दिया जा रहा है। ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष और डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप ने कहा कि ट्रंप मोबाइल अमेरिका में



निर्मित फोन बेचेगा और देश में ही एक कॉल सेंटर संचालित करेगा।
इस नई मोबाइल फोन और सेवा को टी1 मोबाइल नाम दिया गया है। इसकी घोषणा मध्य पूर्व में कई रियल एस्टेट सौदों के बाद हुई है, जिसमें कतर में एक गोल्फ परियोजना भी शामिल है। पिछले महीने उनके परिवार ने वियतनाम में गोल्फ कोर्स, होटल और रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए 1.5 बिलियन डॉलर का साझेदारी समझौते को मंजूरी दी थी। हालांकि, इन सौदों की शुरुआत ट्रंप के निर्वाचन से पहले हो गई थी। व्यवसायों में ट्रंप के नाम से जुड़ाव पर अमेरिका के व्यापारिक और राजनीतिक हलकों में विवादों का नया दौर शुरू हो गया है। गौरतलब है कि मोबाइल फोन कंपनियों की नियामक संस्था फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने उन मीडिया संस्थानों की जांच शुरू की है, जिन्हें ट्रंप नापसंद करते हैं।

## अन्न भंडारण में 20 लाख टन की अतिरिक्त क्षमता हासिल

- **तीन साल तक के लिए किया जा सकता है भंडार**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अन्न भंडारण सुविधाओं को आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत देशभर में कुल 19.5 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो यानी भंडारगृह बनाए हैं। इन आधुनिक भंडारगृह की मदद से भंडारण तीन साल तक के लिए किया जा सकता है। पूरी तरह से स्वचालित और आधुनिक सुविधाओं से लैस भंडारगृहों ने अन्नों की बर्बादी को भी कम किया है।



केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 40 लाख टन क्षमता वाले स्टील साइलो का निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि 25 लाख टन क्षमता के लिए निविदा की प्रक्रिया जारी है। इस पीपीपी मॉडल के तहत लीप एग्री लॉजिस्टिक्स (बड़ौदा) प्राइवेट लि. ने भी केंद्र सरकार की ओर से 50,000 टन गेहूं के भंडारण के लिए स्टील साइलो परियोजना स्थापित की है। केंद्र सरकार के प्रयासों के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पीपीपी मॉडल में स्टील साइलो का निर्माण कर रहा है, ताकि खाद्यान्न को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके।

# चीन-अमेरिका की लड़ाई में भारत की लगी लॉटरी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच में चल रहा ट्रेड वॉर भारत के लिए अच्छी खबर लेकर आया है। भारत के व्यापार में मई 2025 में कुछ अच्छे बदलाव देखने को मिले हैं। कॉमर्स मिनिस्ट्री के अनुसार, मई में भारत का कुल निर्यात 71.12 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल के मुकाबले 2.77 फीसदी ज्यादा है। पिछले साल मई में यह आंकड़ा 69.20 अरब डॉलर था। इससे व्यापार घाटा भी कम हुआ। मई में व्यापार घाटा कम होकर 6.62 अरब डॉलर हो गया। पिछले साल यह 9.35 अरब डॉलर था। वहीं बात अगर अमेरिका के साथ निर्यात की करें तो यहां भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन से अमेरिका को होने वाला निर्यात मई 2025 में 34.5 प्रतिशत गिर गया। वहीं अमेरिका को भारत का निर्यात




17.3 प्रतिशत बढ़ गया है। हालांकि पूरी दुनिया के मामले में चीन के एक्सपोर्ट में कुछ तेजी आई है। चीन का कुल एक्सपोर्ट थोड़ा सा बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया और यह 316.2 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया।

**स्वामीनॉमिक्स** = अमेरिका के साथ चीन की तरह सख्ती दिखाए भारत, ट्रेड डील में ट्रंप पर ऐसे दबाव बनाकर करे सौदेबाजी

### भारत समेत दूसरे देशों से बढ़ाया निर्यात

अमेरिका के साथ निर्यात में आई गिरावट की कमी को पूरा करने के लिए चीन ने दूसरे देशों के साथ नजदीकी बढ़ानी शुरू कर दी है। चीन ने यूरोपियन यूनियन, आसियान और भारत को निर्यात बढ़ा दिया है। अकेले भारत को होने वाला निर्यात 12.4 प्रतिशत बढ़कर 11.13 अरब डॉलर हो गया है। इससे डंपिंग का खतरा बढ़ गया है। डंपिंग का मतलब है कि कोई देश अपने सामान को दूसरे देश में सस्ते दामों पर बेचता है।
**ट्रेड वॉर का मिला फायदा**– अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। टैरिफ को लेकर बातचीत ट्रेड वॉर का एक अहम मुद्दा है।

### आयात में आई कमी

अब बात अगर आयात की करें तो यह थोड़ा सा घटकर 60.6 अरब डॉलर हो गया है। लेकिन, बिना तेल और बिना सोने का आयात 12 प्रतिशत बढ़कर 41.2 अरब डॉलर हो गया है। जीएसटी डेटा से भी यह पता चलता है। आयात पर द्धत्नस्क्ष कलेक्शन 72.9 प्रतिशत बढ़ गया है। यह मई 2024 में 24,510 करोड़ रुपये था, जो इस साल बढ़कर 42,370 करोड़ रुपये हो गया है। दो सेक्टर में सबसे ज्यादा बदलाव दिखा। इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 27.5 प्रतिशत बढ़कर 9.1 अरब डॉलर हो गया। मशीनरी और कंप्यूटर का आयात 22 प्रतिशत बढ़कर 5 अरब डॉलर हो गया। भारत का चीन और हांगकांग से होने वाला आयात 22.4 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया।

## गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की दूसरी बार रिकॉर्ड बिक्री

**मई में सभी श्रेणी के कुल 2012969 वाहन बिके**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री मई, 2025 में सालाना आधार पर 0.8 फीसदी घटकर 3,44,656 इकाई रह गई।इस गिरावट के बावजूद यात्री वाहनों की बिक्री मई में अब तक दूसरी बार सबसे ज्यादा रही।एक साल पहले की समान अवधि में 3,47,492 पीवी बिके थे। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने सभी श्रेणी के कुल 20,12,969 वाहन बिके।यह मई, 2024 में बिके 19,76,674 वाहनों से 1.8 फीसदी अधिक है। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, रेपो दर में फरवरी से अब तक एक फीसदी की कटौती और सामान्य से अधिक मानसून से वाहन क्षेत्र पर सकारात्मक असर पड़ेगा।



**पीवी की घरेलू बिक्री में मारुति शीर्ष पर**– यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही।कंपनी ने मई में कुल 1,35,962 यात्री वाहन बेचे।महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एक साल पहले के 43,218 की तुलना में 52,431 यात्री वाहन बेचे।

## अब घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा टैरिफ, टाटा के शेयर को बेचने की होड़

**मुंबई।** टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार, 17 जून को एक बार चर्चा में हैं। दरअसल, ब्रिटेन और अमेरिका ने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक ट्रेड डील पर हस्ताक्षर किए। डील की रूपरेखा के अनुसार, इस महीने के अंत से यूके ऑटो निर्यात में 1,00,000 वाहनों के सालाना कोटे पर यूएस टैरिफ 27.5 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगा। कंपनी के शेयर आज शुरुआती कारोबार में 2 प्रतिशत तक टूटकर 677 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गए थे।

**क्या है डिटेल**– बता दें कि 25 प्रतिशत टैरिफ के बिना यूके से यूएस में प्रवेश करने वाले अन्य प्रोडक्ट्स की सूची बाद में तय की जाएगी। ऑटो टैरिफ लगाए जाने से पहले, यात्री वाहनों पर मानक यूएस आयात शुल्क 2.5 प्रतिशत था। इसका मतलब




है कि नई टैरिफ दर पारस्परिक टैरिफ से कम होगी, लेकिन वे पहले की मानक दर से अधिक होगी। मंगलवार को निफ्टी 50 इंडेक्स पर यह शेयर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में से एक था, क्योंकि इसकी यूके इकाई जगुआर लैंड रोवर ने चालू वित्त वर्ष के लिए कम मार्गदर्शन जारी किया था।

## 20 पैसे के शेयर ने बनाया करोड़पति

**एक लाख के बना दिए 3.50 करोड़ रुपये, रोजाना लग रहा अपर सर्किट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफडी में ब्याज दर कम होने के बाद काफी लोग शेयर मार्केट में निवेश की ओर मुड़ गए हैं। शेयर मार्केट में निवेश जोखिमभरा होता है, बावजूद इसके यहां ज्यादा रिटर्न की खातिर लोग जोखिम भी ले रहे हैं। शेयर मार्केट में ऐसे कई मल्टीबैगर स्टॉक हैं जो निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहे हैं। ऐसे ही एक शेयर ने मात्र 5 साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। इस शेयर का नाम ईस्ट इंडिया ड्रम्स एंड बैरल्स मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड है। यह शेयर पिछले काफी समय से काफी तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही यह लगातार अपर सर्किट को भी छू रहा है। सोमवार को भी इसमें 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा था। इस सर्किट के साथ यह शेयर 71.62 रुपये पर बंद हुआ। एक समय इस शेयर की कीमत मात्र 20 पैसे थी। मंगलवार को इसमें कोई कारोबार नहीं हुआ और यह 71.62 रुपये पर ही था। इस समय यह अपने 52 हफ्ते के उच्चतम शिखर पर है।



**दो महीने में दोगुना रिटर्न**– इस शेयर ने करीब दो महीने में ही निवेशकों को दोगुना रिटर्न दिया है। 15 अप्रैल को इसकी कीमत करीब 36 रुपये थी।

अब 72 रुपये से थोड़ी कम है। ऐसे में इसने करीब दो महीने में निवेशकों की रकम को दोगुना कर दिया है। अगर दो महीने पहले आपने इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आप उनकी वैल्यू करीब दो लाख रुपये हो चुकी होती।


### एक साल कितना दिया फायदा

इसने एक साल में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। यह रिटर्न कोई 200 या 400 फीसदी नहीं, बल्कि 2000 फीसदी रहा। एक साल पहले इसकी कीमत 3.40 रुपये थी।
अगर आपने एक साल पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो वह रकम बढ़कर आज 20 लाख रुपये से ज्यादा होती।

## अदालती प्रतिबंध के बीच सफर के लिए खुद पार्सल बन रही जनता

**सरकार से हस्तक्षेप की अपील**

**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य में बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगा रखा है। अदालत की सख्ती के बीच दो पहिया वाहनों से सफर करने का विकल्प चुनने वाले लोगों ने अनोखा रास्ता निकाला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर यूजर्स सरकार की सख्ती को लेकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बाइक चलाकर जीवन-यापन कर रहे राइडर्स ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से हस्तक्षेप करने की अपील की है।



इससे पहले विगत 14 मई को पारित एक आदेश में कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध बरकरार रखा। इससे रैपिडो, ओला और उबर जैसी कंपनियों को बड़ा झटका लगा है। कर्नाटक हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की खंडपीठ ने शुक्रवार को कहा कि अगर राज्य सरकार बाइक टैक्सी पॉलिसी बनाने में रुचि दिखाती, तो अंतरिम राहत पर विचार किया जा सकता था।

## 1 से कम के शेयर की दहाड़, आज है एनएसई टॉप गेनर, कर्जमुक्त है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच आज 1 रुपया से कम का एक स्टॉक एनएसई टॉप-20 गेनर्स की लिस्ट में है। हम बात कर रहे हैं कर्जमुक्त कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की। इस कंपनी के शेयर गिरावट भरे बाजार में भी दहाड़ रहे हैं। 62 पैसे के इस स्टॉक में आज अपर सर्किट लगा है। एनएसई पर इसमें 19.23 पर्सेंट की उछाल है। आज इस शेयर को बेचने को कोई तैयार नहीं है। ऑर्डर बुक में 49226054 शेयर खरीदारी के लिए लगे हैं। आज यह स्टॉक 61 पैसे के रेट से खुला और 62 पैसे के डे हाई पर पहुंच गया। इसने पिछले 5 दिन में ही 63 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक महीने में 59 पर्सेंट चढ़ा है। इस साल इसने करीब 29 पर्सेंट की गिरावट दर्ज की है।

**क्या करती है केबीसी ग्लोबल लिमिटेड**- इसका पुराना नाम करदा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड था। केबीसी ग्लोबल एक भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट कंपनी है, इसका मेन बिजनेस रियल एस्टेट निर्माण एवं विकास है।

## मौसमी बदलावों के कारण मई में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हुई, महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में मई 2025 के दौरान बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत पहुंच गई, जो अप्रैल में 5.1 प्रतिशत थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मौसमी उतार-चढ़ाव और भीषण गर्मी के कारण हुई, जिससे कृषि और श्रम से जुड़ी गतिविधियों पर असर पड़ा। यह जानकारी सोमवार को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी मासिक श्रम सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में सामने आई।

**युवा और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित**– नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले महीने पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में थोड़ी अधिक 5.8 प्रतिशत थी। युवाओं पर बेरोजगारी की अधिक मार देखने को मिली है। मई में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 15-29 आयु वर्ग के लिए बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अप्रैल के 17.2 प्रतिशत से बढ़कर मई में 17.9 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह पिछले महीने के 12.3 प्रतिशत से बढ़कर 13.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। खासकर, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में बढ़कर 16.3 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 14.4 प्रतिशत थी। पुरुषों में इसी आयु वर्ग के लिए यह दर 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) मई में घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई जो अप्रैल में 55.6 प्रतिशत थी। महिलाओं की भागीदारी दर में गिरावट ग्रामीण इलाकों में अस्थायी और अवैतनिक कार्यों से बाहर होने वाली महिलाओं की संख्या में कमी से जुड़ी है। श्रमिक जनसंख्या अनुपात भी घटकर मई में 51.7 प्रतिशत हो गया, जो अप्रैल में 52.8 प्रतिशत था। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 54.1 प्रतिशत, जबकि शहरी क्षेत्रों में 46.9 प्रतिशत दर्ज किया गया।




कृषि गतिविधियों में मंदी और गर्मी बनी कारण

## आयात घटने से व्यापार घाटा कम होकर 21.88 अरब डॉलर

**इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात बढ़ा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल तनाव, अन्य वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारत से निर्यात में लगातार दो महीने तक बढ़ोतरी के बाद फिर गिरावट आई है। देश से वस्तुओं का निर्यात मई, 2025 में सालाना आधार पर 2.17 फीसदी घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 39.59 अरब डॉलर था। आयात घटने से व्यापार घाटा मई, 2024 के 22.51 अरब डॉलर से कम होकर 21.88 अरब डॉलर रह गया।

उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने कुल 60.61 अरब डॉलर की वस्तुओं का आयात किया गया। यह आंकड़ा मई, 2024 के 61.68 अरब डॉलर की तुलना में 1.7 फीसदी कम है। कच्चे तेल और सोने का आयात घटने से यह गिरावट आई है। इस दौरान देश से 32.39 अरब



डॉलर की सेवाओं का निर्यात किया गया, जबकि आयात 17.14 अरब डॉलर रहा।वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 71.12 अरब डॉलर पहुंच गया।

**इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 54 फीसदी बढ़ा**– इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात मई में 54.1 फीसदी बढ़कर 45.7 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 30.32 फीसदी घटकर 5.6 अरब डॉलर रहा। चावल, लौह अयस्क, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग और कपड़ों की कुछ श्रेणियों के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई। चाय, कॉफी, मसाले, सभी प्रकार के वस्त्र, रसायन, समुद्री उत्पाद और फार्मा के निर्यात में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली।

### क्रूड-सोने का आयात 26.14 फीसदी तक घटा

मई में कच्चे तेल का आयात 26.14 फीसदी घटकर 14.75 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान 2.5 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 12.6 फीसदी की कमी दर्शाता है।

### अमेरिका और चीन को 25 प्रतिशत तक बढ़ा निर्यात

भारत से मई में जिन देशों को निर्यात बढ़ा, उनमें अमेरिका, चीन, सिंगापुर, बेल्जियम, रूस और जर्मनी शामिल हैं।ऑस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया और मॉरीशस जैसे देशों को निर्यात में भी प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के मुताबिक, भारत से अमेरिका को निर्यात मई में 16.93 फीसदी बढ़कर 8.83 अरब डॉलर पहुंच गया।

## ईरान अब नहीं रहा दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाला देश, इजरायल में इससे 75 गुना महंगा तेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान अब दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाला देश नहीं रहा। इसकी जगह लीबिया ने ले ली है। ग्लोबलपेट्रोलप्राइसेज डॉट कॉम के मुताबिक दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल



लीबिया में 2.35 रुपये लीटर है। जबकि, ईरान में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 2.44 रुपये है। इसके बाद नंबर वेनेजुएला का है, जहां पेट्रोल की कीमत 2.99 रुपये लीटर है। चौथे नंबर पर अंगोला है। अंगोला में पेट्रोल 27.98 रुपये लीटर बिक रहा है। आंकड़े 9 जून को अपडेट किए गए थे। बता दें इजरायल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत भारतीय करेंसी में 181.06 रुपये लीटर है।

### कच्चे तेल की कीमतों में आग

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आग लगी है। आज तेजी के बावजूद कच्चा तेल 75 डॉलर प्रति बैरल के नीचे है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक ब्रेंट क्रूड के अगस्त वायदा में 0.30 पर्सेंट की बढ़ोतरी है और यह 73.45 डॉलर प्रति बैरल पर है। डब्ल्यूटीआई का जुलाई वायदा भी 0.42 पर्सेंट चढ़कर 72.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

### पेट्रोल-डीजल के नए रेट अपडेट

इस बीच भारत की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट अपडेट कर दी हैं। आज भी यहां पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बढ़ोतरी या कमी नहीं की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 17-06-2025 21:56 Page 1



# गुलगुलिया समुदाय की दामिनी ने की डीसी से मार्मिक अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाकुलिया।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का सरकारी नारा सुनने में अच्छा लगता है, लेकिन इन वाक्यों को जब धरातल पर उतारने की बारी आती है तो सिस्टम फिसड्डी साबित होने लगता है। कुछ ऐसा ही हो रहा है पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया नगर पंचायत कार्यालय के समीप रहनेवाली गुलगुलिया (खानाबदोश) समुदाय की दामिनी सबर के साथ।

परिवार एवं समुदाय के निर्णय के विरुद्ध बाल विवाह ठुकराने वाली दामिनी मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास कर चुकी है। वह आगे पढ़ना चाहती है। अपने पैरों पर खड़ा होकर सम्मान से जीना चाहती है। परिवार एवं समुदाय की अन्य लड़कियों को एक नई राह दिखाना चाहती है, लेकिन कैसे करे?

उसके पास शैक्षणिक संस्थाओं की फीस भरने के लिए न तो पैसे हैं, न ही फीस माफी की सुविधा लेने के लिए आवश्यक सरकारी दस्तावेज। मिट्टी की झोपड़ी में रहना, जमीन पर सोना ही नियति है। पिता ज्योति सबर का चार साल पहले निधन हो चुका है। मां जेसिन सबर मजदूरी कर सात बच्चों को पाल रही हैं।

दामिनी भी पहले मां के साथ मजदूरी करती थी। गुलगुलिया समुदाय के अन्य बच्चों की तरह ट्रेनों में झाड़ू लगाती और भीख मांगती थी। फिर एक समाजसेवी की नजर उसपर पड़ी। उनकी मदद से उसका दाखिला केएनजे उच्च विद्यालय में हो गया। घर के अभाव में पेड़ के नीचे पढ़कर दामिनी ने जब प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास कर दिखाया तो सभी चौंक उठे।

इसके बाद तत्कालीन डीसी विजया जाधव के निर्देश पर उसका नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया गया। इस वर्ष दामिनी ने इंटर कला संकाय की परीक्षा भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर दिखाया है। अब उसके समक्ष यक्ष प्रश्न यह है कि आगे की पढ़ाई कैसे करें।

सीओ दामिनी को उम्मीद है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के नए डीसी कर्ण सत्यार्थी उसकी स्थिति का संज्ञान लेंगे। वह आगे की पढ़ाई कर सकेगी। इंटर का रिजल्ट आने के अगले ही दिन दामिनी ने डीसी को वाटसएप कर जाति प्रमाणपत्र से संबंधित समस्या बताई थी। डीसी ने आवेदन भेजने को कहा था। आवेदन भेजने के 10 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

दरअसल, दामिनी जिस गुलगुलिया समुदाय से आती है, वह अंचल कार्यालय की जाति सूची में सूचीबद्ध ही नहीं है। सीओ नवीन पुरती के मुताबिक इस कारण जाति प्रमाण पत्र निर्गत करना संभव नहीं है। कहने को गुलगुलिया सबर जाति में आते हैं और उन्हें अंत्योदय योजना का लाभ भी मिलता है। दामिनी का इंटर का रिजल्ट निकले 11 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक नामांकन की कोई व्यवस्था नहीं हुई है।

# झामुमो-राजद के बीच सीट बंटवारे को ले तनाव की स्थिति?

### ▶ राजद के रूख से झामुमो हुआ असहज ▶ गठबंधन बनाए रखने की कवायद तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच सीट बंटवारे को लेकर तनाव भले ही बढ़ता दिख रहा है, लेकिन तालमेल की गुंजाइश अभी खत्म नहीं हुई है। झामुमो ने बिहार में 12 विधानसभा सीटों पर दावा ठोका है, खासकर झारखंड से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में, जहां उसका प्रभाव माना जाता है।

हालांकि, राजद का रुख झामुमो को असहज कर रहा है, लेकिन दोनों दल तालमेल बनाए रखने के लिए बीच का रास्ता तलाशने की कोशिश में जुटे हैं। इसके लिए झामुमो के वरिष्ठ नेता राजद के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय के मुताबिक, हमारा गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर है। बिहार में हमारी उपस्थिति को कम आंकना ठीक नहीं। हमारे कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए।

दूसरी ओर, राजद ने झामुमो को बिहार में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में स्वीकार करने में फिलहाल संकोच दिखाया है। राजद ने कहा है कि झामुमो एक राजनीतिक दल है और उसे बिहार में अपनी इच्छानुसार सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की आजादी है। झामुमो और राजद के बीच तनाव के बावजूद दोनों दल गठबंधन को बचाने के लिए प्रयासरत हैं। झामुमो के वरिष्ठ नेताओं को राजद के शीर्ष नेतृत्व विशेष रूप से लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से बातचीत का जिम्मा सौंपा गया है।

## शीर्ष नेतृत्व को सौंपी गयी जिम्मेवारी

हेमंत सोरेन और लालू परिवार के बीच बेहतर व्यक्तिगत संबंध इस मसले को सुलझाने में मददगार हो सकते हैं। झामुमो की मांग भले ही 12 सीटों की है, लेकिन पार्टी इसपर समझौते के लिए तैयार हैं। यदि झामुमो और राजद के बीच समझौता नहीं हुआ तो इसका फायदा एनडीए को मिल सकता है। विशेष रूप से भाजपा और जदयू गठबंधन पहले से ही बिहार में अपनी रणनीति को मजबूत करने में जुटे हैं। झामुमो के लिए यह स्थिति न केवल गठबंधन की एकता की परीक्षा है, बल्कि बिहार में अपनी राजनीतिक उपस्थिति को स्थापित करने का अवसर भी है।

दूसरी ओर, राजद के लिए चुनौती है कि वह अपने सहयोगियों को संतुष्ट करते हुए अपनी प्रमुखता बनाए रखे। आने वाले दिनों में होने वाली बैठकों में यह तय होगा कि क्या दोनों दल बीच का रास्ता निकाल पाते हैं या यह तकरार महागठबंधन के लिए नई मुश्किलें खड़ी करेगी।

# डीएलआरसी एवं डीएलसीसी की बैठक

## बैंकों के कार्यों का हुआ आकलन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय खूँटी के कार्यालय कक्ष में आज उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और बैंकों के कार्यों का आंकलन करना था। इस दौरान जिला अंतर्गत मार्च 2025 क्वाटर में केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि की गहन समीक्षा की गई।

उप विकास आयुक्त ने बैंकों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरे करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मत्स्य, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। वहीं आरसेटी के तहत बाइक रिपेरिंग, स्वीट कॉर्न पैकेजिंग समेत अन्य नए-नए विषयों पर प्रशिक्षण देने हेतु चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।

बैठक में डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी, सहित जिले के विभिन्न बैंकों के प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# समलैंगिक महिला की पत्नी हुई गायब

## प्राथमिकी दर्ज, लगायी मदद की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रांची के धुर्वा निवासी एक महिला ने गिरिडीह महिला थाने में आवेदन देकर अपनी समलैंगिक पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी पत्नी की तलाश में मदद की गुहार लगाई है।

आवेदन के अनुसार, 2017 में नौकरी के दौरान रांची की महिला की गिरिडीह निवासी एक महिला से दोस्ती हुई, जो बाद में गहरे रिश्ते में बदल गई।

गिरिडीह की महिला पहले से विवाहित थीं, लेकिन चार मई 2024 को उनका तलाक हो गया। इसके बाद, 22 अगस्त 2024 को दोनों ने एक मंदिर में शादी की और एक साथ रहने लगीं।

14 मई 2025 को, रांची की महिला अपने मायके गिरिडीह पहुंची, जहां उनकी आखिरी बातचीत हुई। इसके बाद से उनकी पत्नी लापता हैं और उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा है।

24 मई को रांची की महिला ने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई। 28 मई को एक अज्ञात कॉलर ने धमकी दी कि महिला को भूल जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे।

24 मई को रांची की महिला ने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई। 28 मई को एक अज्ञात कॉलर ने धमकी दी कि महिला को भूल जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे।

यह मामला अब संदेहास्पद होता जा रहा है।

रांची की महिला ने 14 जून को गिरिडीह महिला थाने की पुलिस को आवेदन देकर न्याय और अपनी पत्नी की तलाश की गुहार लगाई है।

# तत्काल के बाद अब जेनरल टिकट बुकिंग के बदले नियम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** तत्काल कोटे से टिकट बुकिंग के लिए एक जुलाई से आधार व 15 जुलाई से ओटीपी अनिवार्य करने बाद अब रेलवे ने सामान्य कोटे से बुक होने वाले टिकट में भी बड़ा बदलाव किया है। स्लीपर से एसी तक की सभी श्रेणियों में अब सीमित संख्या में ही वेटिंग लिस्ट वाले टिकट बुक कराए जा सकते हैं।

ट्रेन के चलने वाले स्टेशन से लेकर बीच के स्टेशन पर भी यह व्यवस्था लागू हो गई है। जिस स्टेशन पर जिस ट्रेन का जितना सामान्य कोटा है, उससे 25 प्रतिशत अधिक ही वेटिंगलिस्ट टिकट जारी होंगे। 25 प्रतिशत अधिक वेटिंगलिस्ट जारी होते ही नो रूम हो जाएगा।

आरक्षित श्रेणियों में क्षमता से अधिक वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों के सवार हो जाने से होनेवाली परेशानी के मद्देनजर रेलवे ने यह बदलाव किया है।

रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक यात्री विपणन शिवेंद्र शुक्ला की ओर से सभी जोनल रेलवे को इससे जुड़ा पत्र जारी कर दिया गया। सोमवार से बदलाव प्रभावी भी हो गया। रेलवे की इस नई व्यवस्था से देशभर के लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

धनबाद से चलने या गुजरने वाली किसी ट्रेन में स्लीपर में 20, थर्ड एसी 10 व सेकेंड एसी में आठ जनरल कोटा है तो स्लीपर में जनरल कोटे की 20 सीटों की बुकिंग के बाद केवल पांच-छह टिकट ही वेटिंग लिस्ट जारी होंगे।

थर्ड एसी में जनरल कोटे की 10 सीटों के बाद तीन से चार टिकट व सेकेंड एसी में दो से तीन ही वेटिंग लिस्ट टिकट जारी हो सकेंगे।

वेटिंग लिस्ट टिकट के लिए सीमा निर्धारित होते ही ज्यादातर ट्रेनों में नो रूम दिखने लगे। धनबाद से चलने वाली गंगा-सतलज, धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस के साथ-साथ यहां से गुजरने वाली कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस समेत अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों के स्लीपर व एसी श्रेणी में निर्धारित सामान्य कोटे के बाद 25 प्रतिशत वेटिंग लिस्ट टिकट जारी होते ही रिग्रेट यानी नो रूम दिखने लगा है।

हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी, सियालदह-नई दिल्ली राजधानी में पूरे जून तक तो दुरंतो एक्सप्रेस में भी अलग-अलग दिनों में नो रूम की स्थिति है।

निर्धारित कोटे से 25 प्रतिशत तक अधिक टिकट बुकिंग की व्यवस्था तत्काल कोटे से बुक होनेवाले टिकटों पर भी होगा। रियायती टिकट व वारंट में इसकी बाध्यता नहीं रहेगी। रोड साइड स्टेशन के साथ छोटे स्टेशन पर भी यह प्रभावी होगा।

# पानी के लिए तरस रहे मरीज : रूचिर तिवारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव व डालटनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने 8.30 बजे एमएमसीएच का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड में जाकर मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात भी किया व सांत्वना दिया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार है। वार्ड से बदबू भी आ रहा है। मरीजों ने बताया कि अस्पताल में पानी का भीषण संकट है। मरीज व अटेंडेंट पानी लेने के लिए स्टेशन रोड जाते हैं।

श्री तिवारी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू प्रमंडल का इतना बड़ा अस्पताल का यह हाल है तो सीएचसी के हाल का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री पलामू के हैं। भाजपा के विधायक व सांसद विकास का दावा कर रहे हैं। महीना में दो दिन भाजपा के पूर्व मंत्री का पलामू में मीटिंग होता है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल बयानबाजी हो रहा है। भाजपा सरकार की तरह ही हेमंत सरकार भी निरंकुश हो गई है। अस्पताल अधीक्षक सिर्फ अपने पद पर बैठकर वेतन भी ले रहे हैं व धांधली भी कर रहे हैं। स्वास्थ्य जैसी व्यवस्था के साथ में ये सभी खिलवाड़ कर रहे हैं। अस्पताल के पदाधिकारियों पर कड़ा एक्शन लेने की मांग पलामू के उपायुक्त से की है।

# डीसी ने की बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय के सभागार से मंगलवार को जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग व समाज कल्याण अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद से सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत केंद्र व राज्य प्रायोजित सभी पेंशन योजनाओं की विवरणी व सभी योजनाओं के लाभुकों की जानकारी ली।इस दौरान बताया गया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था,विधवा व दिव्यांग पेंशन योजना के आवंटन अप्राप्त है जिसके कारण माह अप्रैल,मई व जून 2025 तक का भुगतान लंबित है।इसके अलावे विभिन्न पेंशन योजनाओं में वित्त वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवंटन की भी समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने




एचआईवी पर काम कर रहे विभिन्न एनजीओ संग बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए एचआईवी पीड़ित सभी लाभुकों को पेंशन देने की बात कही।

वहीं समाज कल्याण अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई में कार्यरत विभिन्न पदों की जानकारी ली,बताया गया कि कुल स्वीकृत 13 पद में से वर्तमान में 7 पदों पर मानव बल कार्यरत है और शेष 6 की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।इस दौरान उपायुक्त ने मिशन वात्सल्य के तहत संस्थागत सेवाएं यथा शेल्टर होम्स,चिल्ड्रेन्स होम्स,ऑब्जरवेशन होम्स,स्पेशल होम्स व स्पेशलाइज्ड सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन विथ स्पेशल नीड तथा गैर संस्थागत अंतर्गत स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर,एडॉप्शन व स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी के तहत किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी।

डीसी ने मिशन वात्सल्य को समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह योजना अनाथ बच्चों,मानव तस्करी के शिकार बच्चों,बाल मजदूरी में संलग्न बच्चों और घुमंतू बच्चों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होने जैसा है।उन्होंने बाल सुरक्षा समितियों और स्थानीय संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बच्चों को उनका अधिकार दिलाने और उनके साथ होने वाली किसी भी प्रकार की उपेक्षा या हिंसा को रोकने के लिए हर स्तर पर संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए जमीनी स्तर पर कार्य करने पर बल दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त,सहायक समाहर्ता, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत बाल संरक्षण इकाई से जुड़े कर्मीगण उपस्थित रहे।

# गर्भवती ने 108 एबुंलेंस में बच्चे को दिया जन्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा के जयनगर की रहने वाली प्रसूता बबली देवी का प्रसव रास्ते में एंबुलेंस में हो गया। काफी मशक्कत के बाद सदर अस्पताल धनबाद लाया गया।

एक ओर 108 एंबुलेंस ने तत्परता दिखाई तो दूसरी ओर सड़क जाम और अस्पताल में अवस्था देखी गई। फिलहाल जच्चा और बच्चा स्वस्थ है।

बबली देवी की रिश्तेदार भादो देवी ने बताया कि प्रसव होने के बाद 108 एंबुलेंस को कॉल किया गया था। लेकिन बबली प्रसव पीड़ा से काफी तड़प रही थी।

रास्ते में बरवाअड्डा के पास आने के बाद एंबुलेंस में ही बबली देवी का प्रसव हो गया। बबली की दो चाची भी एंबुलेंस में सवार थी।

बबली के पति का नाम हीरा रजवार है पहले से एक 6 साल की बेटी है। हीरा प्राइवेट नौकरी करता है। एंबुलेंस का ड्राइवर संजय कुमार ने बताया कि रास्ते में जाम की वजह से परेशानी हुई।

एंबुलेंस को जल्दी से सदर अस्पताल धनबाद लाया जा रहा था, तभी सिटी सेंटर के पास भारी जाम लग गया।

टोटो चालक यहां पर आपस में मारपीट कर रहे थे। पूरा एक लेन जाम हो गया।

पीछे एंबुलेंस लगातार सायरन बजता रहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। लगभग 15 मिनट तक एंबुलेंस जाम में फंसा रहा। किसी तरीके से जाम हटा।

सदर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के इमरजेंसी में बबली को लेकर आया गया। लेकिन इमरजेंसी से लेकर पूरे अस्पताल में अंधेरा पसरा हुआ था।

बताया गया अस्पताल में बिजली नहीं है और इनवर्टर और सोलर प्लांट लोड नहीं उठा रहे हैं। इस अंधेर मैं ही मरीज की जांच करके वार्ड में शिफ्ट कराया गया।

# योजनाबद्ध तरीके से हुई मिड डे मील में लूट

## जांच के बाद कई पदाधिकारी आ सकते हैं जद में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज के बरहेट प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय चुटिया में योजनाबद्ध तरीके से मिड डे मील में लूट हुई।

इतनी बड़ी लूट बिना बीईईओ, बीआरपी व सीआरपी की मिलीभगत से संभव नहीं है क्योंकि प्रत्येक माह कम से कम दो बार सीआरपी को स्कूल का निरीक्षण करना है तथा वहां उपस्थित बच्चों की संख्या ई विद्या वाहिनी में अपलोड करना है।

ऐसा होता भी है लेकिन सीआरपी वहीं संख्या ई विद्या वाहिनी में अपलोड करते हैं जो प्रधानाध्यापक उन्हें बताते हैं। ऐसा करने के एवज में निर्धारित राशि प्रत्येक माह सीआरपी को मिलती है। कई जगह हिस्सेदारी को लेकर विवाद भी हो चुका है। कई प्रधानाध्यापक इतने पहुंच वाले हैं कि सीआरपी उनकी कृपा पर नौकरी करते हैं।

प्राथमिक विद्यालय चुटिया में मुंशी टुडू व अनिल कुमार तूरी नियमित तथा विजय हांसदा पारा शिक्षक कार्यरत थे। 2019 में मुंशी टुडू रिटायर हो गए।

इसी बीच पारा शिक्षक खजीमुद्दीन अंसारी की पोस्टिंग स्कूल में कर दी गई। चूंकि मुंशी टुडू के रिटायर होने पर अनिल तूरी को प्रधानाध्यापक का प्रभार देना पड़ता। इसलिए उन्हें प्रतिनियोजन पर प्राथमिक विद्यालय गोराडीह भेज दिया गया।

इसके बाद खजीमुद्दीन अंसारी को प्रधानाध्यापक का प्रभार दे दिया गया। जून 2019 से वह प्रधानाध्यापक के पद पर वहां कार्यरत थे।

आंकड़ों के अनुसार प्रतिमाह 50 हजार रुपये का भी गोलमाल किया गया तो साल में यह आंकड़ा छह लाख पर पहुंच जाता है। छह साल में 36 लाख रुपये से अधिक का घोटाला वहां होने की आशंका जताई जा रही है।

इसके अलावा बच्चों के बीच वितरण के लिए पोशाक, जूता-मोजा, बैग, किताब-कापी आदि भी आता है। कक्षा एक व दो के बच्चों के लिए राशि स्कूल के खाते में आती है जबकि उससे उपर की कक्षा के बच्चों के खाते में सीधे राशि भेजी जाती है।



बरहेट प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय चुटिया के प्रधान शिक्षक खजीमुद्दीन अंसारी को आटो पर लदे 12 बोरा चावल के साथ 11 जून को ग्रामीणों ने पकड़ा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद डीएसई ने खजीमुद्दीन अंसारी को उक्त स्कूल से हटा दिया। अनिल तूरी को वहां भेजा। उन्होंने 12 जून को वहां योगदान किया।

खजीमुद्दीन अंसारी जब तक स्कूल में रहे तब तक 230 से 240 बच्चों के मध्याह्न भोजन की रिपोर्ट भेजी जाती थी लेकिन वर्तमान में यह आंकड़ा 30 से 40 पर आ गया। सोमवार को स्कूल में मात्र 32 बच्चे मिले। 12 जून को 25, 13 जून को 51, 14 जून को 42 बच्चे आए। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि खजीमुद्दीन अंसारी के कार्यकाल में बड़ी संख्या में फर्जी हाजिरी बनाकर चावल व कूकिंग कास्ट की राशि का गबन किया जाता था। जिले के अन्य स्कूलों में भी इस प्रकार मिड डे मील में गोलमाल की आशंका है।

# जनहित याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में राज्य में जमीन सर्वे को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को जमीन सर्वे की तकनीक बिहार सहित तीन राज्यों से आदान-प्रदान करने की प्रक्रिया तेज करने कहा है।

अदालत ने कहा कि नई तकनीक के जरिए जमीन सर्वे के काम में तेजी लाने का निर्देश देते हुए अद्यतन जानकारी मांगी है। मामले में अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी।

सुनवाई दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि जमीन सर्वे के लिए तीन टीम बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की तकनीक सीख रही हैं। पिछले दिनों एक टीम आंध्र प्रदेश में हुए कान्फ्रेंस में शामिल होकर तकनीक को अपडेट किए जाने की जानकारी प्राप्त की।

इसके अलावा, दो अन्य टीम बिहार एवं कर्नाटक से जमीन सर्वे की नई तकनीक सीखेगी, जिससे जमीन सर्वे के तकनीक को झारखंड में भी अपग्रेड कर काम में तेजी लाई जाएगी।

# चतुर्थ वर्गीय बहाली के विज्ञापन में अनियमितता से छात्रों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय बहाली में अनियमितता बरती गई है। इससे छात्रों में आक्रोश है। उक्त बातें छात्र नेता सत्यनारायण शुक्ला ने कही। वे सैकड़ों छात्रों के साथ पलामू के उपायुक्त से मिलने के बाद समाहरणालय गेट पर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय 585 पदों पर जारी बहाली विज्ञापन में गंभीर त्रुटियां व विसंगतियां सामने आई हैं। इससे जिले के हजारों छात्र-छात्राओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में न तो परीक्षा की तिथि का उल्लेख किया गया है, न ही चयन की कोई स्पष्ट प्रक्रिया बताई गई है। मेरिट सूची केवल मैट्रिक स्तर के अंकों के आधार पर बनाई जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। इसके अतिरिक्त, स्थानीयता को पूरी त
रह से नजरअंदाज कर दिया गया है। इससे पलामू के स्थानीय अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन हो रहा है।



उन्होंने कहा कि वे पलामू की उपायुक्त से वातालाप किया। परंतु उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे इस प्रक्रिया में कोई संशोधन नहीं कर सकते। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल राज्य के वित्त मंत्री से मुलाकात की। लेकिन उन्होंने भी कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी से मुलाकात हुई। आश्वासन जरूर दिया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

उन्होंने कहा कि छात्र लगातार तीन दिनों से समाहरणालय का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। छात्र नेता सतनारायण शुक्ला ने घोषणा की कि आगामी तीन दिनों के भीतर विज्ञापन में संशोधन कर स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता, चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व स्पष्ट परीक्षा प्रणाली की घोषणा नहीं की जाती है तो वे मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव, कार्मिक सचिव व वित्त सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौपेंगे। इसके पश्चात कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण व सशक्त होगा।

CMYK

एमएलसी 2025

# टेक्सास सुपर किंग्स ने लगाई जीत की हैट्रिक, सिएटल ऑर्कस को 93 रन से रौंदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के सातवें मैच में सिएटल ऑर्कस के खिलाफ 93 रन से रौंदा। इसी के साथ टेक्सास सुपर किंग्स ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 153 रन बनाए। इस टीम को 22 के स्कोर पर कप्तान फाफ डू प्लेसिस के रूप में पहला झटका लगा। डू प्लेसिस महज सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद डेवोन कॉन्वे (13) भी चलते बने। टीम 26 के स्कोर तक अपने सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से सैतेजा मुक्कामल्ला ने डेरिल मिचेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। मुक्कामल्ला 23 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मिचेल ने 26 गेंदों में 25 रन बनाए। इसके अलावा मार्कस स्टोइनिस ने टेक्सास के खाते में 28 रन जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से जसदीप सिंह और हरमीत सिंह ने सर्वाधिक दो-दो विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में सिएटल ऑर्कस की टीम 13.5 ओवरों में सिर्फ 60 रन पर सिमट गई। महज 21 के स्कोर ऑर्कस की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी, जहां से उसके लिए संभलना मुश्किल हो गया। इस टीम के लिए आरोन जोन्स ने 17, जबकि जसदीप सिंह ने 12 रन बनाए। इनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका। टेक्सास सुपर किंग्स की ओर से जिया-उल-हक, नांद्रे बर्गर और नूर अहमद ने सर्वाधिक तीन-तीन शिकार किए। टेक्सास सुपर किंग्स अपने अगले मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न को चुनौती देगी। दोनों ही टीमें लगातार तीन-तीन मैच जीतकर इस मुकाबले में उतरेंगी। वहीं, लगातार दूसरी हार के बाद सिएटल ऑर्कस अगले मैच में एमआई न्यूयॉर्क का सामना करने जा रही है। इन दोनों ही टीमों ने अभी तक जीत का खाता नहीं खोला है।

# अब चार दिन के होंगे टेस्ट मैच, भारत समेत तीन टीमें रहेंगी अपवाद




**दुबई, एजेंसी।** एक रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में चर्चा के दौरान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है।विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के आने के बाद से टेस्ट क्रिकेट का रोमांच दोगुना हो गया है। अब टीमों के बीच जीत को लेकर रोमांचक जंग देखने को मिलती है। हालांकि, इसे और रोचक बनाने के लिए आईसीसी प्लेइंग कंडीशन में बदलाव करने जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है, लेकिन भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें इसमें अपवाद रहेंगी। ये तीनों देश एक दूसरे के खिलाफ पारंपरिक पांच दिवसीय मैच खेलेंगे। मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण और बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। आईसीसी का मानना है कि इससे छोटे देशों को ज्यादा से ज्यादा टेस्ट और लंबी सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। द गार्जियन अखबार की एक रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में चर्चा के दौरान आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसकी चर्चा फाइनल के दौरान इसलिए हुई ताकि समय से इस नियम को मंजूरी मिल सके और इसके लिए नियम बनाएं जा सकें।

# अश्विन पर मौजूदा तमिलनाडु प्रीमियर लीग में गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन पर तमिलनाडु प्रीमियर लीग में गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मदुरै पैंथर्स ने हाल ही में टीएनपीएल को एक लिखित शिकायत दी थी जिसमें अश्विन और मौजूदा खिताब धारक डिंडीगुल ड्रैगन्स पर शनिवार 14 जून को गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया गया था। टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने पैंथर्स से इस प्रतिष्ठित ऑफ स्पिनर के खिलाफ अपने आरोप का समर्थन करने के लिए सबूत मांगे हैं, जिन्होंने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और उनके नाम 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर मदुरै फ्रेंचाइजी सबूत पेश करने में विफल रहती है, तो अश्विन के खिलाफ इस तरह का आरोप लगाने के लिए दंड का सामना करना पड़ेगा। प्रसन्ना ने कहा, उन्होंने शिकायत दर्ज करवाई है, जिसे हमने स्वीकार कर लिया है। हालांकि उन्हें खेल के 24 घंटे के भीतर कोई भी शिकायत दर्ज करानी होती है, फिर भी हमने इसे स्वीकार कर लिया है और उनसे अपने आरोपों का सबूत पेश करने को कहा है। उन्होंने कहा, अगर हमें लगता है कि उनके आरोपों में कोई सच्चाई है, तो हम एक स्वतंत्र समिति का गठन करेंगे। पर्याप्त सबूतों के बिना, किसी खिलाड़ी और दूसरी फ्रेंचाइजी के खिलाफ इस तरह के आरोप लगाना गलत है। अगर वे कोई सबूत नहीं देते हैं, तो मदुरै को उचित दंड का सामना करना पड़ेगा।

पैंथर्स ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अश्विन और उनके ड्रैगन्स टीम के साथियों ने गेंद को पोंछने के लिए रसायन वाले तौलिये का इस्तेमाल किया जिसके परिणामस्वरूप गेंद भारी हो गई और बल्ले से संपर्क करने पर धातु जैसी आवाज आई। मदुरै फ्रेंचाइजी के सीओओ एस महेश ने टीएनपीएल को अपनी शिकायत में लिखा, डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ हमारे हालिया मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का एक गंभीर मामला सामने आया। बार-बार चेतावनी के बावजूद डिंडीगुल की टीम ने गेंद से छेड़छाड़ की, ऐसे तौलिये का इस्तेमाल किया जो रसायनों से उपचारित लग रहे थे।

# 5 गेंद पर 5 विकेट...

## ● दिग्वेश राठी का आईपीएल के बाद भी जलवा कायम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में अपनी धारदार गेंदबाजी और अनोखे सेलिब्रेशन से चर्चा में आए दिग्वेश राठी ने टी20 के एक मुकाबले में कमाल कर दिया है. उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. लखनऊ सुपरजायंट्स के युवा स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक लोकल टी-20 मैच में लगातार 5 गेंदों में 5 विकेट झटका है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ही टीम के मालिक संजीव गोयनका ने भी इसका वीडियो शेयर किया है. मैच के दौरान दिग्वेश राठी ने लगातार पांच गेंदें फेंकीं और हर गेंद पर एक विकेट लिया. इस तरह उन्होंने सिर्फ एक ओवर में आधी टीम को पवेलियन भेज दिया. इससे पहले श्रीलंका के लसिथ मलिंगा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंदों में चार विकेट लिए थे, लेकिन राठी ने अब उससे एक कदम आगे बढ़कर पांच विकेट झटके हैं. हालांकि, उन्होंने ये कारनामा एक लोकल मुकाबले में किया. उन्होंने ये कमाल कब किया ये साफ नहीं है.

कैसे हुआ यह कमाल?

राठी ने हर गेंद पर बल्लेबाजों को चकमा दिया. उनकी गुगली और फ्लिपर गेंदों को बल्लेबाज समझ ही नहीं सके और लगातार आउट होते चले गए. यह प्रदर्शन न केवल रोमांचक था, बल्कि यह दिखाता है कि राठी में एक बड़ा स्पिनर बनने की क्षमता है.



दिग्वेश राठी ने आईपीएल 2025 में एलएसजी के लिए खेलते हुए 13 मैचों में 14 विकेट चटकाए थे. वह अपनी खास नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए भी काफी फेमस हैं. विकेट लेने के बाद वह एक काल्पनिक डायरी निकालकर बल्लेबाज का नाम लिखते हैं, जो फैन्स को बहुत पसंद आता है.

# चेल्सी की जीत में चमके पेड्रो नेटो, साथी खिलाड़ी का जताया आभार

**अटलांटा ।** चेल्सी ने लॉस एंजिल्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ अपने फीफा क्लब विश्व कप अभियान की शुरुआत की है। चेल्सी के स्टार पेड्रो नेटो ने मुकाबले के 39वें मिनट पर गोल दागकर चेल्सी का खाता खोलने में मदद की। मैच जीतने के बाद पेड्रो ने शुरुआती गोल के लिए निकोलस जैक्सन के पास को श्रेय दिया है। जैक्सन ने नेटो को एक बेहतरीन पास दिया, जिसका फायदा उठाकर पेड्रो ने ह्यूगो लॉरिस को पीछे छोड़ते हुए गोल दागा। इस गोल ने चेल्सी को अटलांटा में एलएएफसी के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। जीत के बाद नेटो ने फीफा से कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने टीम में कई पोजिशन पर खेला है। यह क्लब के साथ मेरा पहला साल है। मैं इस समय जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा हूं, उससे सच में खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे भी खेलूंगा। अपने गोल के बारे में नेटो ने कहा, मुझे पास के लिए निको का शुक्रिया अदा करना चाहिए। वह मेरे साथ थोड़ा मजाक कर रहे थे, क्योंकि मैंने (अपने जश्न के दौरान) उनका शुक्रिया अदा नहीं किया था, इसलिए मैं अब निको का बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा! नेटो 2024/25 सीजन के शानदार अंत के बाद क्लब वर्ल्ड कप के लिए यूएसए गए। उनके प्रदर्शन ने चेल्सी को प्रीमियर लीग में चौथा स्थान दिलाने में मदद की। नेटो ने कहा, हमें आत्मविश्वास से लबरेज होना होगा। हमने सीजन का अंत वाकई शानदार तरीके से किया। हमारे पास जो खिलाड़ी और जो टीम है, उसके साथ हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हम जितने भी गेम खेलेंगे, उसमें इसे बरकरार रखना होगा। इस बीच, चेल्सी के कोच एन्जो मारेस्का का मानना है कि नेटो टीम को एक अलग लेवल पर लेकर जा सकते हैं। एन्जो मारेस्का ने कहा, पेड्रो एक बहुत अच्छे इंसान हैं। वह बहुत प्रोफेशनल हैं। वह हर दिन कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने बहुत अच्छा गेम खेला।



# रोमांच की हदें पार, पहली बार हुए 3 सुपर ओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लासगो में स्कॉटलैंड टी20 ट्राई सीरीज के दूसरे मैच का ऐतिहासिक अंत हुआ। नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा। डच टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। यह पहली बार था जब कोई पेशेवर पुरुष क्रिकेट मैच (टी20 या लिस्ट ए) का निर्णय तीसरे सुपर ओवर में निकला।

## नेपाल को आखिरी ओवर में जीतने के लिए 16 रन चाहिए थे

मैच के अंतिम ओवर में नेपाल को जीतने के लिए 16 रन चाहिए थे। नंदन यादव ने तेज गेंदबाज काइल क्लेन के ओवर में 4, 2, 2, 4 रन बनाए और मैच को पहले सुपर ओवर में ले गए। बाएं हाथ के स्पिनर डेनियल डोरम ने पहले सुपर ओवर गेंदबाजी की। उन्होंने 19 रन दिए, जबकि कुशाल भुर्टेल ने दो छक्के और एक चौका लगाया। डोरम ने मैच के दौरान चार ओवरों में सिर्फ 14 रन दिए और तीन विकेट लिए।

## दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा मैच

नीदरलैंड्स की ओर से माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और मैक्स ओ'डॉड ने अंतिम दो गेंदों पर 6 और 4 ठोककर खेल को दूसरे सुपर ओवर में ले गए। दूसरे सुपर ओवर में ललित राजबंशी की पहली तीन गेंदों पर दो छक्के लगे, लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी की और नीदरलैंड्स को 17 रन पर रोक दिया। रोहित पौडेल ने पहली गेंद पर छक्का लगाया, जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी ने चौका लगाया और अंतिम गेंद पर सात रन चाहिए थे।

नीदरलैंड्स ने नेपाल को हराया




ऐरी ने फिर क्लेन को काउ कॉर्नर पर छक्का लगाकर नैच को पहली बार तीसरे सुपर ओवर में पहुंचाया।

## तीसरे सुपर ओवर में नेपाल नहीं बना पाया रन

ऑफ स्पिनर जैक लॉयन-कैशेट ने तीसरे सुपर ओवर की शुरुआत की और पौडेल और डेब्यूटेंट रूपेश सिंह के विकेट चटकाए। इससे नेपाल एक भी रन नहीं बना सका। इसके बाद लेविट ने संदीप लामिछाने की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर छक्का जड़कर रोमांचक मुकाबले का अंत किया।

## नेपाल ने पांच ओवर में 52 रन पर 2 विकेट गंवाए

इससे पहले 152 रनों का बचाव करते हुए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन फ्लेचर ने अपने टी20 करियर की शानदार शुरुआत की, उन्होंने लोकेश बाम को फुल और वाइड गेंद पर कैच आउट कराया। इसके बाद क्लेन ने अनिल साह को मिड-ऑन पर कैच कराया। इससे नेपाल का स्कोर 2.1 ओवर में 9 विकेट पर 2 विकेट हो गया। फिर भुर्टेल और पौडेल ने नीदरलैंड्स पर अटैक किया। नेपाल ने पांच ओवर में 52 रन पर 2 विकेट गंवा दिए, लेकिन डोरम ने भुर्टेल को 34 रन पर आउट कर दिया।

# इंग्लैंड दौरा: डी दीपेश और नमन पुष्पक भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि डी दीपेश और नमन पुष्पक को चोटिल आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की पुरुष अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। यह दौरा 24 जून से 23 जुलाई तक चलेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए आदित्य राणा और खिलान पटेल की जगह क्रमशः डी दीपेश और नमन पुष्पक को टीम में शामिल किया है। दीपेश और नमन दोनों ही दौरे के लिए




स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में शामिल थे। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चल रहे हाई परफोर्मेंस शिविर के दौरान आदित्य को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ जबकि खिलान को दाएं पैर में चोट लगी। टीम की अगुआई आयुष म्हात्रे करेंगे जिन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था। इस दौरे में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में 50 ओवर का अभ्यास मैच होगा जिसके बाद होव, नॉर्थम्पटन और वॉर्सेस्टर में पांच मैच की युवा एकदिवसीय श्रृंखला होगी।

# संन्यास के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यहां किया डेब्यू, 233 के स्ट्राइक रेट से मचाई तबाही, मारे सबसे ज्यादा छक्के



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे क्रिकेट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ने मेजर लीग क्रिकेट में धमाकेदार डेब्यू किया है. उनकी डेब्यू कितनी गजब की रही, इसका अंदाजा आप इस बात से ही लगा सकते हैं कि वो अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से खेलने और सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी रहे. स्टोइनिस ने एमएलसी 2025 में अपना डेब्यू मैच ताबड़तोड़ तरीके से टेक्सास सुपर किंग्स के लिए खेला. धुआंधार इनिंग खेलते हुए वो अपनी टीम के दूसरे टॉप स्कोरर भी रहे.

मार्कस स्टोइनिस ने इसी साल फरवरी में वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया था.ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम की एक बेहद अहम कड़ी मार्कस स्टोइनिस ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 में सिएटल ओर्कास के खिलाफ डेब्यू किया. मुकाबले में पहले बल्लेबाजी टेक्सास की टीम ने ही की, जिससे स्टोइनिस खेल रहे थे. टीम का आगाज अच्छा नहीं रहा. सिर्फ 26 रन पर उसके दोनों ओपनर डगआउट लौट गए. मगर उसके बाद तीसरे विकेट के लिए एक अर्धशतकीय साझेदारी हुई. साईतेजा और डैरिल मिचेल की वो साझेदारी टूटी तो क्रीज पर मार्कस स्टोइनिस अपना पहला एमएलसी मैच खेलने उतरे.

मार्कस स्टोइनिस ने उतरते ही सिएटल के गेंदबाजों पर धावा बोल दिया. उन्होंने 233.33 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की और सिर्फ 12 गेंदों में ही 28 रन ठोक दिए. मार्कस स्टोइनिस की पारी में 4 छक्के शामिल रहे, जो कि इनिंग के दौरान टेक्सास के दूसरे किसी बल्लेबाज के मुकाबले सबसे ज्यादा थे.

मार्कस स्टोइनिस के दिखाए इस अंदाज को नीचले क्रम में मिलिंद कुमार और शुभम रंजने ने अच्छा अंजाम दिया. मिलिंद 13 गेंदों पर 18 रन बनाकर नाबाद रहे. वहीं शुभम 8 गेंदों पर 15 रन बनाकर नॉट आउट रहे.

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की उस ताबड़तोड़ इनिंग का असर ये हुए कि टेक्सास सुपर किंग्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 153 रन बनाने में कामयाब रही. टेक्सास की ओर से मार्कस से ज्यादा 30 रन सिर्फ साईतेजा ने बनाए.

## एक और दिग्गज ने किया रुखसती का ऐलान, 7400 रन और 226 विकेट हैं नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 2025 को क्रिकेटर्स के रिटायरमेंट के लिए याद किया जाएगा। संन्यास लेने वालों में स्टीव स्मिथ, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों का नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में एक दिग्गज महिला क्रिकेटर का नाम जुड़ गया है। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने महिला वर्ल्ड कप के बाद वनडे से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने लगभग 7400 रन बनाए हैं और 226 विकेट लिए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### कनपटी पर तानी पिस्टल और लूट ली कार, दिल्ली में बेखौफ बदमाशों की हरकत देखिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम इलाके में रविवार की सुबह करीब 5 बजे एक हैरान करने वाली घटना ने सभी को चौंका दिया। कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया के पास शहीद जीत सिंह मार्ग पर तीन बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर एक टाटा हैरियर एसयूवी को हाईजैक कर लिया। पुलिस के मुताबिक, ड्राइवर सागर अपनी मालिक की स्ङ्कू में एक रेस्तरां के बाहर इंतजार कर रहा था। तभी तीन लोग गाड़ी के पिछले दरवाजे से अंदर घुसे। एक बदमाश ने पिस्तौल तानकर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया और सागर को पीछे की सीट पर धकेल दिया। बदमाशों ने न सिर्फ गाड़ी लूटी, बल्कि सागर के साथ मारपीट भी की। उन्होंने उसका मोबाइल फोन और नकदी छीन ली। करीब एक घंटे तक सागर को गाड़ी में बंधक बनाकर रखा गया, फिर उसे असोला रोड पर उतारकर बदमाश गाड़ी लेकर फरार हो गए। सागर ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। किशनगढ़ पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### घरेलू विवाद में किसी की नौकरी पर रोक लगाना उत्पीड़न, कैट ने एसएससी परीक्षा पास युवक को दी राहत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं पाने वाले युवक को बड़ी राहत दी है। कैट ने केन्द्र सरकार व एसएससी को निर्देश दिया है कि इस युवक की उम्मीदवारी को सफल अभ्यर्थी के तौर पर लिया जाए। तीन महीने में इसकी नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा किया जाए। कैट ने कहा कि पारिवारिक विवाद के कारण किसी अभ्यर्थी की नौकरी पर रोक लगाना उत्पीड़न के समान व्यवहार है। कैट के न्यायिक सदस्य हरविंदर कौर ओबरॉय एवं प्रशासनिक सदस्य सुमित जेरथ की बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि इस मामले की सुनवाई के दौरान पाया गया कि जतिन नामक युवक ने एसएससी की परीक्षा पास की थी। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी हो गया। इस बीच पाया गया कि उसके खिलाफ घरेलू विवाद के चलते एक मुकदमा दर्ज है। आपराधिक मुकदमे के चलते उसकी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया गया, जबकि वह तमाम मानकों पर खरा उतरा था। इसी साल एक मार्च को जतिन के खिलाफ दर्ज घरेलू विवाद के मुकदमे को अदालत ने खारिज कर दिया। इस मामले में उम्मीदवार जतिन कुमार ने अपने वकील अनुज अग्रवाल के माध्यम से कैट में नौकरी पर रखे जाने का आग्रह करते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया था कि उसने वर्ष 2023 में एसएससी की परीक्षा दी थी। 6 दिसंबर 2023 को इस परीक्षा का नतीजा आया। इस नतीजे में वह अच्छे रैंक से पास हुआ। तमाम मानकों को पूरा होने के बावजूद उसकी नियुक्ति को रद्द कर दिया गया। इसकी वजह यह थी कि उसके भाई व भाभी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसके चलते भाभी ने ससुराल के तमाम लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा करा दिया था। हालांकि, एक मार्च 2025 को सत्र अदालत ने जतिन पर लगे आरोपों को बेबुनियाद पाते हुए उसे बरी कर दिया। जतिन कुमार ने एसएससी परीक्षा के तमाम मानकों को सफलतापूर्वक पास करते हुए केन्द्रीय सचिवालय सेवा में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के पद पर नियुक्ति पाई थी। लेकिन पारिवारिक विवाद के सामने आने पर उसकी नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद रोक दिया गया था। कैट ने संबंधित विभागों को कहा है कि यह युवक पहले ही बहुत प्रताड़ना झेल चुका है। अब बगैर देरी करे उसकी नियुक्ति पर तीन महीने में प्रक्रिया पूरी करें।

# बटला हाउस में बुलडोजर एक्शन पर लगा दिल्ली हाई कोर्ट का ब्रेक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के बटला हाउस में छह संपत्तियों के ध्वस्तीकरण पर दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। यह खबर स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है, जो डीडीए के नोटिस के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे थे।

दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी ओखला क्षेत्र में बटला हाउस की छह संपत्तियों को डीडीए ने मई 2025 में ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया था। निवासियों का कहना है कि इनमें से कुछ संपत्तियां खसरा नंबर 279 के बाहर हैं, जबकि कुछ इस खसरा के भीतर। खास बात यह है कि ये संपत्तियां पीएम उदय योजना के तहत कवर होने का दावा करती हैं। निवासियों ने डीडीए के इस नोटिस को चुनौती दी, जिसमें संपत्तियों की स्पष्ट सीमांकन नहीं थी। सोमवार को जस्टिस तेजस करिया ने मामले की अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। यानी, जब तक अगली सुनवाई नहीं होती, कोई बुलडोजर बटला हाउस की इन संपत्तियों को नहीं छू सकता! कोर्ट ने डीडीए को नोटिस जारी कर चार हफ्तों में जवाब मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

हीना परवीन, जिन्नत कौसर, रुखसाना बेगम, निहाल फातिमा, सुफियान अहमद और साजिद फखर जैसे याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में अपनी बात रखी। उनके वकीलों सोनिका घोष, अनुराग सक्सेना और गुरमुख दास कोहली ने तर्क दिया कि डीडीए का नोटिस गलत है और खसरा नंबर 279 में सभी संपत्तियां अवैध नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे इन संपत्तियों में 1980-82 से रह रहे हैं और इन्हें बिल्डरों से खरीदा था। कुछ दस्तावेज उर्दू और फारसी में थे, जिनका



बाद में अनुवाद कराया गया।

डीडीए ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि निहाल फातिमा और अन्य के पास कोई स्वामित्व दस्तावेज नहीं हैं। डीडीए का दावा है कि कुछ दस्तावेज तो आदेश पारित होने के दौरान बनाए गए। इसके अलावा, डीडीए ने सुप्रीम कोर्ट में पहले ही सीमांकन रिपोर्ट जमा की थी, जिसके आधार पर 4 जून का आदेश पारित हुआ।

सुप्रीम कोर्ट ने 7 मई को कहा था कि प्रभावित लोग कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई कर सकते हैं। इसके बाद हाईकोर्ट ने 4 जून को इशरत जहां के मामले में डीडीए को तीन हफ्तों में कार्रवाई और सीमांकन रिपोर्ट के संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा था। पहले भी बटला हाउस के कुछ निवासियों को हाईकोर्ट से डीडीए के नोटिस के खिलाफ संरक्षण मिल चुका है।

खसरा नंबर 279 में कुल 34 बीघा जमीन है, जिसमें से केवल 2 बीघा और 10 बिस्वा पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस खसरा में सभी संपत्तियां अवैध नहीं हैं, और डीडीए का नोटिस स्पष्टता की कमी से जूझ रहा है। यह मामला अब 10 जुलाई को रोस्टर बेंच के सामने फिर से सुना जाएगा। तब तक बटला हाउस के निवासियों को राहत की सांस मिली है।

# धौला कुआं जाम से मिलेगा निजात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के परेड रोड से धौला कुआं की तरफ आने वाली सड़क पर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए एनएचएआई अहम कदम उठाने जा रहा है। इसके लिए धौला कुआं चौक पर मौजूद पुलिस चौकी तोड़कर एनएच-48 से नारायणा की तरफ मुड़ने वाले रास्ते को चौड़ा किया जाएगा।

एनएचएआई ने इस कार्य के लिए दिल्ली पुलिस के भूमि एवं भवन विभाग को पत्र लिखकर 1300 वर्ग मीटर जमीन मांगी है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस यह भूमि देने के तैयार हो गई है। बता दें कि एयरपोर्ट और परेड रोड से (एनएच-48) पर धौला कुआं आने वाले वाहनों को व्यस्त समय में जाम का सामना करना पड़ता है। धौला कुआं पुलिस चौकी के बाहर एक तरफ जहां एसपीएम मार्ग की चौड़ाई कम होने से जाम लगता है तो वहीं धौला कुआं चौकी से नारायणा की तरफ मुड़ने की जगह कम होने से वाहनों की लंबी कतार लगती है। इस मोड़ के बीच में मेट्रो का पिलर और चौकी के बाहर पुलिस द्वारा जब्त की गई गाड़ियों के खड़े होने से भी जाम की समस्या बढ़ती है। इस समस्या को लेकर बीते दिनों एनएचएआई और दिल्ली पुलिस के भूमि एवं भवन विभाग की बैठक हुई। इसके साथ ही



एनएचएआई ने उन्हें पत्र लिखकर चौकी से 1300 वर्ग मीटर जमीन उपलब्ध कराने की मांग की।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धौला कुआं चौकी पर दिल्ली पुलिस के पास कुल 3135 वर्ग मीटर भूमि है। इसमें से 1300 वर्ग मीटर भूमि देने पर चौकी का एक हिस्सा एवं उसके बाहर की पूरी भूमि एनएचएआई को देनी होगी। सूत्रों ने बताया कि यहां लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए दिल्ली पुलिस एनएचएआई को यह जमीन देने को तैयार हो गई है। इस जमीन के बदले में किसी प्रकार का आर्थिक भुगतान एनएचएआई की ओर से नहीं किया जाएगा। लेकिन एनएचएआई ने बची हुई भूमि पर पुलिस चौकी बनाने का प्रस्ताव दिल्ली पुलिस को दिया है। धौला कुआं पुलिस चौकी दिल्ली पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। इस रास्ते पर एयरपोर्ट पड़ता है। यहां से अक्सर वीआईपी, वीवीआईपी, विदेशी मेहमान एवं अन्य गणमान्य लोग इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं एयरफोर्स स्टेशन पालम जाने के लिए गुजरते हैं।

### कोविड काल में घाटा हुआ तो साइबर ठगी करने लगा स्कूल संचालक, निवेश के बहाने बनाता था शिकार

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस की साइबर थाना टीम ने राजस्थान के सीकर से एक स्कूल संचालक को गिरफ्तार किया है। स्कूल संचालक ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर महिला से 29 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। आरोपी 44 वर्षीय चोथमल सैनी को पुलिस कई साल से तलाश कर रही थी, उस पर जिले में पहले भी दो ठगी के मामले दर्ज हैं। चोथमल सैनी के पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। आरोपी ने बताया कि कोविड काल में वह घाटे में चला गया था, जिसके बाद वह साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने लगा। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को पीड़ित एस. श्रीवास्तव ने अपने साथ ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने उन्हें वॉट्सऐप के माध्यम से एक वेबसाइट की जानकारी दी।

# बारिश संग 50 की स्पीड में चलेंगी हवाएं, दिल्ली-एनसीआर में कूल-कूल रहेगा मौसम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार को बादल छाए रहे। इस दौरान एक-दो स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन हल्की से मध्यम बारिश और तेज धूल भरी आंधी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मंगलवार और बुधवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। बीच-बीच में तेज धूल भरी आंधी भी आ सकती है। मौसम विभाग ने दोनों दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में सोमवार सुबह से हल्के बादलों की मौजूदगी बनी रही। लोधी रोड, सफदरजंग में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन कहीं तेज बारिश नहीं हुई। बादल और नम हवाओं ने गर्मी से खासी राहत दी। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया तो जो सामान्य से 3.8 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

मौसम के तीन सिस्टमों (वजहों) के मेल ने दिल्ली से भीषण गर्मी और उमस को खत्म कर दिया। इस समय पंजाब के वायु मंडल के ऊपर दो जगहों पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवाती परिसंचरण) देखने



को मिल रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ का भी प्रभाव बना हुआ है। इसके प्रभाव से दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। दिल्ली के लोगों को खासतौर पर आठ से 14 जून तक भीषण गर्मियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान लगातार ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा और हवा में नमी की मात्रा भी खासी रही, जिसके चलते दिन भर लोग पसीना पोंछते रहे। जून को तो महसूस होने वाली गर्मी (फील लाइक टेंपरेचर) 54.4 डिग्री सेल्सियस जैसी थी, लेकिन अब दिल्ली के लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह भर तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर जाने की संभावना नहीं।

हल्के बादलों की आवजाही, बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश, आंधी, आकाशीय बिजली, घन गर्जन जैसी मौसमी गतिविधियां लगातार बनी रह सकती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस समय दक्षिण पंजाब और उसके आसपास के क्षेत्र में समुद्र की सतह से 0.9 किलोमीटर ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। जबकि, उत्तर-पूर्वी पंजाब व आसपास के क्षेत्र में समुद्र की सतह से 3.1 किलोमीटर ऊपर एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव है। इसके साथ ही, मध्य ट्रोपोस्फेरिक में पूर्वी हवा के तौर पर समुद्र की सतह से 5.8 किलोमीटर ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ के चलते बनी निम्न हवा का दबाव क्षेत्र बना हुआ है। जिसके चलते दिल्ली व आसपास के क्षेत्र में आंधी-पानी जैसी मौसमी परिघटनाओं के बने रहने की संभावना है।

# वायरस नहीं, फंगस खत्म कर देगा इंसानी जीवन! सच हो जाएगी भविष्यवाणी?

**लंदन, एजेंसी।**
फंगस की प्रवृतियों को लेकर वैज्ञानिक पहले ही चेतावनी जारी कर चुके हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक फंगस की कुछ प्रजातियां इंसानों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती हैं। कुछ जानकर यह भविष्यवाणी भी कर चुके हैं कि फंगस पूरी इंसानी सभ्यता को ही खत्म करने की क्षमता रखते हैं। ऐसे में इस खबर ने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी है। दरअसल अमेरिका में इन दिनों एक खतरनाक फंगस तेजी से फैल रहा है। सात राज्यों में संक्रमण के मामले सामने आए हैं और अधिकारी इससे निपटने की कोशिशों में जुटे हैं।

इस फंगस का नाम एस्परगिलस फ्यूमिगेटस है। फंगस पूरे अमेरिका में तेजी से फैल रहा है और विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम गर्म होने के साथ-साथ स्थिति और भी बदतर हो सकती है। यह फंगस हवा के जरिए फैलता है



और इससे बचना लगभग असंभव है। इसके कण इतने छोटे होते हैं कि यह सांस लेते ही इंसानी शरीर में घुस जाता है और उसके बाद यह इंसानी सेल को भी गला सकता है। संपर्क में आते ही यह एस्परगिलोसिस नामक फेफड़ों के संक्रमण का कारण बन सकता है। कमजोर इम्युनिटी सिस्टम वाले लोगों में यह ऑर्गन फेलियर और अंत में मौत का कारण भी बन सकता है। कैंसर, अस्थमा या एचआईवी से पीड़ित लोगों में इसका जोखिम अधिक होता है। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के एक वैज्ञानिक के मुताबिक यह फंगस अगले 50 सालों में बेहद घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों की जान जोखिम में है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह फंगस अमेरिका के कुछ हिस्सों में फैल रहा है। फ्लोरिडा, लुइसियाना, टेक्सास, जॉर्जिया और कैलिफोर्निया जैसे गर्म राज्यों में संक्रमण तेज है। डेली मेल के मुताबिक न्यूयॉर्क, ह्यूस्टन और लॉस एंजिल्स जैसे शहर भी अपनी बड़ी आबादी जोखिम में हैं। हालांकि डॉक्टरों के पास इससे संक्रमित होने वाले लोगों का सटीक डेटा उपलब्ध नहीं है। डॉक्टरों ने कमजोर इम्युनिटी सिस्टम वाले लोगों को मिट्टी और धूल से बचने की सलाह दी है। लोगों से धूल भरे इलाकों में मास्क पहनने और घरों को साफ रखने की अपील भी की जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तेजी से कार्रवाई करने और बेहतर दवाओं, त्वरित परीक्षणों और डॉक्टरों और नर्सों के लिए प्रशिक्षण बढ़ाने की मांग की है।

### जी 7 समिट के दौरान अमेरिका और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौता

**टोरंटो, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ब्रिटेन पर इम्पोर्ट टैरिफ कम करने वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर के साथ हुआ। इस समझौते में ब्रिटेन के ऑटोमोबाइल पर टैरिफ कम हुए हैं। ब्रिटिश कारों को अमेरिका में 10प्रतिशत टैरिफ के साथ 1 लाख कारों का कोटा मिलेगा, जो अन्य देशों के 25प्रतिशत टैरिफ से कम है।

इसके अलावा, ब्रिटेन के एयरोस्पेस पर टैरिफ पूरी तरह हटा दिया गया है। हालांकि, स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दे पर अभी सहमति नहीं बनी है। अमेरिका ब्रिटेन से स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर कोटा लगाएगा, लेकिन इसके लिए ब्रिटेन को अपनी आपूर्ति और उत्पादन सुरक्षा साबित करनी होगी।ट्रम्प ने इसे शानदार समझौता बताया, लेकिन गलती से इसे यूरोपीय संघ के साथ समझौता कह दिया, बाद में स्पष्ट किया कि यह ब्रिटेन के साथ है। स्टारमर ने इसे दोनों देशों के लिए मजबूत रिश्तों का प्रतीक बताया। ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने कहा कि यह समझौता जल्द लागू होगा और दोनों देश 13,000 टन बीफ के व्यापार पर सहमत हुए हैं, लेकिन अमेरिकी इम्पोर्ट को ब्रिटेन के सख्त खाद्य सुरक्षा मानकों को पूरा करना होगा। यह समझौता फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित होने के सात दिन बाद लागू होगा। दोनों देश दवाइयों जैसे अन्य उद्योगों पर भी बेहतर समझौते के लिए काम जारी रखेंगे।

# चीन के पास कितने परमाणु हथियार हैं, सामने आई संख्या; रिपोर्ट से खलबली

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन ने अपने तेजी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है।

जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं।

एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, बीजिंग ने 2023 से प्रत्येक वर्ष अपने परमाणु भंडार में 100 अतिरिक्त हथियार जोड़े हैं। उसके मुताबिक, वर्तमान में इसके पास कम से कम 600 हथियार हैं, और ऐसी आशंका है कि यह संख्या आने वाले दशक में बढ़ती रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, चीन के पास दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता परमाणु शस्त्रागार है जहां अधिकांश चीनी परमाणु आयुध को उनके लॉन्चर्स से अलग रखा गया है, वहीं माना जा रहा है कि चीन अब सीमित संख्या में मिसाइलों पर परमाणु हथियार तैनात करना शुरू कर रहा है – ठीक उसी तरह जैसे अमेरिका बड़े पैमाने पर करता है। एसआईपीआरआई के अनुमान के मुताबिक, 132 परमाणु आयुध उन लॉन्चर्स को सौंपे



गए हैं, जिन पर फिलहाल लोडिंग की प्रक्रिया जारी है।

पर्यवेक्षकों के अनुसार, चीन के बढ़ते परमाणु हथियार भंडार का भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि बीजिंग का करीबी सहयोगी पाकिस्तान भी अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम में तेजी ला रहा है।

एसआईपीआरआई की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने सोमवार को मीडिया वार्ता में कहा कि चीन को इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। गुओ ने दोहराया कि चीन ने सदैव आत्मरक्षा की परमाणु रणनीति का पालन किया है तथा किसी भी हथियारों की दौड़ में शामिल हुए बिना अपनी परमाणु क्षमताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक न्यूनतम स्तर पर बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि चीन किसी भी समय, किसी भी परिस्थिति में परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का सख्ती से पालन करता है तथा गैर-परमाणु राज्यों के खिलाफ परमाणु हथियारों का प्रयोग करने की धमकी नहीं देता है।

विश्लेषकों का कहना है कि चीन अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा है जिसका कारण विश्व स्तरीय सैन्य शक्ति बनना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी तक चीन ने अपने उत्तर में तीन बड़े रेगिस्तानी क्षेत्रों और पूर्व में तीन पहाड़ी क्षेत्रों में लगभग 350 नए आईसीबीएम (अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल) साइलो (मिसाइल रखने की जगह) का निर्माण पूरा कर लिया था या पूरा करने के करीब था। हालांकि, उस तिथि तक यह स्पष्ट नहीं था कि इनमें से किसी भी आईसीबीएम इकाई की अभी तैनाती की गई थी या नहीं।

# उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़े फरियादी, सुनी समस्याएं

## जन समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दिए दिशा - निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से काफी संख्या में फरियादी अपनी व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं को उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने जनहित से जुड़े सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही कई आवश्यक निर्देश जारी किए और संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। जनता दरबार में कई लोगों ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अवैध रूप से जमीन कब्जा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दूसरों की भूमि पर जबरन कब्जा करता है या विवाद उत्पन्न करता है, तो उसके विरुद्ध झारखंड अपराध



नियंत्रण अधिनियम 20202 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवादों के मामलों में तत्परता से जांच करें और दोषियों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**चापाकलों की मरम्मत हेतु टास्क फोर्स का करें गठन**

जनता दरबार में ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर खराब पड़े चापाकलों की शिकायतें प्राप्त हुई। इस पर उपायुक्त ने कहा कि पीने के पानी की सुविधा प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में चापाकलों की मरम्मत कार्य हेतु एक विशेष टास्क फोर्स गठित की जाए, जिसमें पीएचईडी विभाग के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों को भी शामिल किया जाए। यह टास्क फोर्स क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूची तैयार कराने एवं उसके मरम्मति के कार्य की निगरानी का काम करेगी।

**असहाय व दिव्यांगों को पेंशन से जोड़ने की करें पहल**

जनता दरबार में यह बाते सामने आई कि कई असहाय एवं दिव्यांग नागरिक अभी भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से वंचित हैं। उपायुक्त ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका अपने पोषण क्षेत्र अंतर्गत ऐसे लाभुकों की पहचान करें, जो अभी तक योजनाओं से जुड़ नहीं पाए हैं। ऐसे चिन्हित लोगों की सूची तैयार कर प्रखंड- सह अंचल कार्यालय को समर्पित करें, ताकि उन्हें विधवा, दिव्यांग या सर्वजन पेंशन योजनाओं से जोड़कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जा सके।

**45 से ज्यादा मामलों पर की सुनवाई, दिया निर्देश**

आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर उपायुक्त ने क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 45 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए एक सप्ताह में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, डीपीएलआर, राजस्व, चास अंचल, जिला ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# बोकारो एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी उड़ान सेवा : उपायुक्त



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारोवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। जल्द ही बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा शुरू हो सकती है। राज्य सरकार ने इसे लेकर पूरी प्रतिबद्धता दिखाई है। रांची में हुई हाई-लेवल मीटिंग के बाद बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने इस दिशा में तेजी से कदम उठाए हैं। बोकारो डीसी अजय नाथ झा ने आज बोकारो एयरपोर्ट पहुंचकर स्टील अथॉरिटी, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, डीएफओ और फायर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक का मकसद उड़ान सेवा में हो रही देरी की समीक्षा और समाधान था। उपायुक्त ने मीडिया को बताया, राज्य सरकार बोकारो से उड़ान सेवा शुरू करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी अड़चनें हैं, उन्हें तुरंत दूर किया जाए। डीसी ने यह भी उम्मीद जताई कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन, जब ललपनिया के लुगूबुरु घंटा बड़ी धोरमगढ़ में विशाल आदिवासी धर्म सम्मेलन होता है, उससे पहले उड़ान सेवा प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई तकनीकी या प्रशासनिक परेशानी है, तो उसे दूर करने का जिम्मा प्रशासन का है। इसके लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है। बोकारो से हवाई सेवा की शुरूआत सिर्फ एक ट्रांसपोर्ट सुविधा नहीं, बल्कि विकास की नई उड़ान होगी। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह वादा कब हकीकत में बदलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू खनन के विरुद्ध सघन जांच अभियान, दो ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा के निदेशानुसार मंगलवार को बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत हरला थाना क्षेत्र के बेलडीहझ्धनगड़ी मोड़ पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को रंगे हाथ पकड़ा गया। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए हरला थाना को सुपुर्द किया गया तथा इस संबंध में संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल उपस्थित रहे।

### मतदाता निबंधन को पारदर्शी और सटीक बनाने को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम कार्यालय, चास के सभागार में आज से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसका नेतृत्व निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, चास द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम अंतर्गत मतदान केंद्रों से संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा तैयार करने और जियो - फेंसिंग से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। यह प्रशिक्षण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को अधिक सटीक, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण के



प्रथम दिन शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी, एवं कंप्यूटर ऑपरेटर सचिन कुमार पाठक ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। यह प्रशिक्षण आगामी दो दिनों तक चलेगा, जिसमें विभिन्न तकनीकी व प्रायोगिक पहलुओं पर गहन मार्ग दर्शन प्रदान किया जाएगा।

### कर्ण समाज ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समागम बोकारो एवं कर्ण गोष्ठी महिला समूह द्वारा विगत दिनों दिवंगत हुए कर्ण गोष्ठी परिवार के सदस्य स्व श्याम



नारायण दास, स्व मालती वर्मा, स्व अरुण कुमार दास के प्रति श्रद्धांजलि एवं 2 मिनट का मौन रखा गया। सारा कर्ण समागम परिवार इस दुःख की घडी में उन लोगों के साथ है! साथ में अहमदाबाद में हुए भीषण विमान दुर्घटना में मारे गए सभी लोगों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। इस सभा में अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, उपाध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास, महासचिव मिहिर चंद कंठ, उप महासचिव अमरनाथ लाल दास, कोषाध्यक्ष परिणव कुमार, अनूप रंजन, रमणजी,कन्हैया लाल दास, सुभद्र दास, संजय कर्ण,रंजन कर्ण, सतीश दास, विकास वर्मा, सिद्धेश नारायण दास, अशोक कर्ण ,धर्मेन्द्र कंठ, अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा रानी कर्ण, श्रीमती रूपम रंजन, श्रीमती बिंदु लाल दास, श्रीमती कामेश्वरी दास, श्रीमती सुप्रिया कंठ उपस्थित थे। अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण ने दिवंगत हुए सभी सदस्यों के प्रति जानकारी मुहैया कराई एवं दिवंगत एवं उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कहा कि कर्ण समागम परिवार एवं महिला समुह परिवार हर संभव मदद के लिए हर पल तैयार है और रहेगा।

# जिला गंगा समिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, बीएसएल के नगर प्रशासन सेवा के महा प्रबंधक अविनाश कुमार, सहायक नगर आयुक्त जय पाल मुंडा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, प्रदूषण बोर्ड के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में गरगा नदी की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, अवैध बालू खनन की रोकथाम, योग दिवस के आयोजन, पौधारोपण अभियान, घाट सौंदर्यीकरण तथा ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई अहम निर्णय लिया गया।

गरगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने पर हुई चर्चा

बैठक में गरगा नदी में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी निजी एवं सार्वजनिक इकाइयाँ 15 जुलाई 2025 तक नदी में कारखाने का दूषित जल का प्रवाह पूर्णतः शून्य करें। उन्होंने चास नगर निगम क्षेत्र के 16 प्रमुख नालों में 31 जुलाई 2025 तक सिल्ट चैंबर का निर्माण अनिवार्य रूप से कराने को नगर प्रशासन को कहा। प्रत्येक आवासीय सोसाइटी को अपने परिसर में सिल्ट चैंबर बनाना होगा। अनुपालन नहीं होने की स्थिति में 31 जुलाई के बाद संबंधित संस्थाओं व व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चास नगर निगम,बीएसएल प्रबंधन एवं फुसरो नगर परिषद को सालीड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्लूएम) एवं सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) योजना को शीघ्रतापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया गया है ताकि क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके।

**अवैध बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं**



उपायुक्त ने एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन को प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी को अधिकृत सैंड स्टोरेज स्थलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने एवं बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**पूरे वर्ष लोग करें योग,100 से अधिक स्थानों को करें चिन्हित**

इस वर्ष 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, बोकारो में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। सभी विभागों को समन्वय कर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इसके अतिरिक्त पूरे वर्ष योग कक्षा संचालन को लेकर जरूरी दिशा- निर्देश दिया। उन्होंने जिला आयुष पदाधिकारी को जिले के 100 से अधिक स्थानों पर योग एवं ध्यान सत्र आयोजित करने को कहा।

**07 से 15 जुलाई तक मनाया जाएगा पौधारोपण सप्ताह**

बोकारो जिले में आगामी 07 से 15 जुलाई 2025 तक 'पौधारोपण सप्ताह' मनाया जाएगा। इस दौरान लगभग 18.25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें वन विभागः 11 लाख पौधे, जिला प्रशासनः 1.25 लाख पौधे एवं बीएसएल प्रबंधनः 6 लाख पौधे लगाएगा। उपायुक्त ने जनसामान्य को भी अपने आवासीय परिसरों में पौधे लगाने के लिए अपील किया। इच्छुक लोग वाट्स एप नंबर 7063166616 पर संपर्क कर पौधे की माँग कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा उन्हें निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके सुचारू संचालन हेतु एक टास्क फोर्स कमेटी गठन की भी बात कहीं।

**ईको टूरिज्म और तेलमच्चों घाट सौंदर्यीकरण का करें पहल**

उपायुक्त ने पेटरवार क्षेत्र में ईको टूरिज्म और 'वर्क फ्रॉम फॉरेस्ट' जैसी परियोजना को बढ़ावा देने हेतु वन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं, जिले की प्रमुख दामोदर नदी की सहायक नदियों के किनारे स्थित वनभूमि को भी चिन्हित कर प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। उन्होंने बैठक में दामोदर नदी तल स्थित तेलमच्चो घाट का सौंदर्यीकरण, शव दाह स्थल का विकास, पक्की सड़क निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु मुखिया की अध्यक्षता में समिति गठन करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने कहा कि जल स्रोतों की स्वच्छता, पर्यावरण की सुरक्षा और जन सहभागिता से विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

# खाद्य सामग्री के साथ तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें : जिला परामर्शी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी श्री सुदामा दास के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6 ए, 6 बी के तहत विशेष जांच अभियान किया गया। इस अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद/ सिगरेट/ खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। उक्त अधिनियम की धारा-7 की उपधारा-2 का उल्लंघन कोटपा-2003 की धारा 20 के अन्तर्गत दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की बिक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा



के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3 एवं नया मोड़ अंतर्गत कुल 84 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 19 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुए पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2800 रुपए की वसूली की गई।

**तम्बाकू उत्पाद के प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने नहीं लगायें-**

जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा-2003 की धारा-7 की उपधारा (2) के अनुसरण के तहत झारखण्ड राज्य में विनिर्दिष्ट चेतावनी (कैंसर वाला चित्र) के बिना किसी 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सभी दुकानदारों से अनुरोध किया है कि खाद्य सामग्री के साथ तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करे और न ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने नहीं लगायें क्योकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एसआई के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स विद्यालय में अभिविन्यास कार्यक्रम सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित संत जेवियर विद्यालय में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करना था ताकि वे भी निरंतर विद्यालय व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए नया प्रयास करें। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में कार्यरत धर्म बहनों द्वारा भक्तिमय प्रार्थना सभा द्वारा किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे ने सभी का स्वागत किया और स्कूल के दर्शन और लक्ष्यों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने शिक्षण विधियों पर गतिशील सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें। एस डब्ल्यू ओ टी का विश्लेषण किया गया। यह एक उपकरण है जिसका उपयोग किसी व्यवसाय या परियोजना की ताकत, कमजोरियों, अवसरों और खतरों का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। यह शैक्षणिक संस्थान में मजबूत रणनीति विकसित करने में मदद करता है। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के संबंध में संत पोप फ्रांसिस के विश्लेषण कभी उल्लेख किया। इस अभिविन्यास कार्यक्रम ने आने वाले समय के लिए एक आशाजनक स्वर स्थापित किया है, जिसमें हमारे छात्रों के लिए सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों के बीच निरंतर सुधार और सहयोग पर जोर दिया गया है।

# माध्यमिक शिक्षकों की समय पर प्रोन्नति सुनिश्चित करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति (माध्यमिक) की बैठक हुई। जिसमें माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों से संबंधित लंबित मामलों के निपटारे एवं समय पर प्रोन्नति सुनिश्चित करने को लेकर विचार - विमर्श किया।

**वरीय वेतनमान पर 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को मिलेगा प्रवरण वेतनमान**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वे स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, जिन्होंने वरियताक्रम में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। समिति ने इस पर सर्वसम्मति से सहमति जताई



तथा आज ही वरीयता सूची जारी करने का उपायुक्त ने निर्देश दिया।

**समय पर प्रोन्नति सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी पात्र शिक्षकों को एमएसीपी अथवा अन्य प्रोन्नति लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रदान किए जाएं। स्पष्ट किया कि कोई भी मामला लंबित न रहे, इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए।

**प्रत्येक 45 दिनों में अनिवार्य रूप से होगी बैठक**

समिति ने निर्णय लिया कि शिक्षक संवर्ग से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान हेतु हर 45 दिनों में एक बार समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी।

**पारस्परिक स्थानांतरण के मामले को समिति ने दी स्वीकृति**

उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय महुआटांग, गोमिया में कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक मो. ताहिर हुसैन द्वारा पारस्परिक स्थानांतरण हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन पर जिला शिक्षा स्थापना समिति (माध्यमिक) में विचार किया गया। आवेदन को संतोषजनक मानते हुए पारस्परिक स्थानांतरण हेतु सहमति प्रदान की। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# सी आर एम-III विभाग के पीएलटीसीएम के लिए मिशन 90,000 टन प्रति माह विषय पर पीआईडब्लू कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 17 जून को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केन्द्र में सी आर एम-III विभाग के पी एल टी सी एम लाइन के लिए मिशन 90,000 टन प्रति माह रोलिंग के विषय पर पी आई डब्लू (परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप) कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में सी आर एम-III, सीआरएम-I&II, एचआरसीएफ,हॉट स्ट्रिप मिल, आई - ए, ईटीएल तथा आरसीएल विभाग के कुल 39 प्रतिभागी शामिल थे. कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) के साथ मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार झा, महाप्रबंधक-प्रभारी बीएन त्रिपाठी, महाप्रबंधक बीके मोहंती, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की प्रभारी महाप्रबंधक






(मानव संसाधन) मीनम मिश्रा तथा महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) एसके भगत उपस्थित थे. कार्यक्रम के आरम्भ में श्रीमती मीनम मिश्रा ने मुख्य अतिथियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तत्पश्चात जे एन यादव, प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने कार्यशाला के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी. शरद गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) ने इस कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभगियो से अधिकतम ज्ञान हासिल करने तथा सी आर एम-III विभाग के पी एल टी सी एम लाइन से 90,000 टन प्रति माह रोलिंग करने की अपील की. मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार झा, महाप्रबंधक-प्रभारी बी एन त्रिपाठी, महाप्रबंधक बीके मोहंती ने अपने सम्बोधन में इस कार्यशाला को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा कर- के सी आर एम-III विभाग के पी एल टी सी एम लाइन से 90,000 टन प्रति माह रोलिंग का अनुरोध किया. कार्यशाला में संकाय के रूप में सी आर एम-III विभाग के वरीय प्रबंधक एवत्स तथा डी मजूमदार ने एक्शन प्लान के साथ सभी प्रतिभागियों से सीआरएम-III विभाग के पी एल टी सी एम लाइन से 90,000 टन प्रति माह रोलिंग करने में आने वाली बाधाओं तथा उसके निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की. कार्यशाला के आयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कनीय प्रबंधक श्री एस के डी भौमिक, वरीय ओपरेटिव (मा.स.वि.), श्री राकेश कुमार, इंस्ट्रक्टर श्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन बाउरी का सराहनीय योगदान रहा.

# गंदगी व दुर्गंध चास नगर निगम क्षेत्र की पहचान बनी

## निगम के प्रति लोगों में आक्रोश, आंदोलन की तैयारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम में बजबजाती नालियां, सड़कों पर बहते गंदा पानी, जगह जगह काचरो का ढेर, दुर्गंध और टूटी सड़कें वार्डों की पहचान बन गई हैं। वार्ड 15 स्थित मछली पट्टी, रजवाड़ कुली, बड़कुली एवं स्वर्णकार मोहल्ला एक उदाहरण है। यहां नालियों से बाहर गंदा पानी निर्बाध बह रहा है। दुर्गंध ऐसी कि यहां से गुजरना मुश्किल है। स्थानीय महिला ने बताया, गंदा पानी घर के अंदर तक घुस जाता है। दुर्गंध घर के अंदर रहना मुश्किल है। एक अन्य महिला ने बताया, बार बार शिकायत करने पर सफाई कर्मी नालियों से थोड़ा बहुत कचरा निकाल कर चले जाते हैं। कचरा भी नालियों के किनारे हैं छोड़ देते हैं। उठाव नहीं होने के कारण फिर



से कचरा नाली में ही चला जाता है। उन्होंने बताया, निगम किसी की नहीं सुनता है। एक पूर्व पार्षद ने कहा, चास निगम क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। यहां तक कि पाइप लाइन बिछाने के बाद भी जलापूर्ति नहीं हो रही है। निगम के पदाधिकारी दावा कर रहे थे की बरसात से पहले नालियों की सफाई हो जाएगी। बरसात आ चुका लेकिन कही कोई सफाई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा, निगम के खिलाफ जोरदार आंदोलन की योजना बनाई जा रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK